ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 10 जून 2024
वर्ष 4, अंक 113, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



# मोदी ने रचा इतिहास

## तीसरी बार ली प्रधानमंत्री पद की शपथ, शाह राजनाथ, गडकरी, जेपी नड्डा भी बने मंत्री

## लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने के पंडित नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी की

### मोदी की नई कैबिनेट

1. राजनाथ सिंह
2. अमित शाह
3. नितिन गडकरी
4. जेपी नड्डा
5. शिवराज सिंह चौहान
6. निर्मलासीतारमण
7. सुब्रह्मण्यम जयशंकर
8. मनोहर लाल खट्टर
9. एचडी कुमारस्वामी
10. पीयूष गोयल
11. धर्मेंद्र प्रधान
12. जीतन राम मांझी
13. राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह)
14. सर्बानंद सोनोवाल
15. डॉ वीरेंद्र कुमार
16. राममोहन नायडू
17. प्रह्लाद जोशी
18. जुएल ओरांव
19. गिरिराज सिंह
20. अश्वनी वैष्णव
21. ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया
22. भूपेंद्र यादव
23. गजेन्द्र सिंह शेखावत
24. अन्नपूर्णा देवी
25. किरेन रिजिजू
26. हरदीप सिंह पुरी
27. डॉ मनसुख मंडाविया
28. जी किशन रेड्डी
29. चिराग पासवान
30. सीआर पाटिल

### 3.0

### विनम्र रहें और ईमानदारी व पारदर्शिता से समझौता न करें

**मंत्रियों को मोदी का मंत्र**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को शपथ लेने वाले केंद्रीय मंत्रिपरिषद के सभी सदस्यों को नसीहत दी कि उन्हें विनम्र रहना चाहिए, क्योंकि आम लोग यही पसंद करते हैं। साथ ही उन्हें ईमानदारी एवं पारदर्शिता से कभी कोई समझौता न करने की भी सलाह दी। शपथग्रहण के पूर्व नामित मंत्रियों से मुलाकात के दौरान मोदी ने कहा कि लोगों की उनसे काफी अपेक्षाएं हैं और सभी को इसे पूरा करना होगा। निवर्तमान मंत्रिपरिषद के कई वरिष्ठ नेताओं और मंत्री पद की शपथ लेने वाले नए नेताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि आपको जो भी काम सौंपा जाएगा, उसे ईमानदारी से करें और विनम्र रहें क्योंकि लोग उनसे प्यार करते हैं जो विनम्र होते हैं। मोदी ने यह भी कहा कि वे सभी सांसदों को सम्मान और गरिमा दें चाहे वे किसी भी पार्टी के हों, क्योंकि उनमें से सभी को लोगों ने चुना है। उन्होंने कहा कि मनोनीत मंत्रियों को हमेशा विनम्र होना चाहिए और सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों का सम्मान भी करना चाहिए। उन्होंने चाय पर नेताओं के साथ चर्चा में कहा ...आप ईमानदारी और पारदर्शिता से समझौता नहीं कर सकते।

नई दिल्ली, एजेंसी

**● 30 कैबिनेट, पांच स्वतंत्र प्रभार 36 राज्यमंत्रियों ने भी शपथ ली**

18वीं लोकसभा के चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने लगातार तीसरी बार रविवार को भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें यहां राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही मोदी ने लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने के देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। मोदी के साथ 30 कैबिनेट, पांच स्वतंत्र प्रभार मंत्रियों के साथ 36 राज्यमंत्रियों ने भी शपथ ली।

ईश्वर के नाम पर शपथ लेने वाले 73 वर्षीय मोदी के साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण और एस जयशंकर ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली, जो यह दर्शाता है कि प्रधानमंत्री निरंतरता और अनुभव पर जोर दे रहे हैं, क्योंकि शपथ लेने वाले ज्यादातर नेता उनके दूसरे कार्यकाल में भी महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा पांच साल बाद कैबिनेट में लौटे हैं, जबकि मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर मोदी कैबिनेट में नए चेहरे हैं। भाजपा नेता पीयूष गोयल, ज्योतिरादित्य सिंधिया, धर्मेंद्र प्रधान और भूपेंद्र यादव ने भी कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।

ये सभी पहले राज्यसभा में थे, लेकिन अब लोकसभा के लिए चुने गए हैं। असम के पूर्व मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल, अश्विनी वैष्णव, वीरेंद्र कुमार, प्रह्लाद जोशी, गिरिराज सिंह और जुएल उरांव ने भी मंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सभी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

मोदी 2014 में लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद पहली बार देश के प्रधानमंत्री बने थे। इसके बाद 17वीं लोकसभा के चुनाव में भारी बहुमत से जीत के बाद वह लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री बने। पंडित नेहरू 1947 में देश के आजाद होने के बाद से सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। उनकी मृत्यु 27 मई 1964 को हुई थी और वह उस समय भी देश के प्रधानमंत्री थे। साल 1952 में हुए पहले आम चुनाव में जीत के बाद वह पहली बार प्रधानमंत्री निर्वाचित हुए थे। इसके बाद 1957 और 1962 के आम चुनावों में भी कांग्रेस ने जीत दर्ज की और नेहरू फिर देश के प्रधानमंत्री बने। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत हासिल नहीं कर पाई है। उसे 240 सीटें मिली हैं। हालांकि, भाजपा नेतृत्व वाले राजग ने 293 सीटों के साथ बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया। इसके बाद राजग की बैठक में मोदी को पिछले दिनों भाजपा और राजग संसदीय दल का नेता चुना गया था। नेता चुने जाने के बाद मोदी ने राष्ट्रपति भवन जाकर द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की थी और सरकार बनाने का दावा पेश किया था। शपथ लेने वालों में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के अलावा जनता दल (सेक्युलर) के एच डी कुमारस्वामी, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान, जद (यू) के राजीव रंजन सिंह और रामनाथ ठाकुर, तेदेपा के रामामोहन रेड्डी, हम (सेक्युलर) के प्रमुख जीतन राम मांझी, अपना दल (एस) की अनुप्रिया पटेल सहित राजग के घटक दलों के कई प्रमुख नेता भी शामिल हैं।

शपथ ग्रहण समारोह में देश और विदेश के कई शीर्ष नेता भी शामिल हुए। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे भी इस मौके पर मौजूद थे, हालांकि कई विपक्षी नेता समारोह में शामिल नहीं हुए। इस मौके पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, तेदेपा अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू और जद(यू) प्रमुख नीतीश कुमार भी मौजूद थे। बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान, रजनीकांत, उद्योगपति मुकेश अंबानी और गौतम अडानी शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत करने वालों में शामिल थे।

### शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए पड़ोसी देशों के सात नेता

**नई दिल्ली।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल ''प्रचंड'' और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे सहित भारत के पड़ोस और हिंद महासागर क्षेत्र के शीर्ष नेता रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी मंत्रिपरिषद के शपथग्रहण समारोह में शामिल हुए। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ, उनके भूटानी समकक्ष शेरिंग टोबगे और सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ भी राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में शामिल हुए। हसीना और अफीफ जहां शनिवार को दिल्ली पहुंचे, वहीं मुइज्जू, प्रचंड, विक्रमसिंघे, जगन्नाथ और टोबगे रविवार को पहुंचे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सात देशों के नेताओं को भारत की 'पड़ोस प्रथम' नीति और 'सागर' दृष्टिकोण को दी गई सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुरूप आमंत्रित किया गया।



### दिल्ली के लोहिया अस्पताल में भर्ती पूर्व राज्यपाल कोश्यारी से मिले सीएम धामी

**देहरादून।** पूर्व सीएम व पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी स्वास्थ्य खराब होने की वजह से दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अस्पताल पहुंचकर उनका हाल जाना। पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व राज्यपाल कोश्यारी को बीते दिनों तबीयत बिगड़ने पर दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को अस्पताल पहुंचकर कोश्यारी से भेंट की। उनकी कुशलक्षेम पूछी और जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

### आंचल डेयरी का दूध एक रुपये लीटर महंगा

**हल्द्वानी।** आंचल डेयरी ने दूध के दाम एक रुपये प्रति लीटर बढ़ा दिए हैं। यह दरें सोमवार से लागू होंगी। आंचल स्टैंडर्ड का एक लीटर 55 की बजाय अब 56 रुपये, आंचल स्टैंडर्ड 500 मिली. का पैकेट 28 की जगह 29 रुपये और आंचल पहाड़ी गाय का दूध 500 मिली. 27 की जगह 28 में मिलेगा। नैनीताल दुग्ध संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा ने बताया कि 1 अप्रैल 2024 से ग्रामीण दुग्ध उत्पादकों की खरीद दरों में वृद्धि की गई, इसलिए दूध के दामों में बढ़ोत्तरी की गई है।

### जम्मू में तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकी हमला, 10 की मौत

किशोर कुमार, जम्मू

**अमृत विचार :** जम्मू क्षेत्र के रियासी जिले में रविवार को आतंकवादी हमले के बाद एक बस के खाई में गिर जाने से कम से कम 10 तीर्थयात्री मारे गए और 33 गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में ज्यादातर लोग उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों ने चांदी मोड़ के पास बस को निशाना बनाया, जिसके बाद वाहन के चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया और बस खाई में गिर गई। अब तक दस लोगों की मौत हो चुकी है और कई अन्य घायल हैं। अधिकारियों के अनुसार मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

हमला उस समय हुआ जब तीर्थयात्री शिव खोड़ी मंदिर से दर्शन करके वापस आ रहे थे। बस पर पोनी इलाके के तेरयाथ गांव में घात लगाकर हमला किया गया। हमलावरों ने स्वचालित हथियारों से गोलियां चलाईं। इसके बाद चालक बस से नियंत्रण खो बैठा। बचाव अभियान शुरू किया गया और पुलिस, सेना व अर्धसैनिक बलों के जवान घटनास्थल पर पहुंचे। मौके से कारतूसों के खोखे भी मिले हैं।



आतंकवादी हमले में घायल तीर्थयात्री। ● अमृत विचार

- **रियासी जिले में घात लगाकर आतंकियों ने किया हमला**
- **हमले के बाद बस खाई में गिरी, तैंतीस लोग घायल**

रियासी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहित शर्मा के अनुसार जम्मू-कश्मीर में तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही बस पर आतंकवादियों ने गोलीबारी की है। हमले में दस लोगों की मौत की सूचना है। करीब 33 लोग घायल हैं।



घटनास्थल से बरामद कारतूस।

### जेईई-एडवांस्ड के नतीजे घोषित, वेद लाहोटी बने टॉपर

**नई दिल्ली।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई)-एडवांस्ड के नतीजे रविवार सुबह घोषित कर दिए गए जिसमें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली जोन के वेद लाहोटी ने 360 में से 355 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। इस बार परीक्षा आयोजित करने वाले आईआईटी मद्रास के अनुसार आईआईटी बंबई जोन की द्विजा धर्मेश कुमार पटेल को 360 में 322 अंक मिले और वह छात्राओं में शीर्ष स्थान पर रहीं वहीं देशभर में वह सातवें स्थान पर रहीं। शीर्ष 10 स्थान हासिल करने वाले अभ्यर्थियों में से चार आईआईटी मद्रास से हैं।

परीक्षा में दूसरे स्थान पर आदित्य और तीसरे स्थान पर भोगलपल्ली संदेश रहे। रिदम केडिया, पुट्टी कुशल कुमार, राजदीप मिश्रा, कोदुरी तेजेश्वर, ध्रुवी हेमंत दोशी और अल्लादाबोना एसएसडीबी सिधविक सुहास ने इसी क्रम में अगली रैंक हासिल की है। आईआईटी मद्रास जोन से सबसे अधिक अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इसके बाद आईआईटी दिल्ली जोन और आईआईटी बॉम्बे जोन हैं। शीर्ष 500 सफल अभ्यर्थियों में से 145 आईआईटी मद्रास जोन के हैं, इसके बाद 136 आईआईटी बॉम्बे जोन से और 122 आईआईटी दिल्ली जोन के हैं।

### जीत की हैट्रिक का अजय टम्टा को मिला इनाम

संवाददाता, अल्मोड़ा

**● केंद्रीय मंत्रिमंडल में राज्यमंत्री का दायित्व मिलने से लोगों में उत्साह**

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा सीट से सांसद अजय टम्टा को जीत की हैट्रिक बनाने का इनाम मिल गया है। उन्हें मोदी मंत्रिमंडल में राज्यमंत्री का दायित्व सौंपा गया है।

टम्टा के राज्यमंत्री बनने पर अल्मोड़ा लोकसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। तीसरी बार सांसद बने अजय टम्टा मोदी के पहले कार्यकाल में कपड़ा राज्यमंत्री रह चुके हैं। उन्होंने जिला पंचायत से राजनैतिक सफर की शुरूआत की। पहले अल्मोड़ा जिला पंचायत में उपाध्यक्ष और फिर अध्यक्ष चुने गए। वह दो बार विधायक और प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे। 2009 में अल्मोड़ा से भाजपा उम्मीदवार के रूप में लोस चुनाव हार गए। लेकिन 2014 और 2019 में इस सीट पर कब्जा जमाया। इस बार भी वह रिकार्ड मतों से जीते।

### चारधाम यात्रा में अब तक 100 श्रद्धालुओं की मौत

ब्यूरो, देहरादून

**● केदारनाथ धाम में सबसे अधिक 49 श्रद्धालुओं ने तोड़ा दम**

**अमृत विचार :** चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। प्रतिदिन करीब 60 हजार श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं। वहीं, मौतों का आंकड़ा भी नहीं थम रहा है। अब तक 100 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। केदारनाथ धाम में सर्वाधिक 49 लोगों की मौत हुई है।

चारधाम यात्रा 10 मई से शुरू हुई थी, तब से 19,10,919 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। केदारनाथ धाम में 7,48,348, बदरीनाथ धाम में 4,72,065 श्रद्धालु, यमुनोत्री धाम में 3,46,545 और गंगोत्री धाम में 3,39,892 श्रद्धालुओं ने दर्शन कर लिए हैं। लेकिन मौतों के आंकड़े ने शासन- प्रशासन की चुनौतियों को बढ़ा दिया है। हालांकि चारधाम यात्रा में जो मौतें हुई हैं वे सभी हृदय गति रुकने से हुई हैं। एक माह के भीतर 100 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है।

# श्री नरेंद्र मोदी जी के लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने पर हार्दिक बधाई


























## आज का मौसम

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

39.1⁰ अधिकतम तापमान | 23.3⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.12 | सूर्यास्त 07.11

## एक नजर

### दोस्त से मांगी बाइक चोरी

**हल्द्वानी :** एक युवक अपने दोस्त से मिलने दोस्त की बाइक लेकर गया। जिसे चोर लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी है। बसंतपुर गौलापार निवासी गोपेश सिंह ने पुलिस को बताया कि वह 24 मई को अपने परिचित लक्की आर्या की बाइक लेकर हल्द्वानी के आनंदपुरी फेज तीन निवासी अपने दोस्त हरीश नेगी से मिलने गया था। उसने बाइक दोस्त के घर के बाहर खड़ी कर दी। रात करीब साढ़े 11 बजे जब वापस लौटने के लिए घर से बाहर निकला तो बाइक गायब थी। आनन-फानन में इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने जांच शुरू की और सीसीटीवी फुटेज चेक किए तो एक शातिर बाइक ले जाता दिखाई दिया। कोतवाल उमेश मलिक ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध दिखाई दिया है, जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### पुलिस ने दस वाहनों का चालान काटा

**गरमपानी :** अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे पर बढ़ती दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने को खैरना चौकी पुलिस ने वाहन चालकों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने ओवरलोड, तेज रफ्तार, अधूरे कागजात, बगैर हेलमेट, मानक से अधिक यात्री ढोने समेत नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस के एकाएक चले अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। टीम ने दस छोटे-बड़े वाहनों के चालान कर पांच हजार रुपये जुर्माना वसूला, जबकि शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर कार्रवाई कर पांच लोगों पर कार्रवाई कर 1250 रुपये जुर्माना लगाया। चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र ने वाहन चालकों से यातायात नियमों के पालन करने का आह्वान किया। चेतावनी दी कि यदि नियमों का उल्लंघन किया गया तो कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस दौरान राजेंद्र सती, प्रयाग जोशी, जगदीश धामी आदि मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में पिछड़ गया उत्तराखंड, पर्वतीय राज्य में महत्वपूर्ण योजना का सही क्रियान्वयन नहीं

# एक साल में सिर्फ तीन गांव ही सड़कों से जुड़ सके

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत उत्तराखंड राज्य में गांवों तक सड़कें बनाने का काम काफी पिछड़ गया है। बीते वित्तीय वर्ष में राज्य में मात्र तीन नए गांवों को ही सड़कों से जोड़ा गया है। यह पिछले चार सालों में सबसे कम प्रगति रिपोर्ट है।

पीएमजीएसवाई भारत सरकार की एक राष्ट्रव्यापी योजना है, जो असंयोजित गांवों को सड़क से जोड़ती है। उत्तराखंड में मैदानी इलाकों में 500 से अधिक और पर्वतीय क्षेत्रों में 250 से अधिक आबादी वाले गांवों के लिए योजना का लाभ दिया जाता है। वित्तीय वर्ष 2019-20 में उत्तराखंड में करीब 154 गांवों को पीएमजीएसवाई के अंतर्गत सड़कों से जोड़ा गया था। इसके बाद से योजना की रफ्तार धीमी पड़ गई। साल 2020-21 में 144 गांवों को ही सड़कों से जोड़ा गया। हालांकि साल 2021-22 में कोविड काल होने के बावजूद 150 गांवों को सड़क से जोड़ा गया। इसके बाद योजना के तहत सड़क बनाने का काम काफी धीमा कर दिया गया। ग्राम्य विकास विभाग उत्तराखंड के आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में 28 और 2023-24 में केवल तीन गांवों को ही सड़क से जोड़ा गया। वित्तीय वर्ष 2017 के बाद से राज्य में पीएमजीएसवाई के तहत 3940 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया गया है। जिनमें 95 प्रतिशत से ज्यादा काम वित्तीय वर्ष 2022 से पहले ही हुआ है।



**500** से अधिक सड़कें उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में बनीं

**250** से अधिक सड़कें पर्वतीय क्षेत्रों में बनाई गईं

**केवल 2.95 करोड़ रुपये हुए खर्च**

पीएमजीएसवाई योजना के तहत राज्य में व्यय की जाने वाली धनराशि भी कम हुई है। साल 2019-20 में 10.80 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। साल 2021-22 में खर्च बढ़कर 14.39 करोड़ रुपये हो गया, जो बीते वित्तीय वर्ष में केवल 2.95 करोड़ रुपये की रह गया है।

# हल्द्वानी में 39 व मुक्तेश्वर में तापमान 29 डिग्री के पार

संवाददाता, हल्द्वानी

**गर्मी का सितम**
- फिर बढ़ा पारा, सामान्य से 5 डिग्री ज्यादा है पहाड़ों में तापमान
- मौसम विभाग के अनुसार अभी बारिश के कोई आसार नहीं

**अमृत विचार :** पारे में उछाल जारी है। रविवार को पिछले पांच दिनों में सबसे ज्यादा तापमान दर्ज किया गया। पहाड़ से लेकर मैदान तक गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार बारिश का कोई अनुमान नहीं है और पारे में बढ़ोत्तरी रहेगी।

रविवार को सुबह से ही मौसम साफ रहा और तेज धूप निकली। दोपहर के समय धूप और भी तेज हो गई। जिससे गर्मी में भी बढ़ोत्तरी हो गई। रविवार को अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 5 जून के बाद रविवार को सबसे ज्यादा तापमान रहा। मौसम विभाग के अनुसार पारा एक बार फिर 40 डिग्री के पार जाएगा। इधर, पहाड़ी इलाकों में भी तापमान में उछाल जारी है। मुक्तेश्वर में तापमान बढ़ रहा है। रविवार को अधिकतम तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 5.1 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। यहां न्यूनतम तापमान 15.5 डिग्री रहा। पहाड़ों में दोपहर में तेज धूप पड़ रही है।

# भवन गिराने के दौरान छत ढहने से ठेकेदार की मौत

### ठेकेदारों से दमुवाढूंगा की जमरानी कॉलोनी में लिया था सरकारी आवास गिराने का ठेका, जेसीबी से निकाला शव

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दमुवाढूंगा में जमरानी कॉलोनी के सरकारी आवास गिराने में जुटे एक ठेकेदार की अचानक लिंटर टूट जाने से नीचे दबकर मौत हो गई। जेसीबी और साथियों की मदद से उसे दीवार और छत के बीच से बाहर निकालकर डॉ. सुशीला तिवारी चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

दानीबंगर किशनपुर गौलापार निवासी विक्रम सिंह बिष्ट उर्फ वकील (24 वर्ष) पुत्र डूंगर सिंह बिष्ट एमबीपीजी में एमए तृतीय वर्ष का छात्र था। वह यहां पिता डूंगर, मां भगवती देवी और छोटे भाई हर्षित के साथ रहता था। परिवार की माली हालत खराब थी, इसके लिए वह काम भी करता था। इन दिनों वह दमुवाढूंगा स्थित जमरानी कॉलोनी के जर्जर सरकारी आवास गिराने का काम कर रहा था। बताया जाता है कि मुख्य ठेकेदारों ने उसे ठेका दिया था। रविवार सुबह करीब 7 बजे विक्रम रिश्ते के भाई वीरेंद्र व हरीश के साथ जमरानी कॉलोनी गया था। तीनों ने मजदूरों के साथ काम भी किया। वह देख रहे थे कि मकान की ईंटें सही सलामत निकल आएं। साथियों की मानें तो दोपहर खाना खाने के लिए सभी कॉलोनी से बाहर आ गए, लेकिन विक्रम अंदर ही रह गया। तभी अचानक कॉलोनी की दो मंजिला छत ढह गई और विक्रम दीवार और छत के बीच में दब गया। छत गिरने की आवाज सुनकर वीरेंद्र और हरीश के साथ अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि मकान की टूटी छत विक्रम की पीठ पर और पेट दीवार पर टिका था। लोगों ने उसे निकालने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं बनी। बाद में जेसीबी को बुलाया गया और लहूलुहान विक्रम को बाहर निकाला गया। साथी उसे डॉ.सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



जमरानी कॉलोनी में इस मकान का चल रहा था ध्वस्तीकरण। विक्रम सिंह (इनसेट में) ● अमृत विचार

**दरोगा बनना चाहता था विक्रम**

विक्रम का भाई हर्षित आईटीआई से इलेक्ट्रीशियन की पढ़ाई कर रहा है। विक्रम का भी रविवार को तीसरा दिन था, जब वह ठेकेदारी के लिए गया था। वह पढ़ाई के साथ आने वाले छात्रसंघ चुनाव की तैयारी करने में भी जुटा था। साथियों का कहना है कि विक्रम दरोगा बनना चाहता था। उसने एसआई भर्ती का फॉर्म भरा था। जल्द ही भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता की परीक्षा होनी थी और वह रोज सुबह उठ कर दौड़ लगाता था।

**मौके पर नहीं पहुंची पुलिस, पौन घंटे बाद आई एंबुलेंस**

आरोप है कि हादसे के तुरंत बाद लोगों ने सबसे पहले पुलिस और फिर एंबुलेंस को सूचना दी, लेकिन न तो मौके पर पुलिस पहुंची और न ही एंबुलेंस। पौन घंटे गुजर चुके थे, जब विक्रम को लेकर दोस्त अस्पताल के लिए लेकर निकले तो रास्ते में घटना स्थल की ओर एंबुलेंस जाती दिखाई दी। दोस्तों का कहना कि अगर एंबुलेंस सही समय पर पहुंच जाती या ठेकेदार मदद कर देते तो शायद विक्रम की जान बच जाती।

**खून से खराब हो जाती कार, निर्मम बने ठेकेदार**

ये हादसा दोपहर करीब साढ़े 12 बजे हुआ। उस वक्त विक्रम के साथ वह ठेकेदार भी वहां अपनी लग्जरी कारों से मौजूद थे, जिन्हें वास्तविक ठेका दिया गया था। जेसीबी और लोगों की मदद से लहूलुहान विक्रम को निकाला गया, लेकिन एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची थी। लोग ठेकेदारों से उनकी लग्जरी कार की मांग करने लगे, लेकिन ठेकेदार यह सोच कर निर्मम बने रहे कि कार खून से खराब हो जाएगी।

**परिवार में एकमात्र कमाने वाला था विक्रम**

हादसे की खबर सुनकर विक्रम के माता-पिता भी अस्पताल पहुंच गए। जैसे ही चिकित्सकों ने मौत की पुष्टि की तो वह फूट-फूट कर रोने लगे। विक्रम के पिता डूंगर सिंह बिष्ट का आधा शरीर ठीक से काम नहीं करता है। परिवार में कमाने वाला सिर्फ विक्रम था और छोटी जोत की वजह से परिवार का खर्च नहीं चलता था। यही वजह थी कि विक्रम पढ़ाई के साथ काम करके परिवार की मदद करता था।

**लोगों का हंगामा, विक्रम को बाइक पर ले गए दोस्त**

ठेकेदारों के कार न देने पर स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा काटा। इस बीच लगभग पौन घंटे गुजर चुके थे और विक्रम की हालत बिगड़ती जा रही थी। जिसके बाद दोस्तों ने विक्रम को मोटर साइकिल पर बिठाया और अस्पताल लेकर निकले। तभी एक ठेकेदार मदद को आगे आया। उसने अपनी कार से विक्रम को डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# कैंटर की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** रुद्रपुर से लौट कर घर जा रहे स्कूटी सवार भाइयों को तेज रफ्तार कैंटर ने अपनी चपेट में ले लिया। जिसमें एक बुरी तरह घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया। हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने हाथ खड़े कर दिए। उसे उपचार के लिए दिल्ली ले जाया जा रहा था तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बसंत विहार छोटी मुखानी निवासी हरीश चंद्र जोशी (45 वर्ष) अपने भाई भावेश के साथ बीती 6 जून को रुद्रपुर गए थे। उन्होंने स्कूटी डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय के बाहर खड़ी थी। रात करीब 10 बजे रुद्रपुर से लौटने के बाद वह स्कूटी से घर जा रहे थे। पुलिस को दी तहरीर में हरीश की बहन मृणालिनी त्रिपाठी ने लिखा कि कैंसर अस्पताल चौराहे के पास एक कैंटर ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हरीश गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने घायल को तुरंत पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां से उन्हें एसटीएच रेफर कर दिया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने दिल्ली एम्स रेफर कर दिया और दिल्ली ले जाते समय 7 जून की सुबह उनकी मौत हो गई।

# रामगढ़, मोरी और रायपुर में बनेंगे नए महाविद्यालय

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उच्च शिक्षा निदेशालय ने तीन नए महाविद्यालयों का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा है। प्रस्ताव को स्वीकृति मिलते ही महाविद्यालयों का निर्माण शुरू हो जायेगा।

निदेशालय की ओर से भेजे गये प्रस्ताव के तहत नैनीताल जिले के रामगढ़, उत्तरकाशी के मोरी और देहरादून के रायपुर में महाविद्यालय का निर्माण होगा। तीनों महाविद्यालयों के निर्माण में करीब 5 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आयेगी। उच्च शिक्षा उपनिदेशक डॉ. आरएस भाकुनी ने बताया कि नए महाविद्यालयों के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया गया है। शीघ्र ही शासन से प्रस्ताव स्वीकृत होने की उम्मीद है। जिसके बाद महाविद्यालयों का निर्माण शुरू कर दिया जायेगा। डॉ. भाकुनी ने बताया कि नए महाविद्यालयों में प्रशासनिक भवन, कक्षाओं के लिए कमरे, प्राचार्य कार्यालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं होंगी। ओखलकांडा के पतलोट में डिग्री कॉलेज का निर्माण चल रहा है। शीघ्र ही कार्य पूरा हो जाएगा। मुक्तेश्वर के दोषापानी में कॉलेज तैयार हो गया है। इधर, उच्च शिक्षा विभाग की ओर से प्रदेश के 38 महाविद्यालयों में बाउंड्री वॉल (दीवार) बनाने का प्रस्ताव बनाया जा रहा है। जिसमें राजकीय महाविद्यालय कोटाबाग, बेतालघाट, लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्दूचौड़, राजकीय महाविद्यालय गरुड़, द्वाराहाट, रामसिंह धौनी राजकीय महाविद्यालय जैंती, राजकीय महाविद्यालय चौखुटिया, ब्रह्मखाल, नई टिहरी आदि शामिल हैं। उपनिदेशक डॉ. भाकुनी ने बताया कि प्रस्ताव शीघ्र ही शासन को भेजा जायेगा।

# विषैला पदार्थ खाने से महिला और युवक की मौत

**हल्द्वानी :** अलग-अलग मामलों में एक महिला व युवक ने जहर खाकर जान दे दी। पुलिस के मुताबिक दुर्गा जोशी (52 वर्ष) पत्नी स्व. महेश चंद्र चाफी मुक्तेश्वर में रहती थी। शुक्रवार को उन्होंने संदिग्ध हालात में विषैला पदार्थ गटक लिया। उन्हें इलाज के डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। यहां उपचार के दौरान शनिवार देर रात उनकी मौत हो गई।

इधर, वसुंधरा कॉलोनी रामनगर निवासी ओम प्रकाश (40 वर्ष) पुत्र गजेंद्र राम ने शुक्रवार को विषैला पदार्थ गटक लिया। इससे उसकी हालत खराब हो गई। परिजन उसे इलाज के लिए रामनगर अस्पताल ले गए। यहां से उसे हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। यहां इलाज के दौरान शनिवार रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

# कैंची धाम में फोटोग्राफी पर रोक

संवाददाता, नैनीताल

**निर्णय**
- 15 जून को हर्षोल्लास से मनाया जायेगा स्थापना दिवस
- व्यवस्था के लिए मजिस्ट्रेट और अधिकारी नोडल नामित

**अमृत विचार :** 15 जून को कैंची धाम का स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया जायेगा। जिला प्रशासन ने कैंची महोत्सव में कानून व शान्ति व्यवस्था के लिए मजिस्ट्रेट और संबंधित विभागों के अधिकारियों को नोडल नामित किया है। डीएम वंदना सिंह ने बताया कि कैंची मंदिर परिसर के आसपास वाहनों का हॉर्न बजाना, प्लास्टिक का प्रयोग, धूम्रपान, सोशल मीडिया के लिए रील्स, फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी, कैंची धाम से भवाली के मध्य फड़ खोखा संचालन, मार्ग किनारे विभिन्न संगठनों, व्यक्तियों द्वारा निशुल्क खाद्य एवं पेय पदार्थों के वितरण पर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।

उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल को मंदिर परिसर और पुल के आसपास नदी में विशेष सतर्कता, नदी में कूड़ा-करकट व स्नान पर रोक लगाने के लिए कार्मिकों की तैनाती करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्र.) नैनीताल को कैंची महोत्सव में प्रशासन स्तर से समस्त व्यवस्थाएं पूरी करने की जिम्मेदारी दी है। मुख्य चिकित्साधिकारी नैनीताल को मंदिर परिसर में एक एम्बुलेंस मय जीवनरक्षक उपकरण के साथ तैनात करने के निर्देश दिए हैं। हल्द्वानी नगर मजिस्ट्रेट को अत्यधिक संख्या में श्रद्धालुओं व पर्यटकों के आवागमन को देखते हुए रानीबाग बाईपास तक व्यवस्थायें दुरुस्त रखने की जिम्मेदारी दी है। उप जिला मजिस्ट्रेट कोश्याकुटौली भवाली से कैंची धाम के मध्य स्थायी-अस्थायी पार्किंग व्यवस्थायें तथा पानी, अस्थायी टॉयलेट, विद्युत की व्यवस्था सुचारु करने को कहा है। उप जिला मजिस्ट्रेट हल्द्वानी को विभिन्न स्थानों से शटल सेवायें सुचारू संचालित हों, के लिए प्रशासन और परिवहन विभाग तथा आवश्यकता के अनुसार यात्रियों के मध्य समन्वय स्थापित करते हुए शटल सेवाओं को व्यवस्थित करने के निर्देश दिये हैं। इसके अलावा सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) हल्द्वानी को शटल सेवाओं का सुचारू संचालन रखने को कहा है। अधिशासी अभियन्ता एनएच हल्द्वानी से कैंची धाम के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग को गड्ढामुक्त करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद भवाली को मंदिर परिसर में 100 सफाई कार्मिकों की तैनाती करने के निर्देश दिए हैं।



# स्कॉर्पियो सवारों ने की हवाई फायरिंग, पुलिस ने नकारा

संवाददाता, रामनगर

**दुस्साहस**
- तेज रफ्तार कार ने टेंपो चालक को मारी टक्कर

> सूचना मिली थी, लेकिन जांच में फायरिंग जैसी कोई बात सामने नहीं आई है। कार ने टेम्पो को टक्कर मारकर एक को घायल किया है। कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। – **अरुण कुमार सैनी**, प्रभारी निरीक्षक रामनगर कोतवाली

**अमृत विचार :** पीरूमदारा क्षेत्र में काले रंग की स्कॉर्पियो में सवार कुछ लोगों द्वारा हवाई फायर किया जाना चर्चा का विषय बना है। लोग दबी जुबान से इसे खनन से जुड़े लोगों का आपसी विवाद बता रहे हैं। बाद में पीरूमदारा चौराहे पर तेज रफ्तार काली स्कॉर्पियो ने एक टेंपू चालक को घायल कर दिया। घटना के बाद कार रामनगर की ओर निकल गई। अलबत्ता पुलिस ने फायरिंग वाली बात को सिरे से नकार दिया है।

कार की टक्कर से टेंपो चालक की टांग और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई है। कार चालक लहूलुहान टेंपो चालक को छोड़कर भाग गए। इससे पूर्व इसी कार से गुरुद्वारे के सामने आयोजित छबील में शरबत पी रहे लोग भी बाल-बाल बचे। कार बहुत तेजी से रेलवे अंडरपास को क्रॉस कर पश्चिम दिशा से राजकीय मार्ग की तरफ आ रही थी।

चर्चा है कि कार सवार लोगों ने एक गांव में किसी व्यक्ति पर फायरिंग की। घटना आपसी विवाद से जुड़ी हुई लगती है। उधर, पीरूमदारा चौकी इंचार्ज राजेश जोशी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। कार द्वारा टेम्पू चालक को घायल किए जाने की सूचना मिली है।

**बदहाली** | चार चिकित्सक आते हैं अस्पताल की ओपीडी में, पंचकर्म व योगा जैसी कोई सुविधा नहीं है उपलब्ध

# नाम का आयुष अस्पताल, सुविधाएं पीएचसी से भी बदतर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर के मध्य स्थित 50 बेड का आयुष अस्पताल सफेद हाथी साबित हो रहा है। लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए इस अस्पताल में छोटे आयुष केंद्रों के बराबर ही सुविधाएं हैं। पंचकर्म और योगा जैसी कोई भी सुविधा अस्पताल में नहीं है।

आयुष अस्पताल को पांच मंजिल बनाया गया। इसमें आयुष से जुड़ी आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी, योगा आदि विधाओं को शामिल किया गया। अस्पताल के अंदर 50 बेड भी रखे गए। जिससे गंभीर मरीजों को भर्ती करके उनका उपचार किया जा सके। अस्पताल का उद्घाटन हुए करीब दो साल हो गए हैं, उसके बाद भी अस्पताल में सुविधाओं के नाम पर कुछ खास नहीं है। अस्पताल में चिकित्सकों की नियुक्ति नहीं की गई। बाहर से अटैच कर चिकित्सकों को बुलाया जाता है।

चार चिकित्सक ओपीडी में मरीजों को देखते हैं। प्रतिदिन 200 से 250 मरीज अस्पताल में रोजाना आते हैं। मगर मरीजों को भर्ती करने की सुविधा नहीं है। जिन वार्डों में बेड रखे गए हैं, उनमें ताला लगा है। यह कुमाऊं का पहला आयुष अस्पताल है, जिसमें छोटे आयुष केंद्र के बराबर ही सुविधा मिल पा रही है।

अस्पताल के चिकित्साधिकारी डॉ. प्रदीप मेहरा ने बताया कि उपलब्ध संसाधनों और तैनात स्टाफ से मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने की कोशिश की जाती है।




**मधुमेह और हृदय रोग की दवाएं नहीं**

आयुर्वेदिक अस्पताल में मधुमेह और हृदय रोग की दवाएं तक नहीं है। मरीजों को बाहर से दवा खरीदनी पड़ती है। आयुर्वेद की दवाएं महंगी आती हैं, इसलिए हर मरीज बाहर से दवा खरीदने में सक्षम नहीं होता है। आयुर्वेद की कुछ दवाओं में स्वर्ण और चांदी का इस्तेमाल होता है। यह दवाएं काफी महंगी आती हैं। अस्पताल में विगत दो साल में सरकार की ओर से 80 लाख रुपये की दवाएं भेजी गईं हैं, जबकि जरूरत इससे चार से पांच गुना कीमत की दवाएं भेजनी की है।

**अस्पताल को पीपीपी मोड में देने की तैयारी**

आयुष अस्पताल को चलाने में सरकार असफल दिख रही है। इसलिए इसे पीपीपी मोड में देने की तैयारी चल रही है। अस्पताल में अब तक किसी भी चिकित्सक की स्थाई नियुक्ति नहीं की गई है। करोड़ों की लागत से बने अस्पताल को अब ठेकेदार के हवाले करने की योजना बनाई जा रही है।

# एसबीआई शाखा से जाली नोट आरबीआई पहुंचने से हड़कंप

संवाददाता, रामनगर

**मुकदमा दर्ज**
- रिजर्व बैंक ने कराया अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार :** मार्च माह में भारतीय स्टेट बैंक की रामनगर शाखा से जाली नोट भारतीय रिजर्व बैंक पहुंचने से हड़कम्प मच गया। आरबीआई कानपुर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

एसएसआई प्रथम मो. युनूस ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक कानपुर की ओर से आये पत्र में मुकदमा दर्ज कराने की तहरीर मिली है। उन्होंने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि रामनगर स्थित एसबीआई की शाखा से मार्च 2024 में जो करेंसी आरबीआई कानपुर भेजी गई, उसमें कुछ जाली नोट शामिल हैं। कानूनन जाली नोट का मुद्रण एवं परिचालन दंडनीय अपराध है। आरबीआई ने मुकदमा दर्ज कर पुलिस से इसकी प्राप्ति भेजने को कहा है। एसएसआई मो. युनूस ने बताया कि मामले में धारा 489बी और सी में मुकदमा दर्ज किया गया है। कहा कि अभी जाली नोटों का लिफाफा खोला नहीं गया है। ऐसे में कितने नोट हैं कहा नहीं जा सकता।

# कार की टक्कर से साइकिल सवार महिला घायल

**हल्दूचौड़:** रविवार की सुबह 11 बजे हल्द्वानी की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने मोटाहल्दू चौराहे में साइकिल सवार महिला को टक्कर मार दी।

गंभीर रूप से घायल महिला को लोगों ने 108 एम्बुलेंस से हल्द्वानी चिकित्सालय पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। लोगों ने घायल महिला की पहचान विमला कांडपाल पत्नी मोहन चंद्र कांडपाल के रूप में की है। प्रत्यक्षदर्शियों ने मामले की सूचना हल्दूचौड़ चौकी पुलिस को दे दी है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से ओवरलोड और तेज गति से चल रहे वाहनों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

# कूड़े के ढेर स्वच्छता अभियान को दिखा रहे आईना

## इंदिरा नगर वार्ड-30 में 10 दिन से जगह जगह लगे हैं कूड़े के ढेर, शिकायत पर भी निगम कर्मियों ने नहीं उठाया

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गर्मियों का प्रकोप चल रहा है और बीमारियां फैलने की आशंकाएं बढ़ रही हैं लेकिन इंदिरा नगर में कई दिनों से जगह-जगह पड़े कूड़े के ढेर नगर निगम के स्वच्छता अभियान को आईना दिखा रहे हैं।

इंदिरा नगर, वार्ड 30 में 8-10 दिन से जगह जगह कूड़े के ढेर पड़े हैं लेकिन नगर निगम कार्यालय में शिकायत करने के बाद भी इसे उठाया नहीं जा रहा है, जिससे क्षेत्र के लोगों का सांस लेना तक दूभर हो गया है। छोटी रोड में नाले के पास तीन दिन से कूड़ा जमा है, जिसकी बदबू से लोग परेशान हैं लेकिन इसके बावजूद कूड़ा नहीं उठाया जा रहा है। नगर निगम के कर्मचारियों ने नालियों की सफाई करके कूड़ा सड़क पर छोड़ दिया है।

लोगों ने बताया कि नगर निगम के कर्मचारियों से उसी समय कूड़ा उठाने को कहा गया लेकिन उन्होंने कूड़ा गीला होने का बहाना बना दिया और कूड़ा नहीं उठाया। कूड़ा नहीं उठने से मच्छरों के पनपने व बीमारियों के फैलने का भी खतरा है। इसी तरह रेलवे फाटक के पास भी चौराहे, दुकानों व घरों के सामने कूड़े के ढेर लगे हैं। नालियों की सफाई नहीं होने से भी गंदा पानी सड़कों और लोगों के घरों में घुस जाता है। लोग स्वयं से बंद नालियों को खोलने की कोशिश करने में लगे हैं। इन नालियों की नियमित सफाई होनी चाहिए लेकिन इनकी सालभर में सिर्फ एक बार सफाई की जाती है, जिससे यहां अक्सर नालियां चोक रहती हैं। निवर्तमान पार्षद जाकिर हुसैन ने बताया कि कूड़ा उठाने को लेकर नगर निगम में कई बार शिकायत की जा चुकी है लेकिन कर्मचारियों द्वारा कूड़ा नहीं उठाया जा रहा है।



इंद्रा नगर छोटी रोड में नाले से कचरा निकालकर घरों व दुकानों के आगे सड़क पर छोड़ा।



रोड में नाले होने से घरों में घुसा गंदा पानी।

### लोगों के घरों में घुसा नाले का गंदा पानी

**हल्द्वानी :** इंदिरा नगर में रेलवे क्रॉसिंग स्थित बरसाती नाले की अब तक सफाई नहीं होने से यह रविवार को ओवर फ्लो हो गया, जिससे इसका गंदा पानी लोगों के घरों व दुकानों में घुस गया। इससे लोग दिनभर परेशान रहे। स्थानीय लोगों ने बताया कि सप्ताह भर से नगर निगम के अधिकारियों को उक्त नाले की शीघ्र सफाई कराने को कहा गया लेकिन नाले की अब तक सफाई नहीं हो पाई। बताया कि विधायक सुमित हृदयेश ने भी कुछ दिन पहले नगर निगम के आयुक्त को पत्र लिखकर इस नाले की सफाई करने की मांग की थी, जिसके बाद कर्मचारियों ने नाले के ऊपर बह रहा कूड़ा निकाला लेकिन पूरे नाले की सफाई नहीं की, जिसके कारण ही नाले का गंदा पानी लोगों के घरों में घुस गया। निवर्तमान पार्षद फईम सलमानी का कहना है कि नाले की सफाई नहीं होने से गंभीर बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है। नगर निगम ने शीघ्र नाले की सफाई नहीं कराई तो आम जनता आंदोलन करने को मजबूर होगी।

### बोले स्थानीय लोग



छोटी रोड में नाले के पास पड़े कूड़े को तीन दिन से नहीं उठाया गया है, जिसकी बदबू से लोगों का जीना तक दूभर हो गया है। -प्रलय विश्वास



गांधी नगर की ओर से बहकर आने वाले इस नाले में लोग कट्टे-बोरे में कूड़ा भरकर डाल रहे हैं, जिससे नाली आए दिन चोक हो जाती है। -मो. आसिफ



शिकायत करने के बाद भी नगर निगम के कर्मचारियों के नहीं आने पर खुद से सफाई कर रहे हैं। 8-10 दिन से कूड़ा नहीं उठाया गया है। -सलीम



इंदिरा नगर के नालियों की सफाई साल में सिर्फ एक बार होती है, जबकि इनकी नियमित सफाई होनी चाहिए। लोगों को असुविधा होती है। -मो. शोएब

# वरिष्ठ नेताओं से बनाएंगे सामंजस्य

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में शिकस्त के बाद कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने लालकुआं विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हुए अगले पांच वर्षों तक सक्रिय रूप से लोकसभा क्षेत्र में रहकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से सामंजस्य बनाकर पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

एनडी तिवारी बारात घर में समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए प्रकाश जोशी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान उन्हें कार्यकर्ताओं का अत्यधिक प्यार मिला, परंतु समय कम मिलने एवं जनता तक पार्टी की नीतियों से अवगत न कर पाने के चलते उन्हें उचित सम्मान नहीं मिल पाया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं का का आह्वान किया कि वे स्थानीय निकाय चुनाव में लालकुआं विधानसभा क्षेत्र से एकमात्र नगर पंचायत लालकुआं सीट को जीतने के लिए एकजुट हों। जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा कि देशभर में लोकसभा चुनावों पार्टी के प्रदर्शन को देखते हुए कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। बैठक में नीरज तिवारी, हरेंद्र बोरा, राजेंद्र सिंह खनवाल, भुवन पांडे, रामबाबू मिश्रा, रवि शंकर तिवारी, कुंदन सिंह मेहता, हेमवती नंदन दुर्गापाल, पुष्कर दानू, अनीस अहमद, अख्तर खान, माया देवी, पूजा देवी मौजूद रहे।



समीक्षा बैठक को संबोधित करते कांग्रेस के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी प्रकाश जोशी।

### लोकसभा सदस्य बनने के बाद दिल्ली लौटूंगा

प्रकाश जोशी ने कहा कि अब लोकसभा सदस्य बनने के बाद ही दिल्ली लौटूंगा। उन्हें दिल्ली से पार्टी मुख्यालय आने का निमंत्रण आया था, परंतु उन्होंने यह कह कर मना कर दिया कि अब 2029 में विजयी होने के बाद ही मैं दिल्ली लौटूंगा। उन्होंने नैनीताल-ऊधमसिंह नगर सीट पर संगठन को मजबूत करने का निर्णय लिया।

# चीन में रामनगर के नंदन को मिला चौथा स्थान

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** चीन में 10 जून तक चल रही पेंटाथलन लेजर रन वर्ल्ड चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में रामनगर के नंदन नेगी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता में 52 देशों के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। रामनगर निवासी नन्दन सिंह नेगी मास्टर बी में भारत से खेल रहे हैं।



नंदन नेगी।

मास्टर बी यानी 50 से 60 वर्ष आयु वर्ग में चौथा स्थान प्राप्त करने में नंदन ने सफलता प्राप्त की है। नेगी ने बताया कि पहले राउंड में वह दूसरे स्थान पर बढ़त बनाए हुए थे। पहली बारी में शूटिंग में उन्होंने अच्छा समय बचाया, लेकिन दूसरी और तीसरी बार की शूटिंग में ज्यादा समय लगा। जिससे वह मेडल से चूक गए। वह अपनी इस उम्र में इस उपलब्धि से बहुत खुश हैं।

वह कहते हैं सभी को अपना अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए। जिन्दगी को स्वस्थ्य रहते अच्छे से जीना चाहिए। नन्दन सिंह नेगी की इस उपलब्धि पर टीम कोच वैभव छापेकर, मॉर्डन पेंटाथलन के राष्ट्रीय सचिव विल्ठल, उतराखंड एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज भल्ला, सचिव दयाल जी, गोपाल बिष्ट ने प्रसन्नता जताते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

# रक्षित सुयाल भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बने

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार :** ग्राम गंगापुर कबड़वाल निवासी व सेंचुरी पेपर मिल में कार्यरत विश्वनाथ सुयाल व अध्यापिका हेमलता (हिम्पी) सुयाल के पुत्र रक्षित सुयाल के भारतीय सेना में कमीशन प्राप्त लेफ्टिनेंट बनने से क्षेत्रवासियों ने खुशी की लहर है।

आईएमए देहरादून में हुए पासिंग आउट परेड में रक्षित सुयाल ने अंतिम पगपार करते हुए भारतीय सेना में अपनी नई पारी का आगाज सैन्य अधिकारी के रूप में नियुक्त होकर किया। उन्होंने 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने स्वाध्याय के बल पर ही इस मुकाम को हासिल कर क्षेत्र का मान राष्ट्रीय फलक पर स्थापित किया है। ग्रामीणों ने बधाई देते हुए कहा कि रक्षित की यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं को भारतीय सेना के उच्च पदों में जाने के लिए सदैव प्रेरित करेगी।



अपने माता-पिता के साथ सेना की वर्दी में रक्षित सुयाल। ● अमृत विचार

# भूमि विवाद रोकने गई पुलिस टीम के साथ आरोपियों ने की मारपीट

संवाददाता, रामनगर

**दुस्साहस**

- महिला एसआई की शिकायत पर सभी के खिलाफ मुकदमा
- पुलिस ने किया आरोपियों को गिरफ्तार

**अमृत विचार :** खेत की भूमि जोतने को लेकर हो रहे विवाद के निपटारे के लिए मौके पर पहुंची पुलिस टीम पर ही आरोपियों ने हमला कर दिया। पुलिस ने अपने साथ मारपीट का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करवाया है।

महिला एसआई राजकुमारी के कहा कि वह सागर सैनी की डायल 112 की सूचना पर कोतवाली कर्मियों के थाने से रवाना होने के बाद पीरुमदारा चौकी से नन्दन सिंह नेगी, संजय दोसाद, राजेश कुमार, युगल मिश्रा, कविन्द्र सिंह आदि को लेकर मौके पर पहुंची तो एक व्यक्ति ट्रेक्टर से खेत जोत रहा था। जिसने अपना नाम ओमप्रकाश पुत्र स्व. रमपाल सिंह निवासी नई बस्ती लालढांग नं. 18 पीरूमदारा बताते हुए कहा कि वह अपना खेत जोत रहा है। लेकिन विपक्षी लोग उसे उसका खेत नहीं जोतने दे रहे हैं। पहले भी उक्त लोग उसे इसी प्रकार परेशान करते रहे हैं। जिसके बाद मौके पर 112 को सूचना देने वाले सागर पुत्र विजयपाल सिंह, उसकी पत्नी चम्पा, उसके पुत्र प्रकाश तथा लक्ष्मी पत्नी दिनेश सभी निवासी नई बस्ती लालढांग नं. 18 पीरुमदारा को वार्ता के लिए बुलाया गया तो सागर, प्रकाश, लक्ष्मी, चम्पा पुलिसकर्मियों के साथ गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगे। पुलिस ने इन्हें समझाने का काफी प्रयास किया, परन्तु वह मारपीट करते रहे। मारपीट में उनके हाथ व चेहरे पर चोट लगने के साथ ही नाक का सौने का लोंग भी खो गया है। इसके अलावा महिला कांस्टेबल भारती व कमला गोस्वामी भी चोटिल हो गईं। बल प्रयोग कर सागर, लक्ष्मी, चम्पा, विजय को हिरासत में ले लिया गया। जबकि प्रकाश पुत्र विजयपाल सिंह मौके से भाग गया। महिला एसआई की शिकायत के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**जागो ग्राहक जागो...** उपभोक्ताओं को नहीं देना पड़ता कोई प्रीमियम, उपभोक्ताओं को कुछ नियमों का सख्ती से करना होता है पालन

# रसोई गैस सिलेंडर के साथ मिलता है 50 लाख का बीमा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रसोई गैस सिलेंडर पर उपभोक्ताओं को 50 लाख रुपये का बीमा मिलता है, जिसके लिए उन्हें कोई प्रीमियम नहीं देना होता है। हालांकि, इसके लिए उपभोक्ताओं को कुछ नियमों का सख्ती से पालन करना होता है।

रसोई गैस सिलेंडर का इस्तेमाल अब घर-घर होने लगा है, लेकिन बहुत कम लोगों को पता है कि इस पर उन्हें 50 लाख रुपये का बीमा भी मिलता है। ग्राहक के रसोई गैस सिलेंडर की बुकिंग कराते ही उसका व उसके परिजनों को यह दुर्घटना बीमा मिल जाता है। खास बात यह कि इसके लिए उपभोक्ताओं को कोई प्रीमियम नहीं भरना पड़ता है। एलपीजी गैस सिलेंडर काफी ज्वलनशील होता है और तमाम सावधानियों के बावजूद इससे दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। रखरखाव की सही जानकारी नहीं होने से कई बार घरों में सिलेंडर फटने की घटनाएं हो जाती हैं। ऐसे में उपभोक्ताओं के पास हादसे से हुए नुकसान की भरपाई करने के लिए पेट्रोलियम कंपनियों से 50 लाख रुपये तक की मांग करने का अधिकार होता है।इंडियन ऑयल के मार्केटिंग अधिकारी रजत वशिष्ठ ने बताया कि ऑयल मार्केटिंग कंपनियां (ओएमसी) तेल उद्योगों के लिए सार्वजनिक देयता पॉलिसी के तहत बीमा लेती हैं। ऐसी बीमा पॉलिसी को व्यक्तिगत उपभोक्ता के नाम पर नहीं लिया जाता, इसलिए ग्राहक से कोई प्रीमियम नहीं लिया जाता है। उपभोक्ताओं की ओर से अपना दावा तेल कंपनी को प्रस्तुत किया जाता है। ऐसी बीमा पॉलिसी में सभी रसोई गैस उपभोक्ताओं का भी 50 लाख तक बीमा कवर होता है, जिसमें व्यक्तिगत नुकसान, उसकी संपत्ति को होने वाला नुकसान आदि शामिल होते हैं। बताया कि कंपनी प्रतिवर्ष 100 करोड़ रुपये का बीमा पॉलिसी लेती है। ऐसे बीमा पॉलिसी के माध्यम से ही ऑयल मार्केटिंग कंपनियां रसोई गैस सिलेंडर के कारण होने वाली दुर्घटनाओं से उपभोक्ताओं को होने वाले नुकसान की भरपाई करती हैं।



### किसे मिलेगा लाभ

अगर उपभोक्ता ने रसोई गैस सिलेंडर की संबंधित कंपनी की बजाए किसी अन्य कंपनी का रेगुलेटर लगा रखा है तो वह बीमा के दावेदार नहीं होते हैं। संबंधित कंपनी का रेगुलेटर, पाइप आदि का प्रयोग करने वाले उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलता है। इसके साथ ही उपभोक्ताओं को प्रत्येक पांच साल में संबंधित कंपनी के माध्यम से गैस सिलेंडर, रेगुलेटर, पाइप आदि का फिटनेस प्रमाण पत्र लेना होता है। कुछ कंपनियों की ओर से यह प्रमाण पत्र फ्री में और कुछ इसके लिए 250 रुपये तक का चार्ज लेती हैं। पिछले साल गौलापार में सिलेंडर फटने की घटना हुई थी, लेकिन उसमें उपभोक्ता को बीमा योजना का लाभ नहीं मिल पाया था।

### कितना मिलता है लाभ

- ऐसी पॉलिसी में पूरे परिवार का बीमा होता है, जो प्रति सदस्य 10 लाख रुपये होता है।
- इलाज के लिए अधिकतम 15 लाख रुपये मिलते हैं, जिसमें प्रति सदस्य 1 लाख और 25 हजार की तत्काल राशि दी जाती है।
- हादसे में मृत्यु होने पर प्रत्येक व्यक्ति को 5 लाख रुपये का भुगतान किया जाता है।

## सार-संक्षेप



रामनगर में पौधरोपण करते विद्यार्थी और शिक्षक।

### विद्यालय व आवासीय क्षेत्रों में लगाए फलदार पौधे

**रामनगर :** किसान इंटर कॉलेज पीरुमदारा में स्वयंसेवी संस्था सामुदायिक सहभागिता पर्यावरण के सहयोग से विद्यालय व निकटवर्ती आवासीय परिसर में फलदार पौधे लगाये गये। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने लोगों को पर्यावरण संवर्धन और कूड़ा निस्तारण की वैज्ञानिक जानकारी दी। साथ ही लोगों को पर्यटन स्थलों पर कचरा न फेंकने के लिए भी जागरुक किया। इस दौरान प्रभारी शिक्षिका भारती मिश्रा, प्रधानाचार्य हरेंद्र सिंह चौहान, क्षेत्र पंचायत सदस्य पूरन कोली, लक्ष्मी आर्य, मनदीप नाहर, सुभाष चंद्र और बलविंदर कौर मौजूद रहे।

### 13 जून तक जमा करें स्थानांतरण आवेदन पत्र

**हल्द्वानी :** प्राथमिक शिक्षा संवर्ग के शिक्षकों के स्थानांतरण की पात्रता सूची उपलब्ध करा दी गई है। अब इस सूची को विभागीय वेबसाइट में अपलोड किया जाना है। प्राथमिक शिक्षा के जिला शिक्षा अधिकारी जगमोहन सोनी ने सभी उप शिक्षा अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सूची में त्रुटि होने पर पूरी जिम्मेदारी उनकी होगी। पात्रता सूची में उप शिक्षा अधिकारियों की ओर से व्यक्तिगत निरीक्षण किया गया है, इसलिए कोई भी त्रुटि पाए जाने पर उन्हें इसमें सुधार कर जिला कार्यालय को आगे की कार्यवाही के लिए भेजने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने 13 जून तक स्थानांतरण आवेदन पत्र अनिवार्य रूप से निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### जिले में आज से शुरू होगा खेल प्रशिक्षण शिविर

**हल्द्वानी :** नैनीताल जिले में 10 जून (आज) से खेल प्रशिक्षण शिविर शुरू हो जायेंगे। खिलाड़ियों को मैदान में ही प्रशिक्षकों से पंजीकरण फार्म उपलब्ध होंगे। जबकि शुल्क जिला खेल कार्यालय में जमा करना होगा। हर वर्ष 15 अप्रैल से जिले में खेल प्रशिक्षण शिविरों का संचालन शुरू हो जाता है, लेकिन इस वर्ष लोकसभा चुनाव के चलते आचार संहिता लगने के कारण शिविरों का संचालन नहीं हो सका। अब आचार संहिता समाप्त होने के बाद खेल प्रशिक्षण शिविर के लिए खेल निदेशालय से सभी जिलों को अनुमति मिल गई है। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल ने बताया कि जिले में 10 जून से 32 खेलों के प्रशिक्षण शिविर शुरू होंगे।



घायल महिला के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान करते ज्येष्ठ प्रमुख व ब्लाक प्रमुख।

### बाघ के हमले में घायल महिला को दी आर्थिक मदद

**रामनगर :** ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी ने बाघ के हमले में घायल महिला के परिजनों को 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। बीते दिवस रामनगर वन प्रभाग के रिंगोडा गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे घास काट रही महिला लीला देवी पर अचानक बाघ ने हमला कर उन्हें गम्भीर रूप से घायल कर दिया। जिसका रामनगर सरकारी अस्पताल में उपचार चल रहा है। ज्येष्ठ प्रमुख संजय नेगी ने लीला देवी के परिजनों को आर्थिक मदद देते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने विभाग से घायल महिला को मुआवजा देने की भी मांग की। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत, निवर्तमान सांसद प्रतिनिधि इंदर रावत भी मौजूद रहे।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की कवायद

**गरमपानी :** महिलाओं को पशुपालन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से दुग्ध संघ लालकुआं के तत्वावधान में रामगढ़ ब्लॉक के बैरोली गांव में बैठक हुई। गांव में डेयरी स्थापित किए जाने को विचार विमर्श किया। साथ ही पशुपालकों को दुग्ध संघ से उपलब्ध योजनाओं की जानकारी दी गई। दुग्ध संघ लालकुआं के कृपाल सिंह ने सब्सिडी में मिलने वाले चारा, पशु आहार तथा कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराने की जानकारी दी। सुपरवाइजर गीता पलियाल व रेखा आर्या ने कहा कि दुग्ध व्यवसाय से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है। इस दौरान पार्वती देवी, विद्या देवी, बबीता जीना, चम्पा देवी माया देवी, कमला देवी, निर्मला जीना आदि मौजूद रहे।

### धर्म-नफरत की राजनीति को जनता ने नकारा

**रामनगर :** उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने लोकसभा चुनाव में जनता द्वारा किसी भी पार्टी को पूर्ण बहुमत न देने पर कहा कि जनता धर्म एवं नफरत की राजनीति को नकारते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, मंहगाई का समाधान चाहती है। लखनपुर में पार्टी के वरिष्ठ सदस्य चिंताराम की अध्यक्षता एवं मोहम्मद आसिफ के संचालन में संपन्न बैठक में पार्टी के प्रधान महासचिव प्रभात ध्यानी ने कहा कि जनता ने भाजपा एवं मोदी सरकार की धर्म एवं नफरत की राजनीति को पूरी तरह से नकार दिया है। बैठक में मनमोहन अग्रवाल, गोपाल असनोड़ा, लालमणि, सुनील पर्नवाल, प्रभात ध्यानी, मोहम्मद आसिफ, चिन्ता राम मौजूद रहे।






# भीषण गर्मी में शहर सुनसान, पहाड़ों पर लगा लंबा जाम

## वीकेंड पर जाम की समस्या से जूझे पर्यटक व स्थानीय लोग, काठगोदाम से ज्योलीकोट व सलड़ी तक लगा पांच किमी लंबा जाम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**40** डिग्री तापमान में छूटा पसीना, कार में एसी चला कर बैठे रहे पर्यटक

**02** से तीन घंटे की देरी से बस अड्डे पहुंची रोडवेज की बसें, यात्रियों की हुई भारी फजीहत

**अमृत विचार :** वीकेंड पर रविवार को जाम ने एक बार फिर मुसाफिरों के पसीने छुड़ा दिये। 40 डिग्री पारे के बीच जाम में फंसे पर्यटक कार में एसी चला कर बैठे रहे और दो पहिया वाहन सवार पसीना पोंछते नजर आए। उन स्थानों पर भीषण जाम रहा जहां से यातायात डायवर्ट किया गया था। काठगोदाम से नैनीताल की ओर लम्बा जाम था। अन्य पहाड़ी मार्गों का भी यही हाल था। जिसके चलते रोडवेज की बसें भी दो से तीन घंटे की देरी से बस अड्डे पहुंचीं।

हर वीकेंड पर पुलिस डायवर्जन प्लान जारी करती है। इससे शहर तो जाम से मुक्त रहता है, लेकिन अन्य डायवर्ट मार्गों पर फजीहत हो जाती है। रविवार को भी ऐसा ही देखने को मिला। चूंकि वीकेंड के अंतिम दिन रविवार को ज्यादातर पर्यटक छुट्टियां मना कर वापसी कर रहे थे, लेकिन घूमने जाने वालों की संख्या भी कम नहीं थी। ऐसे में नैनीताल, अल्मोड़ा, कौसानी, मुक्तेश्वर और रानीखेत समेत अन्य पहाड़ी पर्यटन स्थलों की ओर जाने और आने वाले वाहन जाम में फंस गए। जाम न लगे, इसलिए पुलिस ने रामपुर रोड पर पंचायत घर और बरेली रोड पर तीनपानी से वाहनों को डायवर्ट कर नरीमन तिराहा काठगोदाम की ओर भेजा था, लेकिन वाहनों की संख्या अधिक होने की वजह से दोनों ही स्थानों पर जाम लग गया। यहां वाहनों की करीब एक किलोमीटर लंबी लाइन लग गई।

काठगोदाम से ज्योलीकोट और काठगोदाम से सलड़ी तक भीषण जाम रहा। दोनों ओर करीब पांच किलोमीटर लंबा जाम लगा। लोगों को तीन-चार घंटे जाम में फंसे रहना पड़ा। वाहन कुछ आगे बढ़ पाते तो फिर रुकना पड़ता। जाम की वजह से रोडवेज की बसें भी काफी देरी से आईं और गईं। नैनीताल से हल्द्वानी और नैनीताल से हल्द्वानी बस डेढ़ घंटे में पहुंचती है, लेकिन जाम के कारण ढाई घंटे लग गए। अल्मोड़ा-रानीखेत से बसें तीन-तीन घंटे देरी से हल्द्वानी पहुंची।



रविवार को कॉलटैक्स के पास जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

### कॉलटैक्स से नरीमन तिराहे तक पहुंचने में लगा आधा घंटा

**हल्द्वानी :** रामपुर और बरेली रोड से डायवर्ट किए वाहन नरीमन तिराहे काठगोदाम पर आकर मिलते हैं। इसी तरह कालाढूंगी रोड से डायवर्ट किए गए वाहन कॉलटैक्स पर पहुंच कर नरीमन तिराहे से होते हुए अपने गंतव्य की ओर जाते हैं। रविवार को कॉलटैक्स से लेकर नरीमन तिराहे तक भीषण जाम लग गया। चार पहिया वाहन सवारों को कॉल टैक्स से नरीमन तिराहे तक करीब एक किलो मीटर का सफर तय करन में आधा घंटा लग गया। नरीमन तिराहे से गौलापार की ओर जाने वाले रास्ते का हाल भी ऐसा ही था। सेना के करीब 50 वाहन काठगोदाम की ओर पहुंचे तो और जाम लग गया।

## बिना बुकिंग के पहुंच रहे पर्यटकों की हुई फजीहत

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नैनीताल व आसपास के होटल और गेस्ट हाउस लगभग पैक हो चुके हैं। बिना बुकिंग के आने वाले पर्यटकों को फजीहत उठानी पड़ रही है। रूसी बाईपास, नारायण नगर व मस्जिद तिराहा से नगर में प्रवेश के मार्गों पर वाहनों की लंबी कतार से भी पर्यटकों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

रविवार को हल्द्वानी की ओर से नैनीताल आ रहे वाहन ज्योलीकोट से रूसी बाईपास तक लंबे जाम में घंटो फंसे रहे। वहीं भवाली में भी वाहनों के जाम से कैंची व पहाड़ की ओर जाने वालों लोगों को भी घंटों जाम के झाम से जूझना पड़ा। होटल एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने कहा कि नगर में पार्किंग खाली होने के बावजूद वाहनों को नगर में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। इधर, लेक ब्रिज चुंगी संचालक जीनू पांडे ने बताया कि पुलिस द्वारा रूसी बाईपास व भवाली तिराहे पर वाहनों को रोकने से पार्किंग व लेक ब्रिज चुंगी संचालकों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। यदि ऐसा ही चलता रहा तो पर्यटक नैनीताल से मुंह मोड़ लेंगे।



रूसी बाईपास पर वाहनों की कतार। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप



हल्द्वानी में एक-दूसरे को मिठाई खिलाते भाजपा मुखानी मंडल के कार्यकर्ता।

### मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बांटी मिठाई

**हल्द्वानी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार शपथ लेने पर भाजपा मुखानी मंडल ने रविवार को रामपुर रोड देवलचौड़ चौराहे पर मिष्ठान वितरण किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर शुभकामनाएं दी। इस दौरान त्रिलोक सिंह निगल्टिया, कमल पंत, निर्मल बिष्ट, राजेश पंत, खीमानंद बृजवासी, मोहन पाठक, भुवन आर्या, अमित बिष्ट, अल्का जीना, महेंद्र कश्यप आदि मौजूद रहे।

### आज से मेरिट में आने वाले छात्रों को मिलेगा प्रवेश

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी कॉलेज में सोमवार (आज) से मेरिट सूची में जगह बनाने वाले छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। इसके लिए कॉलेज प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। बीए, बीकॉम में आज से सभी को प्रवेश दिया जाएगा, जबकि बीएससी में मेरिट में आने वाले सभी छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जा रहा है। प्रवेश प्रभारी अमित सचदेव ने बताया कि 20 जून तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जानी है। पहली मेरिट सूची में आने वाले सभी छात्रों को प्रवेश के लिए बुलाया गया है। 14 जून तक समर्थ पोर्टल में आवेदन करने वाले छात्रों की मेरिट सूची तैयार कर प्रवेश दिया जाएगा।

### पशुपालन विभाग ने की मानसून की तैयारी

**हल्द्वानी :** मानसून को लेकर पशुपालन विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिसके तहत प्रत्येक विकासखंड में कंट्रोल रूम स्थापित कर वरिष्ठ पशु चिकित्सक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। मुख्य पशु चिकित्सक डीसी जोशी ने बताया कि आपदा होने की स्थिति में विभाग पूरी तरह तैयार है। जिले के सभी पशु चिकित्सालयों में दवाइयां भिजवा दी गई हैं। बरसात में पशुओं को होने वाले संक्रमण रोगों से बचाव के लिए वैक्सीनेशन की जा चुकी है। चारा बैंकों में पर्याप्त चारा जमा कर लिया गया है।



बेस अस्पताल के बाहरी हिस्से को ध्वस्त करते श्रमिक। ● अमृत विचार

### लोनिवि ने बेस अस्पताल के शौचालय को ढहाया

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नैनीताल रोड के चौड़ीकरण की जद में आ रहे सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल के भवन को ध्वस्त करने की कवायद फिर शुरू हो गई है। रविवार को लोक निर्माण विभाग ने अस्पताल के बाहरी हिस्से को तोड़ना शुरू कर दिया। बर्न वार्ड और हीट स्ट्रोक वार्ड के शौचालय को ढहा दिया गया है। बेस अस्पताल की इमरजेंसी से लगे शौचालय के ऊपर बने बर्न व हीट स्ट्रोक वार्ड के समीप शौचालय को तोड़ दिया गया है। अब अस्पताल के गेट, गार्ड रूम और सीटी स्कैन कक्ष का भी एक हिस्सा तोड़ा जाएगा। शौचालय तोड़े जाने से मरीजों को परेशानी होगी। इधर, रविवार को दिन भर तोड़-फोड़ होने की वजह से अस्पताल में भर्ती मरीज परेशान रहे। तोड़-फोड़ की वजह से शोर हो रहा था, साथ ही धूल भी उड़ रही थी। अस्पताल के पीएमएस डॉ. केके पांडे ने बताया कि ओपीडी में आने वाले व भर्ती मरीजों को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। शीघ्र शौचालय की व्यवस्था की जाएगी।

## एसटीएच के पास ठेले-फड़ लगाने को संघर्ष

संवाददाता, हल्द्वानी

**अतिक्रमण**

- अतिक्रमण हटाने के बाद फिर से लगने लगे फड़ और ठेले
- जगह पाने के लिए आपस में भिड़ रहे ठेला और फड़ वाले

**अमृत विचार :** डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल के पास नगर निगम ने अतिक्रमण हटा दिया था। अब फिर से अतिक्रमण हो रहा है, लेकिन अतिक्रमण करने में आपस में संघर्ष भी छिड़ गया है। नए सिरे से लोग जगह कब्जाने की कोशिश कर रहे हैं। ज्यादातर लोगों की कोशिश है कि एसटीएच के गेट के पास की जगह मिले। इसी संघर्ष में रविवार की सुबह एक व्यक्ति का ठेला और अन्य सामान उठाकर दूसरे पक्ष ने नहर में फेंक दिया।

एसटीएच के पास अतिक्रमण होना अभी भी जारी है। नगर निगम, पुलिस, प्रशासन और अस्पताल प्रशासन से बेखौफ होकर यह काम किया जा रहा है। एसटीएच के पास से करीब 15 दिन पहले ठेले और फड़ वाले हटाए गए तो उसके तुरंत बाद ही ठेला और फड़ वाले आने लगे। जगह कब्जाने का खेल शुरू हो गया है। इसी वजह से आपसी संघर्ष भी शुरू हो गया है। हर रोज एसटीएच के पास जगह कब्जाने को लेकर आपस में संघर्ष होता है। धक्का-मुक्की और मारामारी तक की नौबत आ रही है।

रविवार की सुबह भी दो पक्षों में इसी तरह से आपस में संघर्ष हो गया है। एसटीएच के गेट नंबर एक के पास लगे पेड़ के नीचे ठेला लगाए जाने को लेकर विवाद हो गया है। एक पक्ष का कहना था कि वह यहां पिछले सात साल से ठेला लगा रहा है, ऐसे में वह दोबारा यहां ठेला लगाएगा। जबकि दूसरे पक्ष का कहना था कि अगर वह यहां ठेला लगाएगा तो फिर से और लोगों पर कार्रवाई हो जाएगी। यह भी बताया जा रहा है कि पेड़ के नीचे ठेला लगाने के लिए अन्य लोग भी कोशिश कर रहे हैं। इसके चलते दोनों ही पक्षों में काफी कहासुनी हुई। बताया जा रहा है फड़ लगाने वाली एक महिला ने दूसरे व्यक्ति के ठेले और अन्य सामान को नहर में फेंक दिया है। इधर, राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी का कहना है कि नहर की तरफ की जगह पर उनका दावा नहीं है। ऐसे में वहां क्या हो रहा है, यह संबंधित विभाग देखे।



नहर में फेकी गई बेंच। ● अमृत विचार



शिविर में मरीजों की जांच करतीं आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. उषा जोशी।

### निशुल्क शिविर में महिलाओं की जांच

**हल्द्वानी :** तिवारी मैटरनिटी सेन्टर एवं नर्सिंग होम (जयश्री अस्पताल) के आईवीएफ विभाग की ओर से रविवार को जमुना मैमोरियल अस्पताल खटीमा में निसंतान दम्पत्तियों के लिए निशुल्क शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में हल्द्वानी की आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. उषा जोशी ने महिलाओं का परीक्षण किया और उन्हें आवश्यक सलाह दी। जिसमें दंपतियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं अपना पंजीकरण भी कराया। इस अवसर पर स्टाफ का विशेष योगदान रहा।




राइंका फूलचौड़ में आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर में पोस्टर दिखाते बच्चे।

### ऊर्जा संरक्षण पर छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**हल्द्वानी :** अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज फूलचौड़ में रविवार को ऊर्जा संरक्षण पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इकोक्लब प्रभारी लाल सिंह ने छात्र-छात्राओं को ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि ऊर्जा बचाकर भीषण गर्मी से भी निजात दिलाई जा सकती है। इस दौरान विद्यार्थियों ने पोस्टर का प्रदर्शन किया और ऊर्जा टीम का गठन किया। प्रत्येक दिवस के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया, जो समय-समय पर विद्यालय बंद होने के बाद पंखे और अन्य विद्युत उपकरणों का निरीक्षण करेंगे कि वह बंद हैं या नहीं।

### प्रकृति से संबंधित चित्रों की लगाई प्रदर्शनी

**हल्द्वानी:** कालाढूंगी रोड स्थित हरी एनक्लेव फेस-2 चीनपुर में रविवार को युवा फोटोग्राफर व प्रकृति प्रेमी चिन्मय जोशी ने प्रकृति संबंधित अनेक चित्रों की प्रदर्शनी लगाई। कार्यक्रम का शुभारंभ कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने किया। उन्होंने प्रदर्शनी कार्यक्रम की सराहना की। प्रदर्शनी में प्रकृति से संबंधित अनेक चित्रों का प्रदर्शन किया गया, जिसे देखने के लिए सैकड़ों लोग पहुंचे।

चिन्मय जोशी ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी प्रकृति से दूर होते जा रही है जो उनके विकास के लिए बहुत नुकसानदायक हो सकता है। इस दौरान वैभव पांडे, अंशुल वशिष्ठ, कौशल्या जोशी, विक्रम सिंह भैसोड़ा, डॉ. संगीता त्रिपाठी, डॉ. सोनिया साहू मौजूद रहे।

## किसानों को फसल बीमा का लाभ दिलाने के निर्देश

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिला ग्राम्य विकास अभिकरण परियोजना निदेशक व मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक हुई।

बैठक में मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. विकेश कुमार सिंह यादव ने विकासखंड व न्याय पंचायत स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीफ 2024 में अधिक से अधिक किसानों को योजना का लाभ दिलाने के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार करें। साथ ही कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं में चयनित लाभार्थियों को योजना में जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करें।

क्षेमा जनरल इन्शयोरेन्स लिमिटेड हैदराबाद तेलांगना के प्रतिनिधि कपिल सागर ने बताया कि 2 प्रतिशत की दर से मडुवा के लिए 1063.38 रुपये प्रति हेक्टेयर (21 रुपये प्रति नाली) तथा पर्वतीय धान के लिए 1250 रुपये प्रति हेक्टेयर (25 रुपये प्रति नाली) प्रीमियम निर्धारित किया गया है। मैदानी क्षेत्रों में केवल धान को संसूचित किया गया है, जिसके लिए 2 प्रतिशत की दर से 1930.64 रुपये प्रति हेक्टेयर (38.61 रुपये प्रति नाली) प्रीमियम निर्धारित किया गया है। योजना के तहत फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2024 है।

### प्यूड़ा गांव में श्रीमद् भागवत कथा शुरू

**गरमपानी, अमृत विचार :** रामगढ़ ब्लॉक के प्यूड़ा गांव में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा शुरू हो गई है। गांव की महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में कलश यात्रा निकाली। भजन कीर्तनों से माहौल भक्तिमय हो उठा। कथा श्रवण को आसपास के गांवों से सैकड़ों लोग पहुंचे।

धर्माचार्यों ने विधि-विधान से यजमानों से धार्मिक अनुष्ठान पूरे कराए। महिलाओं ने भूमिया मंदिर से गुरु गोरखनाथ के मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाली। कथा व्यास पंडित पूरन चंद्र त्रिपाठी ने ईश्वर की लीलाओं का गुणगान किया। कहा कि सच्चे मन से कथा श्रवण करने से तमाम कष्टों का निवारण होता है। देर शाम तक भजन कीर्तनों का दौर जारी रहा। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालु कथा श्रवण को पहुंचे।



रामनगर में स्क्रीन पर लाइव प्रसारण देखते लोग। ● अमृत विचार

### मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर किया मिष्ठान वितरण

**रामनगर, अमृत विचार :** नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर कोसी रोड पर व्यापारियों ने बड़ी स्क्रीन लगाकर लाइव प्रसारण देखने के साथ-साथ मिष्ठान वितरण किया। जैसे ही मोदी ने शपथ प्रारम्भ की पूरा आसमान आतिशबाजी से गूंज गया। चारों तरफ मोदी-मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी जिन्दाबाद के नारे लगने लगे। सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित व्यापारियों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी। क्षेत्रीय विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने भाजपा को दिए गए अभूतपूर्व समर्थन के लिए आभार प्रकट किया। इस दौरान नगर मंडल अध्यक्ष भाजपा मदन जोशी, शलभ मित्तल, निरंजन कुमार, मनीष अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश, अजय अग्रवाल, देवेश सिंघल, ईशान अग्रवाल, अनिल कुमार, रवि शुक्ला, कुलदीप अग्रवाल, संजीव मित्तल, प्रखर मित्तल मौजूद रहे।



वरिष्ठ पत्रकार गणेश रावत को सम्मानित करते अतिथि।

### बालपन से संगीत सीखने से होता है समग्र विकास

**रामनगर :** प्राइमरी स्कूल दुर्गापुरी में चल रही संगीत, नृत्य, नाट्य कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए वरिष्ठ पत्रकार गणेश रावत ने कहा कि बालपन से संगीत सीखने से बच्चे का समग्र विकास होता है। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि बच्चों को घर में भी संगीत का अभ्यास अवश्य कराएं। कार्यक्रम अध्यक्ष नीमा मठपाल ने कहा कि संगीत विधा बच्चों के अंदर बालपन से उभरे यही हमारा उद्देश्य है। कार्यशाला में 65 बच्चे संगीत के गुर सीख रहे हैं। इस दौरान संगीत प्रशिक्षक प्रकाश कोतवाल, कार्यक्रम सहयोगी रंजना भट्ट, अंजू अग्रवाल, दीपा कोटिया, अनीता गौड़, कल्पना शर्मा, ममता नयाल, ललित बिष्ट, राजा सत्यवली, पंकज, कुनाल, लक्की, लोकेश, पंकज कोहली, कंचन ललित बिष्ट, विजय जमवाल मौजूद रहे।

### लॉपिंग कार्य पर पंचायत प्रतिनिधियों ने उठाए सवाल

**गरमपानी :** कोसी घाटी में आये दिन विद्युत व्यवस्था चरमराने पर पंचायत प्रतिनिधियों ने नाराजगी जताई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व में लॉपिंग कार्य के नाम पर कटौती कर बजट भी खर्च किया गया है। अब विद्युत तारों पर टहनियां गिरने से आपूर्ति प्रभावित हो रही है। बेतालघाट क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था सिरदर्द बन चुकी है। गांवों के बाशिंदों को पेयजल के साथ ही विद्युत संकट से भी जूझना पड़ रहा है। रोजाना दिनभर में कई बार आपूर्ति ठप हो रही है। बाजार क्षेत्र में आपूर्ति प्रभावित रहने से व्यापारियों को खासा नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश सचिव व प्रधान मल्ली पाली शेखर दानी ने आरोप लगाया कि अधिकारियों से आपूर्ति प्रभावित होने का कारण पूछने पर विद्युत तारों पर टहनियां गिरने का हवाला दिया जा रहा है। शेखर दानी ने कहा कि जब लॉपिंग का कार्य पूर्व में किया गया तो फिर टहनियां कैसे विद्युत तारो में गिर रही हैं। प्रधान प्रतिनिधि कुबेर सिंह जीना ने भी अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं।

**चिंताजनक** नैनीझील छह और भीमताल तीन साल बाद न्यूनतम स्तर पर, भीमताल झील में डैम की मरम्मत से भी मुसीबत

# बारिश की कमी से बिगड़ी नैनीताल की झीलों की सूरत

गौरव जोशी, नैनीताल

**अमृत विचार :** नैनीताल और आसपास की झीलें बदतर हालत में हैं। बारिश की कमी और सूखते जलस्रोतों के कारण नैनीझील का जलस्तर शून्य से नीचे पहुंच गया है। सामान्य तौर पर इसे पांच से छह फीट होना चाहिए। वहीं भीमताल झील का जलस्तर भी 36.5 फीट पर पहुंच गया है, जबकि इसे 45 फीट के करीब होना चाहिए। नैनीझील छह साल बाद अपने न्यूनतम स्तर पर तो भीमताल झील की इतनी खराब स्थिति वर्ष 2021 के बाद पहली बार हुई है। साततालऔर नौकुचियाताल के जलस्तर में भी गिरावट आई है।

दुनिया को आकर्षित करने वाली नैनीताल की झीलों पर खतरा मंडरा रहा है। भीमताल झील में पहली बार करीब दो सौ मीटर हिस्सा मैदान में तब्दील हो गया है। झील में जलस्तर मापने को लगे गेज का टॉप 48 फीट है। जलस्तर की माप के लिए ऊपर से नीचे की ओर गणना की जाती है। बीते वर्षों की बात की जाए तो वर्ष 2021 को छोड़कर भीमताल झील का जलस्तर मई माह में सामान्य तौर 45 फीट रहता था, लेकिन इस बार मई में ही यह सिमटकर 36.5 फीट पर आ गया है।

वर्ष 2021 में जलस्तर 36 फीट तक गया था। नैनीझील भी बुरे दौर से गुजर रही है। लबालब होने पर नैनीझील का टॉप लेवल 12 फीट माना जाता है। वर्ष 2018 के बाद ये पहला मौका है, जब झील सबसे खराब स्थिति में है। छह साल पहले झील का जलस्तर शून्य से नीचे पहुंच गया था। अगर समय रहते बारिश नहीं हुई तो नैनी झील का जलस्तर और गिरेगा।



नैनी झील में कम होता जलस्तर। ● अमृत विचार

### सातताल और नौकुचियाताल का जलस्तर भी गिरा

सातताल एवं नौकुचियाताल की झीलें बेहद सुंदर होने के कारण पर्यटकों की पसंद रहती हैं। ये झीलें चारों ओर से जंगलों से घिरी होने के कारण पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। सामान्य तौर पर इनमें जलस्तर की गिरावट कम ही होती है, लेकिन इस बार इन दोनों झीलों के जलस्तर में भी भारी गिरावट हुई है। सातताल की झील का जलस्तर आमतौर पर 14 फीट रहता था। यह इस साल गिरकर 10 फीट रह गया है। वहीं नौकुचियाताल झील का जलस्तर पिछले सालों में जून माह में 16 फीट तक रहा है, लेकिन इस साल यह घटकर 11 फीट पहुंच गया है।

### बोले अधिकारी

झीलों का जलस्तर लगातार गिर रहा है। इसकी वजह इन्हें रीचार्ज करने वाले जलस्रोतों का सूखना है। लंबे समय से बारिश न होने से झील में पानी की कमी बनी है। नगर समेत आसपास के क्षेत्रों को पानी की आपूर्ति भी झील से होती है। ऐसे में नैनी झील और आसपास की झीलों के जलस्तर में गिरावट आ रही है।
**-डीडी सती**, सहायक अभियंता, सिंचाई विभाग

जलवायु परिवर्तन के चलते मौसम चक्र में बदलाव हुआ है। समय पर पर्याप्त बारिश नहीं होने से झीलों के जलस्तर में गिरावट आ रही है। साथ ही लगातार तेजी से हो रहे निर्माण कार्यों से भी जलस्रोतों पर असर पड़ा है। इसे नियंत्रित करना होगा। अन्यथा भविष्य में बड़ा संकट हो सकता है।
**-डॉ. पीसी तिवारी**, भूगोलविद

## सार-संक्षेप



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग। ● अमृत विचार

### पौराणिक मंदिर में भंडारे का आयोजन

**भीमताल** : जंगलियागांव के तोक माल गांव में स्थित पौराणिक मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। दशहरे से पूर्व उत्तराखंड में परंपरा के अनुसार भूमिया मंदिरों में नये उत्पादित अनाजों का भोग लगाया जाता है और गांव में सुख-समृद्धि की कामना की जाती है। इसी क्रम में जंगलिया गांव में भी ग्रामीणों ने सार्वजनिक रूप से पूजा-पाठ का आयोजन किया। अनुष्ठान विनोद चंद्र बेलवाल ने कराया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान राधा कुल्याल, हरीश सिंह पडियार, त्रिलोक सिंह कुल्याल, कुंवर सिंह बिष्ट, राकेश कुल्याल, बिशन सिंह कुल्याल, त्रिलोक सिंह पडियार, हरीश चंद्र भट्ट, शुभम पडियार, टीका राम रिटायर्ड, मोहन सिंह पडियार मौजूद रहे।

### कांग्रेस नेता दानिश को पितृ शोक

**भीमताल** : कांग्रेस नेता दानिश खान के पिता इस्लाम खान (उम्र 65) कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका शनिवार को निधन हो गया। वह नगर पंचायत भीमताल के सेवानिवृत कर्मचारी थे। उनके निधन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालों में नगर कांग्रेस अध्यक्ष डीके डालाकोटी, देवेंद्र सिंह चुनौतिया, नीरज कुमार, सूरज मेहरा, भूपेंद्र कनौजिया, आशा आर्य, विपिन सनवाल, बिपिन चंद्र समेत कई लोग शामिल रहे।

### बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान

**नैनीताल** : बिजली कटौती से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्योलीकोट क्षेत्र के आसपास के गांवों में लोग बिजली कटौती से परेशान हैं। दर्जनों गांवों में कई दिनों से सुबह और शाम रोजाना बिजली कटौती हो रही है। ऐसे में गेठिया, वीरभट्टी, छीडा, गांजा, ज्योलीकोट समेत आसपास के गांवों में लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों को विद्युत विभाग के अधिकारियों से आपूर्ति सुचारू करने की मांग की है। इधर, एसडीओ प्रियंक पांडे ने बताया कि विभाग की ओर से बिजली कटौती नहीं की जा रही है। लाइन में फाल्ट आने के कारण बिजली जा जा रोगी। लाइन की जांच करा कर समस्या को दूर कर किया जायेगा।

# साहब...अन्य समस्याओं का चिंतन छोड़ो पहले पानी उपलब्ध करा दो

## भीमताल ब्लॉक के बानना और पिनरौ गांव में बारिश न होने से सूखे के हालात

संवाददाता, भीमताल

**24** घंटे गांव से दूर होकर सुरवापानी स्रोत से पानी भरने का इंतजार करने को मजबूर है गांव की दो हजार की आबादी

**200** पानी के टैंकों का निर्माण कराया गया था दशकों पूर्व

**अमृत विचार :** भीमताल ब्लॉक के बानना और पिनरौ में पिछले सात माह से बारिश नहीं होने से सूखे के हालात हो गये हैं। ऐसे में ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और विभागीय अधिकारियों से अन्य समस्याओं का चिंतन छोड़ पहले पानी उपलब्ध कराने की मांग की है।

बानना और पिनरौ ऊंचाई में बसे गांव हैं। लगभग दो हजार की आबादी 24 घंटे गांव से दूर सुरवापानी स्रोत में एकत्र होकर पानी भरने का इंतजार करने को मजबूर है। इस स्रोत में भी पानी अब कम होने लगा है। ग्रामीणों के अनुसार स्रोत में यदि पानी बंद हो गया तो उन्हें प्यासा रहना पड़ेगा। स्रोत से एक व्यक्ति को एक ही बर्तन पानी भरने की व्यवस्था की गई है। जानवर आदि के लिए पानी उपलब्ध न होने से ग्रामीण चिंतित हैं। सामाज सेवी उमेश पलड़िया ने बताया कि पिछले दो दशक पूर्व पानी की समस्या को देखते हुए लगभग 200 पानी के टैंकों का निर्माण किया गया था, जिसमें वर्षा का पानी संग्रहण किया जाता है, उसकी भी क्षमता कम होने से पानी समाप्त हो गया है। इसलिए ग्रामीणों ने पानी को लेकर हाहाकार है। पानी के अभाव में खेतों में फसल भी सूखने के कगार पर पहुंच गई है। शांति पलड़िया, ईश्वरी दत्त, नीरज पलड़िया, नंदा बल्लभ, दिवान राम, संतोष कुमार ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पेयजल निगम के अधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों से नियमित तौर पर आबादी को पानी उपलब्ध कराने की मांग की है।



- जलस्रोत से एक व्यक्ति को एक बर्तन ही पानी भरने की व्यवस्था
- पानी के अभाव में खेतों में फसल भी सूखने के कगार पर पहुंची

### धीमी गति से हो रहा जेजेएम योजना का कार्य

**भीमताल** : प्रदेश सरकार ने बानना, पिनरौ व पिनसिला गांव में डबल पंपिंग योजना के लिए जल जीवन मिशन के तहत तीन करोड़ की योजना स्वीकृत की है, लेकिन कार्य धीमी गति से होने के कारण लोगों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों की मानें तो समय रहते कार्य पूर्ण होता तो शायद पानी की परेशानी नहीं होती।



पानी की समस्या बढ़ती जा रही है। पीने की व्यवस्था करें या फिर जानवरों के लिए कुछ नहीं हो पा रहा है। एक बाल्टी पानी की व्यवस्था करने में कई घंटे लग रहे हैं।
– **भूपाल दत्त**, निवासी पिनसिला



घरों के आगे बने वर्षा संग्रहण टैंक भी सूख गए हैं। कई स्थानों में रास्ते नहीं हैं। आबादी अधिक होने के कारण जलस्रोत भी सूख गए हैं। हालात दिन पर दिन खराब हो रहे हैं।
– **रमेश चंद्र**, निवासी बानना



पानी खरीदने के लिए भी पैसे नहीं हैं। फसल भी सूखने के कगार पर है। जिला प्रशासन को टैंकरों से पानी उपलब्ध कराना चाहिए।
– **संतोष पलडिया**, उप प्रधान पिनरौ



क्षेत्र के शत-प्रतिशत पेयजल स्रोत सूख गए हैं। वर्षा होने की भी कोई आस नहीं है। क्षेत्र में कई किमी की दूरी तक कोई सक्रिय स्रोत नहीं है।
–**मोहन चंद्र**, निवासी पिनरौ



बनभूलपुरा क्षेत्र में टैंकर से पानी भरते क्षेत्रवासी। ● अमृत विचार

# दो लाख की आबादी को आज नहीं मिलेगा पानी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गौला बैराज में सफाई के चलते सोमवार (आज) को पानी की आपूर्ति बाधित रहेगी। शहर की करीब दो लाख की आबादी को पानी से वंचित रहना पड़ेगा। बैराज में भारी मात्रा में सिल्ट जमा हो गई है, जिसे सिंचाई विभाग की ओर से साफ किया जाएगा।

शहर में लगभग 40 हजार पेयजल कनेक्शन धारक हैं, जिनको शीशमहल स्थित फिल्टर प्लांट से पानी मिलता है। इन कनेक्शन धारकों को सोमवार को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। जल संस्थान के एई रवींद्र कुमार ने बताया कि फिल्टर प्लांट से सुबह पानी की आपूर्ति की जाएगी, लेकिन शाम को मिलने वाले पानी की आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि दिनभर गौला बैराज में सिंचाई विभाग की ओर से सफाई की जाएगी। जिस कारण लोगों को शाम को पानी नहीं मिल पाएगा। मंगलवार की सुबह से पानी की आपूर्ति सुचारू कर दी जायेगी। उन्होंने बताया कि मांग के अनुसार पेयजल किल्लत वाले क्षेत्रों में टैंकर भेजे जाएंगे। इधर, आजादनगर का खराब नलकूप रविवार को ठीक कर लिया गया है। शहर के कई इलाकों में अब भी पेयजल किल्लत बनी हुई है। जल संस्थान पेयजल किल्लत वाले क्षेत्रों में 26 टैंकर भेज रहा है। जिनमें इंदिरानगर और दमुवाढूंगा में 6, राजपुरा गौला गेट में 3, बजूनिया हल्दू, पीपलपोखरा, कमलुवागांजा बचीनगर हिम्मतपुर और ऊंचापुल में प्रतिदिन 1-2 टैंकर भेजे जा रहे हैं।

# अराजक तत्वों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** पवित्र शिप्रा व जीवनदायिनी कोसी नदी क्षेत्र में जहरीले रसायनिक पदार्थों व प्रतिबंधित गंधक पोटाश से संरक्षित प्रजाति की मछलियों के बढ़ते शिकार से पंचायत प्रतिनिधियों व व्यापारियों का पारा चढ़ गया है।

उन्होंने अराजक तत्वों के खिलाफ मोर्चा खोल कार्रवाई की मांग उठाई है। चेतावनी दी है कि यदि दोनों नदियों में अवैध शिकार पर अंकुश नहीं लगाया गया तो आंदोलन की तैयार की जाएगी। अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे के समीप बहने वाली जीवनदायिनी कोसी व शिप्रा नदी क्षेत्र में लंबे समय से प्रतिबंधित रसायनिक पदार्थों व गंधक पोटाश का इस्तेमाल कर मछलियों का शिकार किया जा रहा है। ग्राम प्रधान घिरौली हरीश चंद्र ने मछलियों के शिकार पर रोष जताया है। आरोप लगाया कि बाहरी राज्यों के श्रमिक भी कोसी नदी में मछलियों का शिकार कर रहे हैं। व्यापारी नेता गोधन सिंह, महेंद्र सिंह ने गंधक पोटाश का इस्तेमाल कर मछलियों को मारने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# डीएम तक पहुंचा पंपिंग योजनाओं से पानी न मिलने का मामला

संवाददाता, गरमपानी

**समस्या**

- कांग्रेस नेता ने ज्ञापन सौंपकर बताई समस्या, जनहित में ठोस कदम उठाने की मांग

**अमृत विचार :** पंपिंग योजनाओं से ग्रामीणों को समुचित पानी न मिलने का मामला डीएम कार्यालय पहुंच गया है। किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर कोसी व शिप्रा नदी पर बनी पंपिंग पेयजल योजनाओं से पानी उपलब्ध न होने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने शीघ्र पानी उपलब्ध कराने की मांग की है।

गांवों में पानी का सूखा खत्म करने को करोड़ों रुपये की लागत से कोसी नदी पर बनी मझेडा-ब्यासी व धारी-खैरनी तथा शिप्रा नदी पर बनी बारगल-कफूल्टा पंपिग पेयजल योजना का निर्माण किया गया था। उम्मीद थी कि योजनाओं से गांवों के बाशिंदों को समुचित पेयजल उपलब्ध हो सकेगा पर पेयजल उपलब्ध न होने से ग्रामीण परेशान हैं। कांग्रेस नेता कृपाल सिंह मेहरा ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर बताया कि गांवों के लोग दूरदराज से पानी ढोने को मजबूर हैं। कई बार व्यवस्था में सुधार की मांग उठाने के बावजूद विभागीय अधिकारी सुध नहीं ले रहे हैं। गांवों में योजनाओं से पानी मिलने का भी समय तय नहीं है। कुछ देर आपूर्ति के बाद पानी बंद कर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यिद यदि हीलाहवाली की गई तो ग्रामीणों को साथ लेकर आंदोलन किया जायेगा।

### चंदा एकत्र कर टैंकर से प्यास बुझा रहे ग्रामीण

**कालाढूंगी, अमृत विचार :** विकासखंड कोटाबाग के दर्जनों गांवों में पेयजल संकट गहराने लगा है। आलम यह है कि ग्रामीणों को कपडे धोने व नहाने के लिए नलकूपों पर जाना पड़ रहा है। ग्रामीण चंदा कर पानी का टैंकर मंगवाकर प्यास बुझा रहे हैं। कनिष्ठ प्रमुख कुलदीप तड़ियाल ने बताया कि कोटाबाग के गिन्ती गांव, नौदा, आंवलाकोट, दोहनिंया, मूसाबंगर, केसाबंगर सहित दर्जनों गांवों में पिछले दो माह से पेयजल की किल्लत बनी हुई है। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि कई बार कार्य योजना बनाने की मांग जल संस्थान के अधिकारियों से गई, मगर अधिकारीयों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। जिससे ग्रामीणों में जल संस्थान के खिलाफ रोष है। तड़ियाल ने बताया कि मुख्य श्रोत से बिना फिल्टर के गंदा पानी की आपूर्ति हो रही है। जिससे ग्रामीणों को भीषण गर्मी में बीमार होने का खतरा बना हुआ है। जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल-हर घर जल की योजना के तहत लगे नल भी सूखे पडे हैं। केसाबंर के लोग चंदा कर अपने घरों के लिए टैंकर से पानी मंगवाने को मजबूर हो रहे हैं। क्षेत्रीय युवा संतोष राणा ने बताया कि कई बार शिकायत के बाद भी अब तक कार्यवाई नहीं हुई है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2019 अनुक्रमांक 19135677 सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रुद्रपुर की सनद खो गई है। **कवलजीत कौर पुत्री दिलीप सिंह वार्ड नंबर 16 आदर्श कॉलोनी रुद्रपुर उधम सिंह नगर उत्तराखंड।**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र कौशल कुमार व उसकी पत्नी मनीषा के गलत व्यवहार करने एवं आये दिन परिवार में मनमानी, कलह करने के चलते पारिवारिक सम्बंध समाप्त कर लिये हैं तथा अपनी चल-अचल सम्पत्ति, बैंक खातों आदि से बेदखल करता हूँ। अब मेरा व मेरे परिवार को उक्त के किसी कृत्य से लेन-देन से कोई वास्ता या सरोकार भविष्य में नहीं होगा। **मनभरन पुत्र रामधीनराम निवासी इन्द्रा कालोनी ,दौलतगंज, पो. आदर्शनगर, गदरपुर (ऊधम सिंह नगर)**

# गोल्फ टूर्नामेंट के ओवर ऑल चैंपियन बने राघव

संवाददाता, नैनीताल



नैनीताल में गोल्फ प्रतियोगिता के विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों के साथ प्रथम महिला गुरमीत कौर व अन्य।

**अमृत विचार :** राजभवन गोल्फ क्लब में आयोजित तीन दिवसीय गवर्नर्स कप गोल्फ प्रतियोगिता रविवार को संपन्न हो गई। प्रतियोगिता में देश भर से 123 गोल्फरों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में प्रथम महिला गुरमीत कौर, सचिव राज्यपाल व वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजभवन गोल्फ क्लब रविनाथ रामन एवं अपर सचिव राज्यपाल उपाध्यक्ष राजभवन गोल्फ क्लब स्वाति एस भदौरिया ने प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों के विजेताओं व उपविजेताओं को पुरस्कृत किया।

19वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के ओवर ऑल चैंपियन राघव कालरा रहे। टूर्नामेंट में उपविजेता अमित कुमार सूर्यवंशी घोषित हुए। बेस्ट नेट विजेता वीर श्रीवास्तव और उपविजेता लेफ्टिनेंट कर्नल आरएस बनकोटी रहे। टूर्नामेंट में सुपर वेटरन ग्रॉस कैटेगरी में कर्नल एससी गुप्ता विजेता रहे और सुपर वेटरन रनर बेस्ट नेट में एसके सूरी विजेता रहे। महिला कैटेगरी में नीलाक्षी विजेता और रुची श्रीवास्तव उपविजेता रहीं। वेटरन ग्रॉस कैटेगरी में नरोत्तम दास विजेता रहे। वेटरन नेट कैटेगरी में अजय कुमार वर्मा विजेता रहे। अमायरा बजाज को सबसे होनहार गोल्फर का खिताब मिला। जूनियर कैटेगरी में 15-17 आयु वर्ग में आरव संधु विजेता और श्रेय शाह उपविजेता रहे। (12-15) आयु वर्ग में तेजस प्रताप सिंह विजेता और करण सिंह उपविजेता रहे।

12 वर्ष से कम आयु वर्ग में कुमारी नाश्या एस सिन्हा विजेता और विजितेन्द्र एस तोमर उपविजेता घोषित किए गये। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन ने विजेता गोल्फरों को बधाई देते हुए कहा कि राज्यपाल के विजन के अनुरूप पिछले कुछ वर्षों में राजभवन गोल्फ कोर्स को आमजन से अधिक से अधिक जोड़ने का प्रयास किया गया है। राजभवन गोल्फ कोर्स को स्कूली बच्चों के लिए भी उपलब्ध कराया जा रहा है। गोल्फ क्लब के सचिव परिसहाय अमित श्रीवास्तव ने आयोजन से जुड़े सभी प्रायोजकों एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, डीआईजी योगेन्द्र रावत, जिलाधिकारी अल्मोड़ा विनीत तोमर, एसएसपी नैनीताल पीएन मीणा, विवेक भट्ट, राजेन्द्र चौहान, सचिन चमोली, श्री वेद प्रकाश मोहार मौजूद रहे।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 7906999205, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

**कवायद** मानसून से पहले तीस प्रतिशत कार्य होने की उम्मीद

# भूस्खलन रोकने को तेजी से चल रहा है बलिया नाले की मरम्मत का कार्य

संवाददाता, नैनीताल



बलियानाला में चल रहा मरम्मत कार्य। ● अमृत विचार

प्रभावित क्षेत्र में कटिंग कर लगभग 20 प्रतिशत तक दीवारों का कार्य कर दिया गया है। एसडीए, एंकरिंग, प्रोडक्शन, डेमसिंग और रिप्रोफाइलिंग का कार्य जारी है। मानसून से पहले ज्यादा से ज्यादा कार्य करने की कोशिश की जा रही है।
– **प्रमोद पाठक**, सहायक अभियंता सिंचाई विभाग

**अमृत विचार :** बलिया नाला क्षेत्र में दशकों से हो रहे भूस्खलन को रोकने के लिये नाले की मरम्मत का कार्य तेजी से चल रहा है। पहले चरण के कार्य में राजकीय इंटर कॉलेज के हिस्से का ध्वस्तीकरण कर नाले तक मार्ग का कार्य पूरा हो गया है। साथ ही निर्माण कार्य में लगने वाले सामान को रखने के लिए स्टोर भी बना दिया गया है।

बलिया नाले के प्रभावित क्षेत्र में कटिंग का कार्य करने के बाद लगभग 20 प्रतिशत दीवारों का कार्य पूरा हो गया है। बीरभट्टी से भी जेसीबी मशीनों को बलिया नाले पहुंचाकर नीचे की ओर से दीवारों का कार्य किया जा रहा है। भूगर्भीय अध्ययन के बाद नाले की मरम्मत के कार्य की डीपीआर तैयार की गयी है। इस रिपोर्ट के आधार पर शुरुआती दौर में एसडीए, एंकरिंग, प्रोडक्शन, डेमसिंग और रिप्रोफाइलिंग का कार्य जारी है। विभाग के अनुसार मानसून से पहले लगभग 30 प्रतिशत तक कार्य होनी की उम्मीद है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### मंदिर की छत पर मिला बांसखेड़ा के युवक का शव

**काशीपुर :** तीर्थ स्थल द्रोणा सागर में मंदिर की छत पर युवक का शव मिला है। मृतक की पहचान 27 वर्षीय चंदन झा पुत्र ओमप्रकाश झा निवासी द्रोणा सागर जसपुर खुर्द के रूप में हुई है। आसपास के लोगों से जानकारी करने पर पता चला कि मृतक के पिता अहरपुरा बरखेड़ा पांडे में रहते हैं, जहां उनका अपना मकान व जमीन है। मृतक के पिता ओमप्रकाश झा को सूचना देने पर उन्होंने शव की शिनाख्त कर बताया कि वह मूल रूप से ग्राम सिद्दीकपुर थाना सराय खाजा जिला जौनपुर उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं तथा महुआखेड़ा गंज फैक्ट्री में काम करते हैं, विगत चार साल से परिवार सहित अहरपुरा बरखेड़ा पांडे में निवास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मृतक उनका सबसे बड़ा लड़का है जो अविवाहित था। वह नशा करने का आदी हो गया था। वहीं वह ई-रिक्शा चलाने का काम करता था और घर पर नहीं आता था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

### 600 ग्राम स्मैक बरामद आरोपी को जेल भेजा

**नानकमत्ता :** पुलिस ने गश्त के दौरान एक आरोपी के कब्जे से 600 ग्राम स्मैक बरामद कर जेल भेज दिया। गश्त के दौरान सितारगंज रोड से अमृतसरिया ढाबा के समीप एक व्यक्ति की तलाशी लेने के दौरान गुरभेज सिंह पुत्र गुरदेयाल सिंह निवासी टुकड़ी थाना नानकमत्ता के कब्जे से छोटी पुड़िया में रखी 600 ग्राम स्मैक बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया।

### कटिया डालकर की जा रही बेमौसमी धान की सिंचाई

**नानकमत्ता :** बेमौसमी धान के लिए इस बार क्षेत्र में वर्षा ना होने से विद्युत लाइन में काटिया डालकर धान की सिंचाई खुलेआम की जा रही है। आरोप है विभागीय कुछ कर्मचारी व अधिकारी किसानों से सांठगांठ कर सुविधा शुल्क लेकर खुलेआम कटियां डलवाकर पानी की मोटरें चलवाने में मशगूल हैं, इससे क्षेत्र के लोग लो-वोल्टेज से भीषण गर्मी में परेशानी हैं।

### पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार किया

**काशीपुर :** गैंगस्टर एक्ट में एक वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ऑपरेशन प्रहार तथा ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत वारंटियों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में पैगा चौकी पुलिस ने फरार चल रहे गैंगस्टर एक्ट के वारंटी ग्राम बरखेड़ा पांडे निवासी शाहरुख पुत्र लतीफ को गिरफ्तार किया। शाहरुख के खिलाफ पुलिस में कई मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी अनिल उपाध्याय, एएसआई सोमवीर सिंह, कांस्टेबल दीपक प्रसाद व शैलेंद्र शामिल रहे।

# मोबाइल चोरी का भंडाफोड़, घोड़ा हसन गैंग के शातिर धरे

## बिहार और नेपाल के हैं दोनों आरोपी, चोरी हुए 32 में से आठ मोबाइल फोन, लोहे की दो रॉड और कटर बरामद, अन्य की तलाश जारी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** एक माह पूर्व हुई लाखों के मोबाइल चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में पुलिस ने घोड़ा हसन गैंग के दो शातिर मोबाइल चोरों को गिरफ्तार किया, जिनके पास से पुलिस ने विभिन्न कंपनियों के 8 मोबाइल समेत चोरी का सामान बरामद किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का संबंधित धाराओं में चालान कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

कोतवाली में मामले का खुलासा कर एसपी काशीपुर अभय सिंह ने बताया कि 5 मई की रात्रि पंत पार्क के निकट न्यू मोबाइल वर्ल्ड शॉप पर अज्ञात चोरों ने शटर काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इस दौरान चोर नए व पुराने मिलाकर लाखों रुपये के कुल 32 मोबाइल फोन चुरा ले गये थे। पुलिस ने उक्त मामले में दुकान स्वामी मनीष सिंधवानी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया था और खुलासे के लिए पुलिस टीम का गठन किया था।

सीसीटीवी कैमरे खंगालने व मुखबिर की सूचना पुलिस ने हरियाणा, पंजाब व चंडीगढ़ में दबिश दी। इस दौरान चोरी की घटना को अंजाम देने में घोड़ा हसन गैंग का नाम प्रकाश में आया। जिसके बाद पुलिस ने अन्यज कुमार कुशवाहा पुत्र कपिल देव मेहतो निवासी ग्राम बिसुनपु कस्बाटोल थाना झरोखर जिला मोहितहारी पूर्वी चम्पारन बिहार और दीपू कुशवाहा पुत्र सोनालाल मेहतो निवासी ग्राम अमोहा थाना कलइया जिला बारा देवीपुर, नेपाल को गिरफ्तार किया। दोनों के कब्जे से विभिन्न कंपनियों के आठ मोबाइल व दो लोहे की रॉड, एक लोहे का कटर बरामद किये। वहीं प्रकाश में आया कि चोरी की घटना में इनके कुछ अन्य साथी भी शामिल थे, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।


गिरफ्तार चोरी के आरोपियों के साथ पुलिस की टीम। ● अमृत विचार

### घोड़ा हसन गैंग मोबाइल फोन की चोरी को देता है अंजाम

**काशीपुर :** बिहार से ताल्लुक रखने वाला घोड़ा हसन गैंग के सदस्य काफी शातिर होते हैं। इस गैंग के सदस्य ज्यादातर एकांत की दुकानों से चोरी करते हैं। एसपी अभय सिंह ने बताया कि घोड़ा हसन गैंग अधिकतर मोबाइल फोन की दुकानों में ही चोरी कर लाखों रुपये के मोबाइल चुराते है। काशीपुर में इस गैंग की यह पहली घटना थी।

### छः माह पूर्व हल्द्वानी में दिखे थे गैंग के गुर्गे

**काशीपुर :** एसपी अभय सिंह ने बताया कि करीब छः माह पूर्व पुलिस को इनपुट मिला था कि मोबाइल फोन की दुकानों में चोरी करने वाले घोड़ा हसन गैंग के दो गुर्गे हल्द्वानी में नजर आये हैं। जिस पर पुलिस ने सतर्कता बढ़ाते हुए काशीपुर के मोबाइल फोन व्यापारियों से सेंट्रल लॉक, सीसीटीवी कैमरे, संदिग्धों पर नजर रखने के साथ ही उन क्षेत्रों में पुलिस गश्त भी बढ़ा दी थी। अब गैंग ने मौका पाकर यहां चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

### ठिकाना बदल कर रहते हैं गैंग के सभी गुर्गे

**काशीपुर :** मोबाइल फोन की चोरी का खुलासा करने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। एसपी अभय सिंह ने बताया कि घोड़ा हसन गैंग के सदस्य अपना ठिकाना बदलते रहते हैं। छानबीन में उनकी लोकेशन दिल्ली में मिली। जहां आरोपी ख्याला नाम की जगह पर वर्मा के मकान पर किराये पर रह रहे थे। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और सफलता हासिल की।

### आरोपी नेपाल में बेचते हैं मोबाइल फोन

**काशीपुर :** एसपी अभय सिंह ने बताया कि गैंग के सदस्यों द्वारा चोरी करने से पूर्व उस क्षेत्र की रेकी की जाती है। फिर कुछ दिनों के बाद उस दुकान में आकर दुकान के आगे चादर लगाकर शटर को बीच से काटा जाता है। उसके बाद लोहे की रॉड से उठाकर एक सदस्य दुकान के अंदर घुसकर मोबाइल चोरी करता है और मोबाइल के डिब्बे वहीं फेंक देते हैं तथा चोरी के मोबाइलों को नेपाल में बेच देते हैं।


रुद्रपुर में बैट्री चोरी का खुलासा करते एसपी क्राइम। ● अमृत विचार

### मोबाइल टावर की बैट्रियां चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश

रुद्रपुर, अमृत विचार : थाना पंतनगर पुलिस ने मोबाइल टावर से बैट्रियां चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर 12 बैट्री के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। रविवार को पुलिस कार्यालय में खुलासा कर एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके, सीओ पंतनगर ओमप्रकाश शर्मा और थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह डांगी ने बताया कि निजामाबाद रूप थामी एटा यूपी निवासी आयुष दुबे ने 27 मई को सूचना दी थी कि पंतनगर विवि परिसर में लगे जियो रिलायंस टावर से लिथियम लायन की सात बैट्रियां चोरी हो चुकी हैं, जिसके आधार पर तत्काल पुलिस की एक टीम बनाकर पर्दाफाश के लिए लगाई गई। तफ्तीश के दौरान सूचना के आधार पर जब टीम ने दिनेशपुर मोड़ पर वाहन चेकिंग शुरू की तो सामने से आ रही कार संख्या यूके-19ए-7155 के सवारों ने भागने की कोशिश की। पुलिस ने घेराबंदी कर कार सवार गांव छोई रामनगर निवासी ललित सिंह रावत, ग्राम गैबुआ कालाढूंगी निवासी दीपक पांडेय और कैनाल रोड गली नंबर-25 गुमानी वाला थाना ऋषिकेश निवासी संदीप कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर पंतनगर विवि से चुराई गई सात बैट्री के अलावा नैनीताल जनपद से चुराई गई पांच बैट्रियों को संजय वन स्थित झाड़ियों से बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि बरामद बैट्री की कीमत 8 .40 लाख रुपये के करीब है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

## गोकशी करते दो दबोचे तीन आरोपी हुए फरार

**किच्छा:** कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में गो संरक्षण स्क्वायड की टीम ने गोकशी किए जाने की सूचना पर दो तस्करों को दबोच लिया, जबकि तीन आरोपी टीम को चकमा देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में गोमांस बरामद किया है।

टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि कोतवाली अंतर्गत दरऊ क्षेत्र में ईंट भट्ठे के निकट नदी किनारे कुछ लोग गोकशी कर गोमांस की पैकिंग कर रहे हैं। टीम मौके पर पहुंची। टीम ने मौके पर गोकशी कर रहे आरोपियों को पहचान लिया। नदी किनारे पांच आरोपी मांस काटने के साथ ही मांस की पैकिंग कर रहे थे।

टीम ने दबिश देकर दो आरोपियों को मौके पर पकड़ लिया, जबकि तीन आरोपी फरार हो गए। फरार आरोपियों की पहचान ग्राम दरऊ, थाना किच्छा निवासी ताहिर अली, अलीम तथा आमिर खान उर्फ भोला के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने मौके पर चापड़ एवं चाकू से मांस काट रहे ग्राम दरऊ, थाना किच्छा निवासी असद कुरेशी एवं गुलफाम खान को दबोच लिया। टीम ने मौके पर करीब 60 किलोग्राम प्रतिबंधित मांस सहित उपकरण बरामद कर कब्जे में ले लिए। टीम द्वारा पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. मृगेश चौधरी को मामले की सूचना दी गई। पांचों आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# एक ही मकान का दो से सौदा, लाखों हड़पे

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** आईटीआई थाना में जसपुर के मोहल्ला जुलाहान व हाल मोहल्ला जसपुर खुर्द निवासी एक व्यक्ति ने तहरीर सौंपी, जिसमें बताया एक जनवरी 2021 को उसने मोहल्ला जसपुर खुर्द निवासी एक व्यक्ति से नीझड़ा में 600 स्क्वायर फीट में बने हुए मकान का 13 लाख रुपये में सौदा किया था। इसके बाद उसने बैंक से मकान फाइनेंस कराकर 13 लाख रुपये उसको दे दिए।

आरोप लगाया कि तीन वर्ष बाद भी उसे मकान पर कब्जा नहीं मिला। जब वह मकान पर कब्जे की बात कहता है तो वह व्यक्ति उसे जान से मारने की धमकी देता है। पीड़ित ने पुलिस में बताया कि आरोपी एक शातिर किस्म का भू-माफिया है और वह मकान दिखाकर उस पर लोन कराता है। बाद में वह रकम को हड़प लेता है। उधर नगर पंचायत मसवासी तहसील टांडा जिला रामपुर व हाल मोहल्ला जसपुर खुर्द निवासी एक व्यक्ति ने आईटीआई थाना में तहरीर सौंपी। बताया वह ठाकुरद्वारा स्थित कृषि विभाग में टेक्नीकल असिस्टेंट के पद पर कार्यरत है। बताया उसने जसपुर खुर्द निवासी एक व्यक्ति से नीझड़ा क्षेत्र में एक हजार स्क्वायर फीट मकान का सौदा 20 लाख रुपये में 7 सितंबर 2001 को किया था। उसने सौदा होने के बाद रजिस्ट्री कराकर 15 लाख रुपये एक फाइनेंस कंपनी से होम लोन कराकर उसे अदा कर दिए। जबकि तीन लाख रुपये अन्य माध्यमों से दिए।

## महिलाओं के साथ घर में घुसकर मारपीट

**जसपुर:** घर में घुसकर महिलाओं के साथ मारपीट की गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जसपुर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी सानिया परवीन ने कोतवाली में तहसील देकर कहा कि तीन जून की रात्रि 9 बजे साकिब निवासी नई बस्ती उसके घर में घुस आया और गाली-गलौज करने लगा। इस पर उसकी मामी ने हस्तक्षेप किया तो वह दोनों को बाहर रोड तक मारते-पीटते ले गया। शाकिब और उसके परिवार वाले भी आकर मारने-पीटने लगे। उसके बाद उन्हें गंभीर हलत में छोड़कर चले गये। शाकिब के साथ साथ आये उसके गुलशेर पिता, भाई सोनू, चाचा सलीम, उसके बहनोई जुल्फुकार व फरमान ने मारपीट की। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# सड़क हादसे में दो नेपाली युवकों की मौत

**दुखद**

- एक युवक गंभीर, नेपाल से नानकमत्ता घूमने आए थे तीनों
- बाइक से नेपाल लौटते समय सड़ासड़िया के पास हुआ हादसा

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** ग्राम सड़ासड़िया के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार नेपाली मूल के दो युवकों की मौत हो गई। एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

महेन्द्रनगर, नेपाल निवासी निखिल (22) पुत्र लच्छी, सागर (22) पुत्र वीर बहादुर और सोहन (19) पुत्र संतोष शनिवार को बाइक से नानकमत्ता घूमने आए थे। शाम को तीनों बाइक से महेन्द्रनगर, नेपाल जा रहे थे। वे सड़ासड़िया के पास पहुंचे ही थे कि सामने से आ रहे वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिसमें तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर 108 ने घायलों को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने निखिल और सागर को मृत घोषित कर दिया। घायल सोहन का उपचार किया गया। इधर, घटना की सूचना पुलिस ने मृतकों के परिजनों को दी। रविवार को युवकों के परिजन अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। परिजन शव लेकर नेपाल रवाना हो गए। सभी युवक आपस में रिश्ते के भाई हैं। मृतक निखिल गुजरात में सेल्समैन का काम करता था और तीन दिन पहले ही गुजरात से आया था। निखिल चार बहनों का इकलौता भाई था। निखिल अपने पीछे पत्नी जिया और एक साल की पुत्री को रोता बिलखता छोड़ गया है। वहीं मृतक सागर छात्र था जो नेपाल में ही पढ़ाई करता था।


खटीमा के नागरिक अस्पताल में पहुंचे परिजन। ● अमृत विचार


निखिल।


सागर।


खटीमा अस्पताल में भर्ती घायल सोहन।

# कार ने तोड़ा पोल, छाया अंधेरा

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** तेज रफ्तार कार चालक ने अनियंत्रित होकर विद्युत पोल में जोरदार टक्कर मार दी जिससे कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के साथ ही विद्युत पोल के टूटकर गिर गया। इस घटना के बाद से आसपास के क्षेत्र की विद्युतापूर्ति बाधित हो गई। सूचना पर पहुंचे ऊर्जा निगम के कर्मचारियों ने रात में ही कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद विद्युतापूर्ति को सुचारु किया।

बाजपुर-बेरिया दौलत मुख्यमार्ग पर शहर से करीब तीन किमी दूर ग्राम लखनपुर के पास शनिवार की देर रात अज्ञात कार चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाही से वाहन चलाते हुए अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े सीमेंटेड विद्युत में जोरदार टक्कर मार दी। बताया जाता है कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि विद्युत पोल टूटकर जमीन पर गिर गया और तारों में टचिंग होने से तेज चिंगारियां निकलने लगी। अचानक हुई इस घटना से ग्रामीण सकते में आ गए और घटना स्थल के आसपास रह रहे परिवारों के लोग घरों से बाहर निकल आए। हादसे में कार का एक हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना के बाद गांव की विद्युतापूर्ति बाधित हो गई जिसके चलते भीषण गर्मी के बीच ग्रामीणों को मच्छर इत्यादि का प्रकोप झेलना पड़ा।

वहीं घटना के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। एसडीएम ललित मोहन ने बताया कि अज्ञात कार चालक के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी जा रही है।


बाजपुर में अनियंत्रित कार की टक्कर से टूटा विद्युत पोल।

## घायलों को अस्पताल पहुंचाने में लापरवाही बरतने का आरोप

**बाजपुर :** तीन दिन पहले गड़प्पू पुलिस चौकी क्षेत्रांतर्गत नैनीताल हाइवे पर हुई कार व स्कूटी भिड़ंत में घायलों को अस्पताल पहुंचाने में पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगा पीड़ित परिवार व क्षेत्रवासियों ने विहिप गौरक्षा विभाग के प्रदेश मंत्री यशपाल राजहंस की अगुवाई में पुलिस महानिदेशक को संबोधित ज्ञापन एएसआई सुनील कुमार को सौंपा। विहिप गौरक्षा विभाग के प्रदेश मंत्री यशपाल राजहंस ने कहा कि घटना का जो वीडियो वायरल हो रहा है उसमें स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि दोनों ही युवक दुर्घटना के बाद रोड पर तड़प रहे हैं। पुलिस कर्मियों ने उन्हें तत्काल चिकित्सालय पहुंचाने का प्रयास नहीं किया। ऐसे पुलिस कर्मियों के खिलाफ तत्काल प्रभाव से कार्यवाही होनी चाहिए। इस मौके पर मृतक आदर्श कुमार के दादा रमेश ठेकेदार, उत्तराखंड दलित समाज सुधार संगठन के प्रदेशाध्यक्ष अनिल वाल्मीकि, स्वामी विवेकानंद सामाजिक उत्थान संघ के अध्यक्ष आशीष ठाकुर, कांग्रेसी नेता प्रेम यादव, विकल वाल्मीकि, जोनी राजहंस आदि मौजूद रहे।

# वैन पलटी, सात लोग घायल

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** तेज रफ्तार वैन अनियंत्रित होकर खेत में जा पलटी। हादसे में वैन में सवार सात लोग घायल हो गए। इनमें से चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को सरकारी और निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मूल रूप से बिसोली चंदोसी (उप्र) निवासी रत्ना (18), सीमा (20) पुत्रियां शंकर, जयंती (27) पत्नी ओमप्रकाश, कोमल (15) पुत्री जोधा, गीता (23) पत्नी निर्वाण व भोना इस्लामनगर बाजपुर निवासी हर्षिता (6) पुत्री किशनबीर रविवार को वैन संख्या (यूपी26/एक्यू1812) में सवार होकर ग्राम इकघरा बाजपुर में रिश्तेदार के घर आए थे और वहां से सभी लोग नगरपालिका के वार्ड नंबर-12 भोना इस्लामनगर में एक परिचित के घर आयोजित किसी कार्यक्रम में शिरकत करने आ रहे थे। बताया जाता है कि चालक पीलीभीत (उप्र) निवासी सतीश पुत्र ख्यालीराम वैन को काफी तेज रफ्तार से चला रहा था, जिसके चलते भोना-बिराहा रोड पर 90 एकड़ बिराहा फार्म के पास तीव्र मोड़ पर चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिससे वैन अनियंत्रित होकर खेत में जा पलटी। हादसे में कार में सवार सात लोग घायल हो गए जिनमें से चार को सरकारी अस्पताल, जबकि अन्य को निजी चिकित्सालय ले जाया गया। सरकारी अस्पताल में भर्ती घायलों को प्राथमिक उपचार देकर चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया है।


बाजपुर के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचीं घायल महिलाएं।

## सेल्समैन की मौत में वाहन चालक पर केस

**जसपुर :** सड़क दुर्घटना में हुई सेल्समैन की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

गोविंद नगर, कटघर ,मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) निवासी ममता सैनी ने जसपुर कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि उसके पति नरेश सैनी पुत्र मंगल सैनी मोनार्क नमकीन कंपनी में सेल्स का कार्य करते थे कि 2 जून को दोपहर करीब 1:30 बजे जसपुर के पास की नगर पंचायत महुआडाबरा में कब्रिस्तान के पास सड़क किनारे स्थित एक दुकान पर खड़े हुए थे, तभी कार संख्या यूके 18 जी/4925 के चालक ने तेजी व लापरवाही से कार चलाते हुए उन्हें रौंद दिया। उन्हें गंभीर हालत में उपचार हेतु जसपुर के सरकारी अस्पताल में गया। वहां पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**रोष** — बिगवाड़ा मंडी में बनाया गया था स्ट्रांग रूम, पंखे ले जाने और कनेक्शन काटने का आरोप लगाया

# विद्युत विभाग के खिलाफ मंडी के व्यापारियों का प्रदर्शन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** बिगवाड़ा मंडी के आढ़तियों का विद्युत कनेक्शन काटने और पंखे ले जाने का आरोप लगाते हुए फल-सब्जी मंडी के कारोबारियों ने विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। जल्द ही विद्युत विभाग ने व्यवस्था को सुचारु नहीं किया तो आढ़ती एसोसिएशन आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

रविवार को फल-सब्जी आढ़ती एसोसिएशन से जुड़े पदाधिकारी और कारोबारी बिगवाड़ा मंडी में एकत्रित हुए और विद्युत विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रशासन द्वारा बिगवाड़ा मंडी में स्ट्रांग रूम बनाया गया था, जिसमें ईवीएम मशीनों को रखा गया था। आरोप था कि एक माह कामकाज ठप होने के बाद जब आढ़तियों ने अपनी-अपनी दुकानों को खोला तो पाया कि सभी आढ़तियों की आढ़त का विद्युत कनेक्शन कटा हुआ है और पंखे के बोर्ड व पंखे भी गायब हैं। इस संबंध में जब विद्युत अधिकारियों को अवगत कराया तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके अलावा आढ़तियों की दुकानों के शटर को दीवार में चुनवा दिया गया। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही विद्युत विभाग ने आढ़तियों की दुकानों में विद्युत व्यवस्था और गायब पंखों की व्यवस्था नहीं कराई तो आढ़ती एसोसिएशन आंदोलन करेगा। इस अवसर पर एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष मनोज राजदेव, राज मुंजाल, महेंद्र सागर, जमील खान, विजय सैनी, किशन पाल, सुरजीत चौहान, मनोज कुमार, बबलू, अमनदीप सिंह, चेतन गुगलानी, सूरज कुमार आदि मौजूद रहे।



रुद्रपुर में प्रदर्शन करते आढ़ती। ● अमृत विचार



शटर के बाहर बनाई दीवार को तोड़ते श्रमिक। ● अमृत विचार

# चेक चोरी कर लाखों की ठगी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** शहर में इन दिनों ड्रॉप बॉक्स से चेक चोरी कर बदलने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। तीसरा प्रकरण आने के बाद अब एक ऑटो शोरूम कंपनी का कंप्यूटराइज्ड लाखों का चेक बदलने का चौथा मामला सामने आया है। यहां भी उसी तकनीक से चेक में अंकित फर्म को बदलकर लाखों का भुगतान जम्मू के खाते में कराया गया। कंपनी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

लेकिन रविवार को व्यापारी नेताओं ने चौथे मामले का भी खुलासा किया। जिसमें संदिग्ध द्वारा कंप्यूटराइज्ड चेक को बदलकर 2.30 लाख की रकम को गुरुदत्त सिंह निवासी तरनतारन पंजाब के नाम से जम्मू स्थित अपने खाते में भुगतान किया गया। व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष संजय जुनेजा ने बताया कि शहर के आकांक्षा ऑटोमोबाइल कंपनी ने एलएम ट्रेडर्स के नाम 2.30 लाख रुपये का कंप्यूटराइज्ड चेक सिविल लाइंस स्थित बैंक के ड्रॉप बॉक्स में डाला था, लेकिन 31 मई का चेक का भुगतान नहीं हुआ तो फर्म ने बैंक जाकर जानकारी मांगी।

पता चला कि ड्रॉपबॉक्स में डाले गए चेक को संदिग्ध व्यक्ति द्वारा निकालकर कंप्यूटराइज्ड चेक में केमिकल लगाकर अपनी फर्म का नाम डाल दिया और 2.30 लाख रुपये का भुगतान कर लिया। व्यापारी नेता ने बताया कि मामले का शिकायती पत्र पुलिस को दिया गया है और नैनीताल हाईवे स्थित एक निजी बैंक में भी इसी प्रकार का मामला सामने आया है। ऐसे में आशंका जताई जा सकती है कि यदि फर्जीवाड़ा प्रकरण की बारीकी से जांच की जाए तो यह एक बड़ा फर्जीवाड़ा प्रकरण खुल सकता है।


असली और बदला गया चेक। ● अमृत विचार

## एक नजर

### शराब के साथ गिरफ्तार

**काशीपुर :** पैगा चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान बांसखेड़ा पुल के नीचे से एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस ने अवैध शराब बरामद की। आरोपी ने अपना नाम ग्राम जगन्नाथपुर निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र अजायब सिंह बताया। पुलिस ने आरोपी का चालान किया है। पुलिस टीम में कांस्टेबल अमित राणा, जितेन्द्र राय रहे।

### 21 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**किच्छा :** पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम ने नशा तस्कर को 21 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ दबोच लिया। थाना अध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में कांस्टेबल इंद्रप्रकाश एवं कांस्टेबल अनिल कुमार की टीम ने बरा चौकी क्षेत्र में देर रात्रि गश्त के दौरान सिरसा नहर, ग्राम बरा, थाना पुलभट्टा निवासी गुरमीत सिंह को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना अध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि नशे के विरुद्ध चलाया जा रहा अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### 10 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा तस्कर

**बाजपुर :** एसएसपी द्वारा जनपदभर में संचालित नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने ग्राम चकरपुर निवासी जीत सिंह पुत्र नन्हें को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ चकरपुर अंडरपास के पुल के पास से गिरफ्तार किया है।

# उत्पीड़न रोकने व न्यूनतम मजदूरी देने की मांग को लेकर गरजे श्रमिक

## विभिन्न संगठनों ने मजदूर पंचायत कर उठाई आवाज, शोषण के खिलाफ मजदूरों में गुस्सा



रुद्रपुर केगांधी पार्क में मजदूर पंचायत में विचार रखते वक्ता। ● अमृत विचार

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार :** औद्योगिक आस्थानों में न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने के शासनादेश का उल्लंघन करने और मजदूर उत्पीड़न के खिलाफ गांधी पार्क में मजदूरों की एक पंचायत हुई। जिसमें कई कंपनियों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया और अपनी आवाज को बुलंद किया। पंचायत में निर्णय लिया गया कि तानाशाही प्रबंधन के खिलाफ मजदूर संगठन एकजुट होकर पुरजोर विरोध करेंगे।

**आक्रोश**

रविवार को डॉल्फिन मजदूर संगठन और कई सामाजिक व मजदूर संगठन के आह्वान पर बुलाई गई मजदूर पंचायत गांधी पार्क में हुई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि सिडकुल की स्थापना होते ही श्रमिक उत्पीड़न शुरू हो गया। कभी ठेकेदारी प्रथा के नाम पर तो कभी बगैर कारण बताओं नोटिस के बाद गेट बंदी होती है। बताया कि उत्तराखंड सरकार द्वारा न्यूनतम वेतनमान बढ़ाने का शासनादेश जारी किया था। बावजूद सिडकुल की किसी भी कंपनी ने मानदेय नहीं बढ़ाया और कम वेतनमान पर मजदूरों से 12 घंटे मजदूरी करवाई जा रही है। जब इसका मजदूरों ने विरोध किया तो कंपनियों ने नौकरी से निकालना शुरू कर दिया। आरोप लगाया कि कंपनी प्रबंधन के इस हिटलरशाही रवैये को पुलिस प्रशासन व श्रम विभाग भी सहायता करता है। यही कारण है कि लोकतंत्र में अपनी आवाज उठाने पर पीड़ित मजदूर पर ही मुकदमा पंजीकृत किया जाता है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मजदूर पंचायत में निर्णय लिया गया कि यदि जल्द ही न्यूनतम वेतन वृद्धि और मजदूरों का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो मजदूर संगठन आंदोलन करेंगे। इस मौके पर श्रमिक संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश तिवारी, सौरभ पटेल, सुनीता रानी, बसंत गोस्वामी, गंगा सिंह, गणेश मेहरा, अभिताब सिंह, संजीव कुमार गुप्ता, स्वामी आधार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## दो पक्षों में झगड़ा सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**जसपुरः** दो पक्षों के बीच हुए झगड़े में पुलिस ने दोनों ओर के सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

जसपुर के मोहल्ला जुलाहान ईदगाह रोड निवासी मोहम्मद यूनुस पुत्र अब्दुल रहीम ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि 7 जून की शाम 4 बजे उसका पुत्र शमशाद किसी कार्य से बाहर जा रहा था, कि इसी दौरान मौहल्ले के नासिर व दानिश पुत्र फुरकान एंव अय्यान पुत्र इरफान ने रास्ते में उसके साथ गाली-गलौज कर उस पर जानलेवा हमला कर दिया। उसके सिर पर फंटी लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने उसकी हालत चिंताजनक देख हल्द्वानी रेफर कर दिया। उधर मोहल्ला जुलाहान निवासी सलमा परवीन पत्नी मोहम्मद इरफान ने कहा कि उसका पड़ोसी रंजिश रखता है, 7 जून की शाम 4 बजे उसके नाबालिग देवर अय्यान के साथ नौशाद, इरशाद, सम्मू पुत्र मोहम्मद यूनुस व मो. यूनुस ने गाली गलौज कर मारपीट की। चीख पुकार सुनकर जब परिजन उसे बचाने आये तो उनके साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सार-संक्षेप



घायल बछड़े को गोशाला भिजवाते उत्तरी देवधाम जनकल्याण समिति के कार्यकर्ता।

### चार निराश्रित गोवंश को रेस्क्यू कर गोशाला भेजा

**जसपुर :** उत्तरी देवधाम जनकल्याण समिति ने चार निराश्रित गोवंशियों को रेस्क्यू कर गोशाला में भिजवाया। गौ रक्षा केक्षेत्र में सक्रिय उत्तरी देवधाम जन कल्याण समिति के संस्थापक अध्यक्ष महाराज सिंह चौहान ने बताया कि एक बछड़ा पिछले दिनों जसपुर-पतरामपुर मार्ग पर बड़े शिव मंदिर के पास सड़कदुर्घटना में घायल हो गया था और उसके पिछले बायें पैर की हड्डी टूट गयी थी, जिसका उपचार कराया गया। उपचार के बाद उसका पर किसी हद तक ठीक हो पाया। इसे संरक्षित करने के लिए गोशाला भिजवाया रहा है। इसके अलावा तीन अन्य गोवंशियों को भी संरक्षित करने के लिए गोशाला भिजवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वे इससे पहले भी कई निराश्रित गोवंशियों को गोशाला पहुंचा चुके हैं।

### अज्ञात शव की दूसरे दिन भी शिनाख्त नहीं

**जसपुर :** नहर में मिले अज्ञात युवक के शव की दूसरे दिन भी शिनाख्त नहीं हो पाई। शनिवार को उत्तराखंड की जसपुर कोतवाली की सीमा से सटे थाना रेहड़ ,बिजनौर ( उत्तर प्रदेश) की सीमा के गांव जाफराबाद के पास नहर में एक अज्ञात युवक का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ था, जिसकी शिनाख्त नहीं हो पाई थी। थाना रेहड़ कोतवाल धीरज सोलंकी ने बताया कि उक्त अज्ञात युवक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शिनाख्त हेतु बिजनौर पोस्टमार्टम हाउस मोर्चरी पर रखा गया है। लेकिन रविवार को दूसरे दिन भी अज्ञात युवक के शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। उन्होंने बताया कि पुलिस आसपास के क्षेत्र में इस घटना के संबंध में आवश्यक जानकारी जुटाना में जुटी हुई है। लेकिन उसे अभी तक किसी प्रकार की कोई सफलता नहीं मिल पाई। इससे इस बात का अंदाज लगाया जा रहा है यह शव किसी दूसरे क्षेत्र से यहां लाकर फेंका गया है, इसीलिए उसकी पहचान नहीं हो पा रही है।

# छात्र का 60 घंटे बाद भी नहीं लगा पता

**संवाददाता, पंतनगर**

**अमृत विचारः** विवि परिसर के शिवालिक भवन छात्रावास से शुक्रवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए एमटेक छात्र राघवेंद्र सिंह परमार का रविवार शाम तक कोई पता नहीं चला, जबकि छात्र की खोजबीन में विवि प्रशासन सहित पुलिस की तीन टीमें लगी हैं, जिनका नेतृत्व खुद एसपी सिटी मनोज कत्याल कर रहे हैं।

त्रिवेणीपुरम झूंसी, प्रयागराज (यूपी) निवासी राघवेंद्र सिंह परमार (24) पुत्र रणंजय सिंह परमार जीबी पंत कृषि विवि के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में एमटेक (सिविल इंजीनियरिंग) प्रथम वर्ष का छात्र है और शिवालिक भवन छात्रावास के कमरा नंबर-202 में रहकर पढ़ाई कर रहा है। राघवेंद्र

> विवि के छात्रावास से किसी छात्र का लापता होना बहुत संजीदा घटना है। वार्डन की तहरीर पर गुमशदगी दर्ज कर छात्र की खोजबीन के लिए पुलिस की तीन टीमें गठित की गई हैं, जिनका नेतृत्व में स्वयं कर रहा हूं। छात्र की लोकेशन मिलने की खबर गलत है। हमारी सर्विलांस और पुलिस टीमें तत्परता से लगी हैं, जल्द ही छात्र को खोज लिया जाएगा।
> **-मनोज कत्याल**, एसपी सिटी रुद्रपुर

शुक्रवार दोपहर 12 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया। उसका मोबाइल बंद मिलने पर वार्डन और सुरक्षा कर्मियों ने राघवेंद्र की संभावित जगहों पर तलाश के बाद उसके गायब होने की सूचना उसके परिजनों को दी। शनिवार को छात्र के परिजन पंतनगर पहुंच गए, जिसके बाद पुलिस में तहरीर देकर उसकी खोजबीन जारी रही। वार्डन डॉ. राजीव रंजन ने विवि के सभी विभागों और नगला, गोलगेट, आनंदपुर जवाहर नगर व शांतिपुरी आदि में छात्र के लापता होने की सूचना फोटो सहित प्रसारित कर लोगों से छात्र से संबंधित कोई भी जानकारी होने पर उनसे संपर्क करने की अपील की। साथ ही वार्डन और अन्य अधिकारी सुरक्षा कर्मियों के साथ हर संभावित जगह पर तलाश करते रहे। उधर पुलिस ने छात्र की गुमशुदगी दर्ज कर तीन टीमें गठित कर छात्र की तलाश शुरू कर दी। एसआई दिनेश रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रविवार को छात्रावास में लगभग 50 छात्रों सहित छोटी मार्केट में दुकानदारों से पूछताछ की। साथ ही क्षेत्र के नगला, गोलगेट व जवाहरनगर में पूछताछ कर एक संदिग्ध को भी उठाया, लेकिन फिर भी अब तक छात्र का कोई सुराग नहीं मिला है।

## मां वैष्णो देवी की दिव्य ज्योत काशीपुर पहुंची

**काशीपुरः** मां वैष्णो देवी जम्मू से ढकिया गुलाबो काशीपुर के जय मां भारती संस्था का एक बेड़ा मां की दिव्य ज्योत लेकर रविवार को काशीपुर पहुंचा। नगर वासियों ने ढोल नगाड़ों के साथ पुष्प वर्षा कर मां की दिव्या ज्योत का स्वागत किया और मां के जयकारे लगाए। बेड़े का नेतृत्व करने वाले अरुण शर्मा और मयंक भारद्वाज ने बताया कि कार से चार दिन में जम्मू से मां वैष्णो देवी की दिव्य ज्योत लेकर काशीपुर आए हैं। नगर के कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के द्वारा ज्योत को रोककर दर्शन किए। जागरण का आयोजन भी किया जा रहा है। जसोदा शर्मा सचिव जय मां भारती ने बताया कि सोमवार सुबह 5 बजे ढकिया गुलाबो में पंडित सुरेंद्र शर्मा के निवास पर मां वैष्णो देवी दिव्य जोत की आरती होगी।

# निकाय चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान

**संवाददाता, काशीपुर**



सपा के प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** निकाय चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने बैठक का आयोजन किया। जिसमें मेयर से लेकर पार्षद पद के लिए आवेदन मांगे गए। साथ ही यूपी में लोकसभा चुनाव में हुई जीत पर खुशी जाहिर की और मिठाई खिलाकर एक-दूसरे को मुंह मीठा किया। वहीं पार्टी को उत्तराखंड में मजबूत करने पर जोर दिया गया।

गिरिताल रोड स्थित एक होटल में आयोजित समाजवादी पार्टी की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष शंभू प्रसाद पोखरियाल और प्रदेश प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने भाग लिया और कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर आगामी निकाय चुनाव में जुटने का आह्वान किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष पोखरियाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जिस प्रकार से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी ने अपने सबसे ज्यादा सांसदों को विजय दिलाई है। प्रदेश सचिव आकाश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी में ही युवाओं का भविष्य सुरक्षित है। बैठक में प्रदेश सचिव सरदार अमरदीप सिंह सिद्धू, प्रदेश महासचिव संजय सिंह, अतुल शर्मा, महिला जिलाध्यक्ष जया ठाकुर, निशा खान, हिना खान, सपना देवी, सुशीला देवी, मोहम्मद नाजिम सैफी, विक्की बठला, डॉ. राजीव कुमार गुप्ता, गुरकीरत सिंह, विजय कुमार शर्मा, सुमित यादव, सतीश कुमार, सोमपाल आदि उपस्थित रहे।

### सपा से नगर निगम चुनाव को 11 लोगों ने किया आवेदन

**काशीपुर :** सपा के राष्ट्रीय सचिव व जिला उधम सिंह नगर के प्रभारी अरविंद यादव ने कहा कि जिला उधम सिंह नगर में समाजवादी पार्टी ने निकाय चुनाव को लेकर अपनी तैयारी शुरू कर दी है और आज उसी क्रम में काशीपुर से निगम चुनाव के दावेदारों में एडवोकेट जया ठाकुर के अतिरिक्त 10 लोगों के आवेदन आए हैं। उन्होंने निकाय चुनाव में लड़ने की इच्छा जाहिर की है। उन्होंने कहा समाजवादी पार्टी पूरी ताकत से नगर निगम के चुनाव लड़ेगी। जिला अध्यक्ष रवि छाबड़ा ने कहा कि जिले में प्रत्येक सप्ताह हर विधानसभा के अंदर बैठक की जाएगी और वहां के इच्छुक नगर निकाय चुनाव के उम्मीदवारों के आवेदन लिए जाएंगे।

# चिलचिलाती धूप व लू के थपेड़ों से लोग बेहाल

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**मौसम**

- पिछले एक सप्ताह से तराई का तापमान 41 डिग्री के आसपास
- मौसम वैज्ञानिकों ने कहा आने वाले दिनों में भी राहत नहीं मिलेगी

**अमृत विचारः** तराई में पिछले एक सप्ताह से चल ही गर्म हवाओं के साथ चिलचिलाती धूप से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले एक सप्ताह से तापमान भी 39 से 41 डिग्री के आसपास रहा। वहीं मौसम वैज्ञानिकों ने आने वाले दिनों में भी इसी तरह का मौसम होने की संभावना जतायी है।

यहां बता दें पिछले एक सप्ताह से तराई में अधिकतम तापमान 39 डिग्री से 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। इससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। हालांकि लोग दिन में कम ही बाहर निकल रहे हैं। आवश्यक काम से लोग घरों से बाहर निकलने को मजबूर हैं। जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि रविवार को तराई का अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस रहा। वातावरण में नमी की मात्र 35 फीसदी और दक्षिण पूर्व से 12.4 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में इसी तरह की गर्मी रहेगी।

## दो पक्षों में मारपीट, एक पक्ष के चार नामजद

**खटीमा :** पुलिस ने भिलैया जमौर में दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में एक पक्ष की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम भिलैया जमौर निवासी भगत सिंह राना ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि चार जून को वह घर पर खाना खा रहा था। उसी दौरान आनन्द सिंह ने उसे बाहर बुलाया और उसके बाहर आते ही आनन्द सिंह, रोहित सिंह, छुटकू सिंह और सुमित निवासी ग्राम भिलैया जमौर ने लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। पत्नी रीता राना ने बचाने का प्रयास किया तो उक्त लोगों ने उसकी पत्नी से छेड़छाड़ की व धक्का देकर गिरा दिया। बाद में आसपास के लोगों ने उसे बचाया। जाते-जाते वह जान से मारने की धमकी देकर गए। पुलिस ने भगत सिंह की तहरीर पर आनन्द सिंह, रोहित सिंह, छुटकू सिंह, सुमित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने बताया कि जांच सत्रहमील पुलिस चौकी प्रभारी ललित बिष्ट को सौंपी है।

# कोतवाली पुलिस ने उठाया साफ-सफाई का बीड़ा

**सराहनीय**

- कोतवाल के नेतृत्व में ग्रामीणों को किया जा रहा जागरूक

**राजेंद्र सहगल 'राजू', किच्छा**



किच्छा में कलकत्ता चौकी की सफाई करते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** नगर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ ही सभी चौराहों को अतिक्रमण मुक्त कर जन जागरूकता अभियान के तहत कोतवाली पुलिस की टीम ने कमर कस ली है।

प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा के दिशा निर्देशन के बाद कोतवाली पुलिस की पूरी टीम सक्रिय भूमिका में मुस्तैद नजर आ रही है। कोतवाली अंतर्गत सभी चौकियों तथा कोतवाली परिसर की साफ सफाई व्यवस्था, दिन एवं रात्रि के समय सार्वजनिक स्थानों के अलावा धार्मिक स्थान पर पुलिस टीम की गश्त, अतिक्रमण आदि बिंदुओं को लेकर विशेष कार्य योजना के तहत पुलिस का अभियान शुरू हो गया है। प्रभारी निरीक्षक शर्मा द्वारा प्रत्येक बिंदु पर योजना के तहत पुलिस ड्यूटी लगाने के साथ ही योजना के तहत किए जा रहे कार्यों की प्रमाणिकता की भी जांच की जा रही है। ड्यूटी पर तैनात पुलिस टीम द्वारा मौके पर की जा रही गश्त, चेकिंग अभियान, जागरूकता अभियान सहित अन्य गतिविधियों की मोबाइल सेल्फी के माध्यम से प्रभारी निरीक्षक शर्मा द्वारा स्वयं जांच की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक के निर्देश पर कोतवाली अंतर्गत सभी चौकी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर चेकिंग अभियान चलाकर अपराधियों पर नकेल एवं अपराधों पर अंकुश लगाने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है।

### साइबर क्राइम व नशे को लेकर कर रहे जागरूक

ग्रामीण क्षेत्रों में कोतवाली पुलिस की टीम ग्रामीणों को साइबर क्राइम, महिला अपराध, नारी सुरक्षा, नशे की रोकथाम तथा नशे के दुष्प्रभाव को लेकर जागरूक कर सराहनीय कार्य कर रही है। कोतवाली अंतर्गत लालपुर चौकी, कलकत्ता चौकी, बरा चौकी, दरऊ चौकी आदि क्षेत्रों में साफ सफाई तथा व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है। पूर्व में नगर के रेलवे फाटक, महाराणा प्रताप चौक, दीनदयाल चौक, आदित्य चौक, अंबेडकर चौक पर लगने वाले जाम के कारण वाहन चालकों एवं आम जनता को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, परंतु अब पुलिस प्रशासन द्वारा सभी चौराहे पर लगने वाले ठेले फड़ तथा अवैध अतिक्रमण को सख्ती से कार्रवाई कर हटा दिया गया है।

### एनएच पर ई-रिक्शा का संचालन किया जाए बंद

नगर में चलने वाले टुकटुक रिक्शा वाहनों की लगातार हो रही बढ़ोतरी भी आम जनता के लिए सिरदर्द बन गई है। नगर क्षेत्र से खुलेआम यूपी के बहेड़ी तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर ई-रिक्शा वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन कर यात्रियों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त किए जाने की सराहना करते हुए आम जनता द्वारा अब राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलने वाले टुकटुक ई रिक्शा वाहनों पर अंकुश लगाए जाने की मांग की जा रही है। चोरी तथा अन्य अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा ने आम जनमानस से अपने निवास तथा प्रतिष्ठान पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की है।

**आस्था** | 17 मई को शुरू हुई 25वीं धार्मिक यात्रा, शहर आगमन पर कई स्थानों पर किया गया स्वागत

# मां जगदीशिला डोली यात्रा पर भक्तों ने की पुष्पवर्षा

**संवाददाता, रुद्रपुर**



पांच मंदिर में मां जगदीशिला डोली के साथ मंत्री प्रसाद नैथानी और श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** बाबा विश्वनाथ मां जगदीशिला की 25वीं डोली यात्रा के नगर आगमन पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा और कई स्थानों पर पुष्प वर्षा के साथ यात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान उद्घोष से शहर गुंजायमान हो गया।

बताते चलें कि बाबा विश्वनाथ मां जगदीशिला डोली यात्रा की शुरुआत 16 मई को टिहरी जिले के ढुंग से हुई थी। डोली यात्रा तेरह जिलों की यानि 10500 किलोमीटर की यात्रा तय करेगी। इसी क्रम में रविवार की शाम को मां जगदीशिला डोली यात्रा ने शहर में प्रवेश किया। इस दौरान बड़ी तादाद में श्रद्धालुओं ने गल्ला मंडी में स्वागत किया और पांच मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की। इस दौरान बाबा विश्वनाथ, मां जगदीशिला देवी की श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया और वातावरण भक्तिमय हो गया।

इस दौरान भाजपा के प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने बताया कि यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए गंगापुर रोड़ स्थित शैलजा फार्म में विश्राम करेगी। जहां देर रात तक बालाजी का दरबार के अलावा बाबा विश्वनाथ, मां जगदीशिला की आराधना भी की जाएगी। बताया कि यात्रा 16 जून को चारों धामों, देवालयों की यात्रा पूर्ण कर हरिद्वार में पूर्ण होगी। इस मौके पर यात्रा के मुख्य संयोजक पूर्व मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी, नगर संयोजक दिनेश भट्ट, हिमांशु शुक्ला, दिवाकर पांडेय, राजेश गर्ग, निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, प्रमोद पांडेय, आदर्श भारद्वाज, पारस चुघ, ममता गर्ग, आयुष मिड्ढा, रवि सिडाना, अनिल चौहान, रश्मि रस्तोगी, मनोज मदान, सतेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

# मोदी के फिर पीएम बनने पर जश्न



बाजपुर के बन्नाखेड़ा चौराहे पर मिष्ठान वितरित करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**संवाददाता, बाजपुर**

**अमृत विचारः** लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने के बाद उत्साहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने बन्नाखेड़ा चौराहे पर आतिशबाजी कर उत्सव मनाया। मिष्ठान वितरण किया गया। दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम से हर्षित भाजपा कार्यकर्ताओं और लोगों ने नरेंद्र मोदी को तीसरे कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर गुरदीप सिंह लंबरदार, राजेंद्र सिंह सैनी, प्रमोद दिवाकर, रवि यादव, अशोक कुमार, पवन कुमार वर्मा, गौरव सैनी, हरीश सैनी, हीरा लाल, मदनलाल वर्मा, पिंकू दिवाकर, सुरेश चंद्रा, विकास शर्मा आदि मौजूद रहे।


### परिवार का सपना साकार कर भारतीय सेना की 62 इंजीनियरिंग रेजीमेंट में कमीशन प्राप्त किया, ग्रामवासियों में खुशी

# किसान परिवार में जन्मे दिनेशपुर के अंकित सेना में बने लेफ्टिनेंट

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** ओटीए की पासिंग आउट परेड में किसान परिवार में जन्मे अंकित पाठक ने भारतीय सेना की 62 इंजीनियरिंग रेजीमेंट में लेफ्टिनेंट के पद पर कमीशन प्राप्त किया। अंकित पाठक के ऑफिसर बनने के बाद परिवारजनों में खुशी का माहौल है। वहीं क्षेत्र के गणमान्य लोगों व पूर्व सैनिक संगठन एवं ग्रामवासियों ने खुशी जताते हुए बधाई दी।

शनिवार को गया (बिहार) स्थित भारतीय सैन्य ऑफिसर अकादमी में देशभर के 118 नौजवान युवा कैडिट्स ने भारतीय सेना में बतौर ऑफिसर कमिशन प्राप्त किया। पासिंग आउट समारोह के मुख्य अतिथि वाइस चीफ आफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी रहे। लेफ्टिनेंट अंकित पाठक के पिता आनंद पाठक गांव चरनपुर (गदरपुर) के छोटी जोत के किसान है, माता प्रेमा पाठक गृहणी हैं तथा बड़े भाई दीपक पाठक इंडियन आयल में तीन वर्ष से ऑपरेशन ऑफिसर के पद पर कार्यरत है। लेफ्टिनेंट अंकित पाठक ने अपनी कठिन मेहनत, लगन और परिश्रम से ओटीए की पासिंग आउट परेड पास कर बताया उनका बचपन से ही भारतीय सेना में शामिल होकर देश की सेवा करने का सपना था एवं उनके दादा समाजसेवी स्व. रघुवर दत्त पाठक व दादी स्व. सरस्वती पाठक एवं माता प्रेमा पाठक व पिता आनंद पाठक के सपनों को साकार कर उनके आशीर्वाद से ओटीए की पासिंग आउट परेड पास कर यह मुकाम हासिल किया। अंकित पाठक के भारतीय सेना में ऑफिसर बनने पर परिजनों में खुशी का माहौल है। साथ ही क्षेत्र के गणमान्य लोगों व पूर्व सैनिक संगठनों एवं ग्रामवासियों ने खुशी जताते हुए बधाई दी।



पासिंग आउट परेड के बाद अन्य जाबांजों के साथ दिनेशपुर के अंकित। ● अमृत विचार


पासिंग आउट परेड के बाद अपने माता-पिता व बड़े भाई के साथ लेफ्टिनेंट अंकित।

# गर्मी में निगम ने शहर में लगाए तीन नए प्याऊ

संवाददाता, काशीपुर

▸▸ अब तक शहर के आठ मुख्य स्थानों पर लगे थे नगर निगम के प्याऊ

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में लोगों को राहत देने की नगर निगम ने कवायद तेज कर दी है। इसके लिए नगर निगम ने तीन नए प्याऊ लगाए हैं।

इसमें एक प्याऊ रोडवेज, एक स्टेडियम व एक प्याऊ रामनगर रोड पर लगाया गया है, वहीं पूर्व में नगर निगम द्वारा आठ प्याऊ शहर के मुख्य क्षेत्रों में संचालित है। इन पियाऊ से प्रतिदिन हजारों लोग पानी पीकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं।

नगर आयुक्त विवेक राय ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते हर साल की तरह इस वर्ष भी नगर निगम ने शहर में प्याऊ की व्यवस्था की है, इसके लिए नगर निगम ने विगत माह से ही जसपुर खुर्द, चैती रोड, टांडा रोड, क्षत्री चौराहे समेत आठ स्थानों पर प्याऊ को संचालित किया था, जबकि तीन अन्य स्थान रोडवेज, स्टेडियम व रामनगर रोड को नए प्याऊ लगाने लिए चिन्हित किया था। उन्होंने बताया कि तीनों स्थानों पर समाजसेवियों व नगर निगम के सहयोग से प्याऊ को लगाया गया है। उन्होंने बताया कि नगर निगम अधिक आवाजाही वाले स्थानों को चिन्हित कर और प्याऊ लगाने की तैयारी भी कर रहा है।

## अधिक नहाने से कुत्तों को हो रही है खुजली

**काशीपुर :** भीषण गर्मी से कुत्तों को राहत दिलाने के लिए लोग अपने पालतू कुत्तों को रोजाना नहला रहे हैं। इसके चलते कुत्तों को कुछ हद तक गर्मी से तो राहत मिल रही है, जबकि प्रतिदिन नहाने से कुत्तों में खुजली की समस्या देखने को मिल रही है, वहीं काशीपुर पशु चिकित्सालय में प्रतिदिन चार से पांच कुत्तों में खुजली के मामले सामने आ रहे हैं। इससे कुत्तों के मालिकों और पशु चिकित्सकों में चिंता का माहौल है।

आपको बता दें कि काशीपुर पशु चिकित्सालय में प्रतिदिन 40 से 50 जानवरों की ओपीडी आती है। इसमें बकरी, गाय, भैस, कुत्ते आदि जानवर शामिल हैं। वहीं इन दिनों अस्पताल में आने वाले कुत्तों में खुजली की समस्या देखकर पशु चिकित्सक भी हैरत में है। वहीं अस्पताल में प्रतिदिन खुजली से पीड़ित चार से पांच कुत्ते पहुंच रहे हैं। पशु चिकित्सक डॉ. मुकेश दुमका ने बताया कि इन दिनों कुत्तों में खुजली की समस्या बड़ी है। कुत्तों को रोजाना नहलाने से कुत्तों में खुजली की समस्या उत्पन्न हो रही है। कुत्तों को सात से 10 दिन में ही नहलाया जाये।

# वार्ड-40 में नाले को ऊंचा करने से लोगों में आक्रोश, जोरदार प्रदर्शन

### कॉलोनी के लोग बोले पानी की निकासी व्यवस्था ठप, बरसात में और बढ़ेगी दिक्कत

**रोष**

▸▸ सिडकुल पारले चौक पर एकत्रित होकर जताया विरोध

▸▸ एनएचएआई के खिलाफ नारेबाजी, जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** वार्ड-40 मटकोटा के लोगों ने क्षेत्र में पानी की निकासी बंद होने पर आक्रोश जताया है। विरोध में स्थानीय लोगों ने एनएचएआई के खिलाफ नारेबाजी की और प्रदर्शन किया। वहीं उन्होंने जिलाधिकारी उदयराज से न्याय की गुहार लगायी है।

रविवार को कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा और निवर्तमान पार्षद राजेश कुमार के नेतृत्व में स्थानीय लोग सिडकुल पारले चौक पर एकत्रित हुए और प्रदर्शन किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने कहा कि क्षेत्र में पहले से पानी निकासी के लिए नाला बना हुआ है, लेकिन एनएचएआई ने इस नाले का निर्माण कर इसे काफी ऊंचा कर दिया है। जबकि पूरा नाला काफी नीचे से। इससे क्षेत्र में पानी निकासी पूरी तरीके से बंद हो गयी है। इसका खामियाजा लोगों को बरसात के मौसम में उठाना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र की इस समस्या से पूर्व में जिले के अधिकारियों को जानकारी दे चुके हैं। बावजूद नाले का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा की जल्द ही क्षेत्र की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर विनोद कुमार, संतोष गुप्ता, परिमल कुमार, अजीत कुमार, गोपाल सिंह, वेद प्रकाश, कमल पांडेय, रमेश कुमार, अनिल कुमार, पप्पू सागर आदि लोग मौजूद रहे।


रुद्रपुर के पारले चौक पर प्रदर्शन करते मटकोटा के लोग। ● अमृत विचार

# 600 ने दी बीएड की प्रवेश परीक्षा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** कुमाऊं विश्वविद्यालय की ओर से उत्तराखंड राज्य बीएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। इसके लिए जिले में रुद्रपुर और काशीपुर में परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। इस दौरान पंजीकृत 686 अभ्यर्थियों में से 600 ने परीक्षा दी। जबकि 86 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

रविवार को बीएड प्रवेश परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित हुई। परीक्षा देने के लिए सुबह ही अभ्यर्थियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। रुद्रपुर के आर्य कन्या इंटर कालेज में पंजीकृत 359 अभ्यर्थियों में से 310 ने परीक्षा दी। जबकि 49 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

इसी तरह काशीपुर स्थित चंद्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कुल 327 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 290 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 37 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलसचिव खेमराज भट्ट ने बताया कि रुद्रपुर और काशीपुर में परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।


आर्य कन्या इंटर कॉलेज में परीक्षा देकर बाहर आते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

## रक्तदान शिविर 14 को

**जसपुर :** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी शाखा जसपुर के अध्यक्ष हरिओम सिंह ने कहा कि 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी एवं अन्य संस्थाओं द्वारा मिलकर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन जसपुर-काशीपुर मार्ग पर कालिया वाला मोड़ स्थित जसपुर ब्लड बैंक में किया जाएगा।

**सार-संक्षेप**

## लायंस क्लब ने पौधरोपण कर दिया हरियाली का संदेश

**खटीमा।** लायंस क्लब खटीमा की ओर से आयोजित पौधरोपण और पौध वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ मेलाघाट रोड स्थित विद्युत विभाग कार्यालय से किया गया। बाद में नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर पौधरोपण कर हरियाली का संदेश दिया। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष मनोज तिवारी, सचिव संजय बंसल, कोषाध्यक्ष अजय त्रिवेदी, कार्यक्रम अध्यक्ष रंजन अग्रवाल, रवीश भटनागर, एससी वर्मा, आरसी रस्तोगी, बाबू राम अरोड़ा, सुनील रैदानी, देवेंद्र भट्ट, हेमंत बत्रा, नरेश गुप्ता, अजय अग्रवाल, राकेश गुंबर, अंकित पांडे, सोहन लाल शर्मा, डीएस खोलिया, नेतराम तिवारी, एसडीओ विद्युत खंड अम्बिका प्रसाद यादव, भुवन चंद्र शर्मा आदि थे।

## चार किलो गांजे के साथ गिरफ्तार

**जसपुर।** पुलिस ने एक व्यक्ति को 4 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। जयपुर कोतवाल हरेंद्र चौधरी के निर्देशन में गठित पुलिस टीम द्वारा धर्मपुर चौराहा स्थित शाकिर हेयर ड्रेसर की दुकान के सामने रोड की दाहिने ओर जसपुर कोतवाली अंतर्गत गांव धर्मपुर निवासी दिग्विजय सिंह पुत्र स्व .राजेश सिंह को ई- रिक्शा में 4 किलो गांजे का परिवहन करते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ़ मुकदमा पंजीकृत कर उसका चालान कर दिया।

## महिला अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक

**जसपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर के कार्यकर्ताओं ने जागरूकता अभियान के अंतर्गत जसपुर के मोहल्ला चांद मस्जिद रोड नई बस्ती वार्ड नंबर 19 में जागरूकता शिविर लगाया। इसमें वक्ताओं की ओर से लोगों को महिलाओं के अधिकार, महिला सशक्तिकरण व बाल अधिकार के प्रति जागरुक किया गया। वक्ताओं ने उच्च न्यायालय में 29 जुलाई से 3 अगस्त तक आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत की भी जानकारी दी। शिविर में टीम नंबर-16 पैनल अधिवक्ता राजवीर सिंह, डॉ. वीर सिंह गौतम, संगीता रानी आदि मौजूद रहे।

# हरभजन बने गुरुद्वारा सिंह सभा के निर्विरोध अध्यक्ष


खटीमा में गुरुद्वारा सिंह सभा के नवनियुक्त अध्यक्ष हरभजन सिंह खिंडा व मौजूद समर्थक।

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** गुरुद्वारा सिंह सभा की बैठक में सर्वसम्मति से हरभजन सिंह खिंडा को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। बैठक में उपस्थित संगत ने नवनियुक्त अध्यक्ष खिंडा का सरोपा भेंटकर स्वागत किया।

नवनियुक्त अध्यक्ष खिंडा ने कहा की गुरुद्वारे में संगत के लिए व्यवस्थाएं दुरुस्त करेंगे और संगत को अधिक से अधिक गुरुद्वारे के साथ जोड़ा जाएगा। यह भी कहा कि छोटे बच्चों के लिए गुरुमुखी की शिक्षा को प्राथमिकता के साथ शुरू किया जाएगा और अधिक से अधिक लोगों को गुरुमुखी भाषा के साथ जोड़ा जाएगा।

वहीं श्रद्धालुओं के ठहरने तथा लंगर की उचित व्यवस्था की जाएगी। इस अवसर पर पूर्व प्रधान बलदेव सिंह, पूर्व प्रधान कुलवंत सिंह, हरजीत सिंह, राज कपूर, जसविंदर सिंह बाजवा, जगतार सिंह, नरेंद्र सिंह, जनक सिंह, कुलदीप सिंह गंभीर, अमरजीत सिंह, सुरजन सिंह, दिलीप सिंह, अमरजीत सिंह, हरगोबिंद सिंह, जगजीत सिंह मल्ली, गुरदेव सिंह खिंडा, करनैल सिंह खिंडा, गुरपाल सिंह खिंडा, विजय अरोरा, हरीश बत्रा आदि थे। उत्तरांचल पंजाबी महासभा के प्रदेश सचिव मनोज वाधवा ने गुरुद्वारा सिंह सभा के नवनियुक्त अध्यक्ष चुने जाने के निर्णय का स्वागत किया।

## पत्नी से अभद्रता के विरोध पर मारपीट

**बाजपुर।** पत्नी से अभद्रता का विरोध करने पर गाली-गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पहुंचे दंपती ने आरोपी युवक के विरुद्ध कोतवाली में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम दियोहरी नमूना निवासी इरशाद पुत्र जाहिद ने पुलिस को बताया कि रविवार की प्रातः करीब साढ़े 8 बजे पत्नी के साथ मजदूरी करने जा रहा था। आरोप है कि इसी बीच बाजपुर में मुख्यमार्ग पर अनाज मंडी के मोड़ के पास पीछा करते हुए आ रहे गांव के ही एक युवक ने उसकी पत्नी से गलत भाषा का प्रयोग करते हुए अभद्रता कर दी। इतना ही नहीं हाथ पकड़कर जोरजबरदस्ती करने लगा, उसने इसका विरोध किया तो आरोपी उसके साथ भी गाली-गलौज करने लगा तथा उसकी बाइक रोक कर मारपीट की गई। बड़ी मुश्किल से अपनी जान बचाकर वहां से निकला। पुलिस ने जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।


श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के नव गठित पदाधिकारियों को सम्मानित करते जिला अध्यक्ष।

## श्रमजीवी पत्रकार यूनियन का गठन

**नानकमत्ता :** श्रमजीवी पत्रकार यूनियन सितारगंज, शक्तिफार्म, नानकमत्ता इकाई में सर्वसम्मति से अध्यक्ष चरनसिंह सरारी, महामंत्री विक्की मंडल, कोषाध्यक्ष प्रवेश सिंह राणा को बनाया गया। सितारगंज श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की सितारगंज, शक्तिफार्म, नानकमत्ता इकाई की गत शनिवार को जिला अध्यक्ष राजीव चावला की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में पत्रकारों के हितों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इसके उपरांत श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की सितारगंज, शक्तिफार्म, नानकमत्ता इकाई की कार्यकारणी का गठन किया गया। श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिला अध्यक्ष राजीव चावला एवं प्रदेश प्रवक्ता अवतार सिंह बिष्ट की उपस्थिति एवं दिशा निर्देशा निर्देश पर पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस सितारगंज में हुई बैठक मे सर्वसम्मति से नई कार्यकारणी का गठन करते हुए चरन सिंह सरारी को अध्यक्ष, विक्की मंडल महामंत्री, प्रवेश सिंह राणा कोषाध्यक्ष, तनवीर अंसारी, नवीन चन्द्र भट्ट वरिष्ठ उपाध्यक्ष, गुरनाम सिंह, अश्वनी दीक्षित उपाध्यक्ष, मनोज हालदार, हरिमोहन राणा, राजेश कुमार खन्ना सचिव मनोनीत किए गए। बिट्टू अंसारी, अमर सिंह यादव, विक्की चौधरी, मनोज राय, एहसान अंसारी, संरक्षक बनाए गए। जिला अध्यक्ष राजीव चावला ने मनोनीत पदाधिकारी एवं सदस्यों को बधाई दी।

## शिक्षक के परिचितों से फोन पर अशोभनीय बात, तहरीर दी

**बाजपुर।** शिक्षक का नाम लेकर परिचितों से अशोभनीय भाषा में बात करने एवं गलत मैसेज सेंड करके तंग व परेशान करने का आरोप अज्ञात व्यक्ति पर लगाते हुए पीड़ित शिक्षक ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम लखनपुर बेरिया रोड निवासी विवेक यादव पुत्र राजेंद्र यादव ने पुलिस को बताया कि वह कृष्णा पब्लिक स्कूल बाजपुर में टीचिंग का कार्य करते हैं। आरोप है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल से शिक्षक के परिचितों को शिक्षक का नाम लेकर अशोभनीय भाषा में बात की जा रही है। इतना ही नहीं आरोपी द्वारा गलत मैसेज भेजकर तंग व परेशान किया जा रहा है। इसकी जानकारी शिक्षक को उनके परिचित व्यक्तियों द्वारा दी गई है। कहा कि वह एक सभ्य व्यक्ति हैं तथा सभ्य समाज में रह कर स्कूल में टीचिंग का कार्य करते हैं। अज्ञात व्यक्ति के कृत्य से अनहोनी की आशंका है।

## गर्मी में बांटा मीठा शरबत

**किच्छा।** भीषण गर्मी में आम जनमानस को राहत देने के उद्देश्य से किच्छा ट्रक ऑपरेटर यूनियन के बैनर तले मीठे पानी की छबील लगाई गई। इस दौरान लोगों ने मीठा शरबत पीकर राहत की सांस ली। नगर के हल्द्वानी मार्ग पर चीनी मिल कॉलोनी स्थित ट्रक ऑपरेटर यूनियन कार्यालय पर यूनियन सचिव गिरीश चिटकारा के नेतृत्व में मीठा शरबत वितरित किया गया। इस दौरान राहगीरों एवं क्षेत्रवासियों ने भीषण गर्मी के बीच मीठा शरबत पीकर राहत महसूस की। मौके पर सुखविंदर सिंह बाजवा, गिरीश चिटकारा, पप्पू शर्मा, श्याम बिष्ट, वासुदेव गुप्ता, भजन बिष्ट, लखविंदर सिंह, मलकीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## आओ हम सब योग करें अभियान जारी

**खटीमा।** सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा और हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के तत्वावधान में विश्व योग दिवस 21 जून तक चलाए जा रहे "आओ हम सब योग करें" अभियान के तहत क्षेत्र में योग शिविरों का संचालन जारी है। डॉ. नवीन भट्ट के निर्देशन में योग का संचालन विभिन्न योग प्रशिक्षकों द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें महाविद्यालय के डॉ. मोनिका भैसौड़ा और डॉ. धीरज बिनवाल के निर्देशन में योग प्रशिक्षक करीना आर्य की ओर से 21 मई से लगातार राजकीय प्राथमिक चंदनी में निशुल्क योग शिविर चलाया जा रहा।

**चिंता की बात** | समय से पहले पेड़ों में तैयार हुए फल, गर्मी से पेड़ों में ही फटने लगी लीची

# बारिश न होने से आम, लीची की मिठास खत्म

▸▸ तराई में 4175 हेक्टेयर में आम और 1547 हेक्टेयर में होती है लीची की पैदावार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** तराई में इस बार लगातार तापमान बढ़ने और बारिश नहीं होने का असर आम लीची पर भी दिखायी दे रहा है। मौसम में बदलाव के चलते इस बार आम और लीची का आकार ज्यादा बढ़ नहीं पाया है। इसके अलावा आम और लीची पेड़ पर ही समय से पहले पक रही है और लीची तो बीच से फट रही है। बारिश नहीं होने से मिठास भी कम है। इससे काश्तकारों को काफी नुकसान पहुंचा है।

यहां बता दें कि ऊधमसिंह नगर में करीब 4175 हेक्टेयर भूमि में आम के पेड़ लगाए जाते हैं। इससे करीब 35 हजार से 40 हजार मीट्रिक टन आम का उत्पादन होता है। इसी तरह 1547 हेक्टेयर में लीची का उत्पादन होता है। इसमें करीब 2300 मीटिक टन तक लीची का उत्पादन होता है। हालांकि इस बार आंधी नहीं चलने से आम और लीची के फल को कोई नुकसान नहीं हुआ। विगत वर्ष तक तेज आंधी से आम और लीची टूटकर गिर जाती थी। इससे किसानों को काफी नुकसान झेलना पड़ता था।

वहीं इस बार ऊधमसिंह नगर में आम और लीची का उत्पादन तो अच्छा हुआ है, लेकिन बारिश नहीं होने के कारण इन फलों के आकार और मिठास में अंतर आया है। आम और लीची के फल आकार में छोटे हैं और मिठास भी काफी कम है। इसके अलावा दोनों पर अधिक गर्मी के चलते पेड़ पर समय से पूर्व पक चुके हैं। बारिश नहीं होने से लीची बीच से ही फट रही है। मजबूरी में काश्तकारों ने आम और लीची को तोड़ना शुरू कर दिया है। हालांकि बारिश नहीं होने से काश्तकार काफी निराश हैं।



> विगत वर्षों की तुलना में इस बार गर्मी अधिक पड़ रही है। आंधी नहीं चलने से आम-लीची की पैदावार तो अच्छी हुई है, लेकिन मौसम के बदलाव के चलते इनका आकार छोटा हो गया है और मिठास भी कम है। अधिक गर्मी के चलते लीची भी बीच से फटने की जानकारी मिल रही है।
>
> **-भावना जोशी,** मुख्य उद्यान अधिकारी, ऊधमसिंह नगर


जसपुर (ऊधम सिंह नगर) के प्रवेश द्वार सुभाष चौक पर स्थापित 100 फुट से अधिक ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फटा हुआ लहरा रहा है, जोकि राष्ट्रीय ध्वज का अपमान है। ● सुशील चौहान

## सौतेली मां पर गेट बंद कर घर में नहीं आने देने का आरोप

**बाजपुर।** सौतेली मां पर गेट बंद कर उसे घर में नहीं घुसने देने तथा गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने उसे शादी में मिला सामान व जेबरात आदि भी हथियाने की बात कहते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगरपालिका के वार्ड नंबर-एक मोहल्ला मझरा-प्रभु निवासी विशेष कुमार कटारिया पुत्र कैलाश कटारिया ने पुलिस को बताया कि उसकी सौतेली मां है, जोकि घर पर अपना कब्जा जमाए हुए है। 26 जनवरी 2023 को उसकी शादी हुई थी तथा शादी के कुछ दिन बाद ही वह नौकरी करने अपने कार्य क्षेत्र देहरादुन चला गया था एवं अपनी पत्नी को भी साथ ले गया था। शादी में खरीदा हुआ घर का सामान बैड, अलमारी, ज्वैलरी आदि कमरे में बंद करके चला गया था। आरोप है कि अब शादी में खरीदा गया अपना सामान लेने बाजपुर में घर आया तो सौतेली मां ने घर में नहीं घुसने दिया तथा गाली-गलौज करते हुए सामान लेने आने पर जान से भरवा देने की धमकी दी गई। कहा कि सौतेली मां द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है।

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहनेवाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन–संपत्ति से उसका घर भरा –पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश –मान –सम्मान पाता है।


## संपादकीय

# शपथ ग्रहण में विदेशी अतिथि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले केंद्रीय मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह में पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के प्रमुख नेताओं का शामिल होना चीन और पाकिस्तान जैसे विरोधी पड़ोसियों को कड़ा संदेश दे गया। शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने के लिए नेताओं की यात्रा, भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति और 'सागर' दृष्टिकोण को प्रदान की गई सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुरूप है। समारोह में श्रीलंका, मालदीव के राष्ट्रपति, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति, बांग्लादेश, मॉरीशस, नेपाल और भूटान के प्रधानमंत्री शामिल हुए। विदेशी नेताओं में मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की यात्रा महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि यह भारत और मालदीव के बीच संबंधों में जारी तनाव के समय हुई है। चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज्जू के राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभालने के बाद से भारत और मालदीव के बीच संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं। उधर भारत द्वारा चीन और पाकिस्तान को शपथ ग्रहण में न बुलाना हमारी स्पष्ट विदेश नीति और कूटनीति की ओर इशारा करता है। चीन और पाकिस्तान के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंध विवादास्पद मुद्दों से ग्रस्त रहे हैं, जिनमें पाकिस्तान से उत्पन्न आतंकवाद चिंता का एक प्रमुख विषय है। चीन 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' नीति के तहत भारतीय महासागर क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के प्रोजेक्ट को आक्रामक रूप से बढ़ा रहा है और तेजी से नौसैनिक ठिकानों और बंदरगाहों का निर्माण कर रहा है। अपनी इस नीति के जरिए चीन पड़ोसी देशों पर हावी होने की कोशिश कर रहा है।

गौरतलब है पड़ोसी देशों को प्राथमिकता देना भारत की विदेश नीति का केंद्रीय सिद्धांत रहा है। पड़ोसी देशों के साथ सहयोग हिंद महासागर क्षेत्र में चीनी प्रभाव का मुकाबला करने में भारत के रणनीतिक हितों की पूर्ति करता है। समुद्री सुरक्षा को सशक्त करने के लिए मालदीव, श्रीलंका और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों के साथ प्रभावी सहयोग आवश्यक है। साथ ही मिशन 'सागर' हिंद महासागर क्षेत्र के लिए भारत की रणनीतिक पहल है। इसे 2015 में शुरु किया गया था। सागर के माध्यम से भारत अपने समुद्री पड़ोसियों के साथ आर्थिक और सुरक्षा सहयोग को मज़बूत करने और उनकी समुद्री सुरक्षा क्षमताओं के निर्माण में सहायता करना चाहता है। इसके अलावा भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना चाहता है और हिंद महासागर क्षेत्र में समावेशी, सहयोगी तथा अंतर्राष्ट्रीय कानून का सम्मान करना सुनिश्चित करता है। चीन के साथ संबंधों को देखते हुए नरेंद्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में भी चीन के स्वच्छंद कारनामों पर अंकुश लगाने की दिशा में काम करेंगे। साफ है कि नरेंद्र मोदी इस कार्यकाल में भी चीन को रोकने की दिशा में पड़ोसी देशों के साथ भारत के संबंधों को प्रगाढ़ करेंगे।

# महामारी जैसी है कोल्ड ड्रिंक्स की बढ़ती खपत


**रणवीर सिंह फोगाट**
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

हमारे देश में परंपरा से ही दही की लस्सी में शीतल जल डालकर ऊपर से केवड़ा जल का छींटा दिया जाता है। यह श्रेष्ठ युक्ति है। यह भ्रम भी जल्दी ही लोग छोड़ दें तो अच्छा है कि आइसक्रीम को बनाने के लिए दूध का इस्तेमाल होता है। वे अगर किसी भी नामी आइसक्रीम फैक्ट्री में जाकर देखें तो मालूम हो जाएगा कि इसके बनाने में किन पदार्थों का प्रयोग होता है।

गर्मी के मौसम में नॉन-अल्कोहलिक, कार्बोनेटेड ड्रिंक्स या सॉफ्ट-ड्रिंक्स की मांग बढ़ती है जो अकसर मिठास वाली होती हैं। इनमें से कुछेक फ्रूट जूस या फ्रूट कन्सेंट्रेट के इस्तेमाल से बनाई गई हैं, ऐसा बताया जाता है। फ़ूड स्टैण्डर्ड एंड सेफ्टी अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया (एॅफ़एसएसएआई) की सील सब पर लगी होगी। एक ग्रीन 'डॉट' भी यूनिट लेबल पर छपी होगी। ये ठंडी भी होंगी क्योंकि गर्म पेय तो कोई नहीं पीएगा। शरीर की पाचन प्रणाली और सेहत पर समग्र रूप इसका खराब से लेकर घातक असर तक होने के साक्ष्य अनुसंधान करके वैज्ञानिकों ने जुटाए हैं। ये बातें अगर मैन्युफैक्चरर लेबल लिख दे तो सॉफ्ट-ड्रिंक का एक भी टेट्रा-पैक या बोतल नहीं बिकेगी। लेकिन हमदर्द ने रूह-अफज़ा को जिन जड़ी-बूटियों के सत से रस बनाकर तैयार किया था वह बिलकुल सुरक्षित पाई गईं। बाज़ार से कोल्ड सॉफ्ट ड्रिंक्स खरीदना स्वभावानुसार आसान है, बशर्ते जेब में पैसा हो। ग्रीष्म ऋतु में नींबू और बेल फल का रस निकालकर पीने में तो मेहनत और समय लगता है, इसलिए लोग तुरत कुछ ठंढा पीकर, ठंढा अहसास पाना चाहते हैं। इस बात से बेखबर रहना चाहते हैं कुछ भी, कितना भी ठंढा शरीर में पहुंचे शरीर पहले इसे बॉडी टेम्परेचर अर्थात 33 डिग्री सेल्सियस पर लेकर आता है और फिर इसे पचाने में लग जाता है। इस कारण से शरीर के पीनियल ग्लैंड अथवा 'तापमान रेगुलेटर' पर दबाव बढ़ता है और यह कार्य ग्लैंड द्वारा नर्वस सिस्टम के जरिये से और रक्त संचार की मात्रा और गति को बढ़ाकर किया जाता है। इससे बॉडी पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है और शरीर को ठंढा रखने के चक्कर में हमारा शरीर चुस्त होने की अपेक्षा निढाल ही होता है। नींबू पानी, बेलफल रस और दही की लस्सी (प्रो-बायोटिक्स) शरीर को न केवल न्यूट्रीएंट्स देते हैं बल्कि वास्तव में ही बॉडी टेम्परेचर को मैंटेन करके रखते हैं।

गर्मियों में इंडस्ट्रियली प्रोसेस्ड सॉफ्ट ड्रिंक्स की अत्याधिक मात्रा हमारे पेट तक पहुंचती है। इन ड्रिंक्स में प्रीज़रवेटिव्स मिलाए जाते हैं ताकि शेल्फ-लाइफ बढ़ाई जा सके। इनमें पेयों में मौजूद सिंथेटिक और रिफाइंड शुगर की वजह से बहुत से लोगों के 'गाल ब्लैडर' में स्टोन या पथरी होने की संभावना बनती है, कोल्ड ड्रिंक्स

भारत में बिकने वाले शीतल पेय की पचासों किस्मों के निर्माण में प्रयुक्त होने वाले पदार्थ में से पानी को छोड़कर किसी की भी प्रकृति ऐसी नहीं जिसके नियमित सेवन से शरीर में एकाधिक व्याधि का जन्म न हो सकता हो। एक तो वे पदार्थ हैं जिन्हें शरीर बिना नुकसान के पचा लेता है और व्यर्थ पदार्थ को बाहर निकालने का जुगाड़ करने में समर्थ है।

की खपत एक महामारी जैसी है और कमर्शियल जगत में इसे फास्ट ग्रोइंग कज्यूमर गुड्स के दायरे में माना गया है। आश्चर्य होता है कि सन 2023 के साल में भारत में 6.94 बिलियन लीटर नॉन-अल्कोहलिक बेवरेजेज की खपत हुई और इस साल की प्रोजेक्शन्स 7.21 बिलियन लीटर है। एक लीटर की कीमत अगर औसतन रु. 50 है तो भी यह फिगर सन 2023 के लिए रु. 347 बिलियन अर्थात 35 अरब भारतीय रुपये के बराबर बैठती है। इस साल तो यह 38 अरब रुपये के बराबर होने की उम्मीद है। यह भ्रम पालना छोड़ दिया जाना चाहिए कि चिल्ड सॉफ्ट ड्रिंक्स पीने से शरीर में ठंडक का संचार होगा, बल्कि इसे पी लेने के बाद इसमें मौजूद मिठास और पेय के गाढ़ेपन के कारण नार्मल वाटर पीने की जरूरत पड़ सकती है ताकि जो पीया है उसे 'डायल्यूट' किया जा सके। इसके लिए ग्राहक एक बोतल बंद ठंढा पानी खरीद कर पीएगा। सॉफ्ट ड्रिंक्स के गाढ़ेपन और मिठास को डाल्युट करने के लिए ही अतिरिक्त पानी की जरूरत होती है। यह एक दुष्चक्र है जिससे छुटकारा पाने की तुरत जरूरत है।

हमारे देश में परंपरा से ही दही की लस्सी में शीतल जल डालकर ऊपर से केवड़ा जल का छींटा दिया जाता है। यह श्रेष्ठ युक्ति है। यह भ्रम भी जल्दी ही लोग छोड़ दें तो अच्छा है कि आइसक्रीम को बनाने के लिए दूध का इस्तेमाल होता है। वे अगर किसी भी नामी आइसक्रीम फैक्ट्री में जाकर देखें तो मालूम हो जाएगा कि इसके बनाने में किन पदार्थों का प्रयोग होता है। दिखाने के लिए जरूर कुछ ड्राई फ्रूट्स के कुतरे हुए बीज या फिर कद्दू के मुरब्बे को सतह पर चिपका दिया जाता है।

भारत में बिकने वाले शीतल पेय की पचासों किस्मों के निर्माण में प्रयुक्त होने वाले पदार्थ में से पानी को छोड़कर किसी की भी प्रकृति ऐसी नहीं जिसके नियमित सेवन से शरीर में एकाधिक व्याधि का जन्म न हो सकता हो। एक तो वे पदार्थ हैं जिन्हें शरीर बिना नुकसान के पचा लेता है और व्यर्थ पदार्थ को बाहर निकालने का जुगाड़ करने में समर्थ है। कुछ पदार्थ ऐसे हैं जो सिर्फ एक व्यसन या एडिक्शन पैदा करने में समर्थ हैं जैसेकि पेय में मिलाई गई 'कैफीन'। कैफीन में ऐसा क्या है जो शीतल पेय के प्रति लत पैदा करता है? इसका न्यूरो-केमिकल मैकेनिज्म ऐसा है कि मनुष्य-मस्तिष्क में न्यूरोन्स पर एक खास तरह के संवेद ग्राही मौजूद होते हैं जो कैफीन के अणुओं के संपर्क में आकर स्टिमुलेट होते हैं और एक खास रस या रसायन का स्राव करके रक्तवाहिकाओं में प्रवाहित करते हैं। इससे नर्वस सिस्टम के बाकी अणु भी रिसेप्टर्स से जुड़ कर स्टिमुलेट होते हैं या 'झूमने' लगते हैं। जब तक ब्लड स्ट्रीम में इस 'रस' की मात्रा का एक निश्चित स्तर मौजूद रहता है आदमी को 'वेल-बीइंग' अर्थात आनंद की अनुभूति बनी रहती है। इसका लेवल डाउन होते ही मनुष्य के अन्दर फिर से उसी कोल्ड ड्रिंक को पीने की प्रबल इच्छा जाग्रत होती है जिसमें कैफीन मिली होती है। 'क्यूरियस' जर्नल के सन 2018 के अंक 10(6) में प्रकाशित एक समीक्षात्मक अध्ययन और इसके अंत में उल्लिखित 24 संदर्भ अध्ययनों में से चंद स्टडीज सिर्फ चौंकाने वाली ही नहीं बल्कि गंभीर परिणाम बताने वाली और बेहद चिंताजनक हैं। खासतौर से उन माता-पिता के लिए जिनके कमसिन वय के और किशोर बच्चों को सोडा ड्रिंक्स और कैफीन मिश्रित शीतल पेय लेने की लत लग चुकी है। बच्चों को एनर्जी के लिए जितनी शुगर की रोजाना जरूरत पड़ती है उसका 30 प्रतिशत तो वे शीतल पेय में मिली हुई शुगर से ही ले रहे हैं। इंग्लैंड का उदाहरण लें तो नेशनल डाइट एंड न्यूट्रीशन सर्वे (2008-12) के आंकड़ों से मालूम होता है कि उधर के बच्चे जो शीतल पेय ले रहे हैं इनमें अनेक में सोडियम बेंजोएट मिला हुआ पाया गया। यह बेन्ज़िक एसिड का सोडियम तत्व है जिसे फ़ूड संरक्षक के बतौर शीतल पेय निर्माता इंडस्ट्री इस्तेमाल करती है। इसे तरल दवाओं और सूखे खाद्य पदार्थों में भी शेल्फ-लाइफ बढ़ाने के लिए मिलाया जाता है। लेबल पर लिखा भी हो या न भी लिखा हो, लेकिन आमजन को इससे क्या? इन्हें तो स्वाद चाहिए और 'न्यूरो-स्टीमुलेटरी' आनंद! संघ सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाले रेगुलेटर फ़ूड स्टैण्डर्ड एंड सेफ्टी अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया ने साल 2024 के ही मार्च महीने में फाइल नंबर आरसीडी-15001/12/2023-रेगुलेटरी-एॅफ़एसएसएआई-पार्ट (1)(ई-10434) के अंतर्गत हीथ और एनर्जी ड्रिंक्स के मामले में उद्योग और रिटेलर्स द्वारा पालन करने के लिए मीमो जारी किया था लेकिन न तो व्यापारी और न ही फ़ूड सेफ्टी इंस्पेक्टर्स को इससे कोई लेना-देना है। अर्थात घोर लापरवाही है। सोडियम बेंजोएट की सुरक्षित से अधिक मात्रा शरीर में प्रवेश करती है तो सूजन, अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर, भूख न लगना, ओक्सिडेटिव स्ट्रेस और एलर्जी तक हो सकती है। ओक्सिडेटिव स्ट्रेस खतरनाक होता हो सकता है और इस अवस्था में शरीर में 'फ्री रेडिकल्स' की बहुतायत हो जाती है। साथ में इन्हें निरस्त करने के लिए एंटीऑक्सीडेंट्स अत्यधिक कम हो जाते हैं। शरीर द्वारा चयापचयी प्रक्रिया के दौरान फ्री रेडिकल्स बनते हैं। भारत का फ़ूड रेगुलेटर नॉन-अल्कोहलिक बेवरेजेज में जिन रसायनों को मिलाने की इज़ाज़त देता है उन सभी का मात्रा तय की गयी है। सोडियम बेंजोएट के लिए यह मात्रा 300 पीपीएम निर्धारित है अर्थात 10 लाख डेसीलिटर में सिर्फ 300 ग्राम 0.03 प्रतिशत है और एक लिटर की बोतल में यह 0.003 प्रतिशत रहेगी। यह एक जटिल मामला है जिसकी बायो-केमिस्ट्री और बायो लॉजिकल प्रक्रियाओं को समझे बिना ही हम शीतल पेय पिए जा रहे हैं और ऐसी व्याधियों से दो-चार होते हैं जिन्हें सिर्फ न्यूट्रीशन बायोकेमिस्ट/वैज्ञानिक ही समझ पाता है, आम डॉक्टर नहीं। इसलिए पीड़ित व्यक्ति के ओइए आम अस्पताल में इनकी टॉक्सिसिटी हटाने और इलाज की कोई सोच नहीं होती। शीतल पेय में मिलाए गए आर्टिफीसियल स्वीटनर एस्पार्टेम के कारण 'इंसिडेंट स्ट्रोक', अनिद्रा न्यूरोटॉक्सिसिटी, और 'डेमेंशिया' हो सकता है लेकिन इससे आगे तो सिर्फ मृत्यु है।

## प्रसंगवश

# एक थप्पड़ की संविधान व्यथा

कई माह पहले कंगना ने कटाक्ष किया होगा। वह कुलविन्दर के दिल में जज्ब हो गया होगा। उसे अचानक उत्तेजित कंगना ने नहीं किया। इसका बचाव उसे नहीं मिलेगा।

हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा से भाजपा की टिकट पर निर्वाचित कंगना रानावत के गाल पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की एक कांस्टेबल कुलविन्दर द्वारा कथित रूप से मारे गए थप्पड़ से बखेड़ा खड़ा तो हो गया है। घटना की यादों पर पपड़ी पड़ जाएगी और उसे भुला भी दिया जाएगा। लेकिन इस थप्पड़ ने जनविमर्श तलाश करने के लिए मुझ जैसे लोगों को कुरेद दिया है।

संविधान की आत्मा भाग तीन में है। वहां मूल अधिकार में, बोलने की, यूनियन बनाने, आने जाने, रोजगार की तरह-तरह की आज़ादियों का ऐलान है। हाथ के हाथ उन पर लगे प्रतिबंधों का ब्यौरा भी है। सवाल यह है कि यदि नागरिकों के साथ सियासी या प्रशासनिक जुल्म हो रहा है। तो क्यों कंगना रानावत जैसे और लोगों के द्वारा भी भारतीय किसानों के सबसे बड़े आंदोलन में उनके परिवारों की महिलाओं के शरीक होने पर फब्तियां कसी जाएं कि 100-100 रुपए लेकर ये औरतें वहां बिठाई गई हैं।


**कनक तिवारी**
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

तो उसका प्रतिरोध किस तरह हो? ऐसे हर मुद्दे में गोडसे और सावरकर को नहीं, गांधी को ही खींचकर लाया जाता है। गांधी ने कहा था अहिंसा कायरों का धर्म नहीं है। वीर हृदय की प्राण वायु है। अंतिम सीमा तक अटल रहो लेकिन अगर कोई तुम्हारी मां, बहन, पत्नी या अन्य किसी का शील हरण करने की कोशिश करे तो समझाओ। प्रतिरोध करो फिर बताएं आगे क्या कहा था?

कई माह पहले कंगना ने कटाक्ष किया होगा। वह कुलविन्दर के दिल में जज्ब हो गया होगा। उसे अचानक उत्तेजित कंगना ने नहीं किया। इसका बचाव उसे नहीं मिलेगा। मैं कतई हिंसा के पक्ष में नहीं हूं। हालांकि उन्मादित होकर एक थप्पड़ मारने को मैं हिंसा नहीं, आक्रोश मानता हूं। कानून भी उसे यही मान सकता है। ऐसे अपराधी को तो चेतावनी देकर भी छोड़ा जा सकता है। बिना चूं चपड़ के भी कुलविन्दर का खेद रिकार्ड कर मामला समाप्त कर सकता है। उसकी सेवा शर्तों के तहत मामूली कार्यवाई हो सकती है। लेकिन यह जनविमर्श नहीं है। संविधान में खुद गांधी के सिद्धान्तों की परीक्षा ज़रूरी है। सिविल नाफरमानी, निष्क्रिय प्रतिरोध और सत्याग्रह की गांधी की परिभाषाएं भी उनके साथ चली गईं। क्योंकि तब तक अंगरेज़ भी चला गया था। संविधान निर्मित आज़ाद भारत में सिविल नाफरमानी की नपुंसक परिभाषा नहीं हो सकती। डीजीपी साहब के जूतों पर अर्दली पालिश करे। उनके कुत्तों की सेवा करे। मेम साहब की डांट खाए। छुट्टी के दिन भी काम करे। अगर प्रतिरोध करे तो झूठे आधारों पर उसकी नौकरी ले ली जाए। भारत में निचली सरकारी सेवाओं का तितिम्मा बुनना अंगरेज़ी न्याय कुल की जूठन नहीं हो सकती। अगर कुलविन्दर ने छुट्टी ली होती और थप्पड़ मारती या सड़क या बाज़ार में ऐसी घटना होती। तब कानून की पैनी नज़र से अपराधों की नस्लें तक अलग हो जातीं। सवाल है कि भारत के नागरिकों की आत्मा का कोई आसमान है भी कि नहीं। जिस देश का सबसे बड़ा लोकसेवक हेट स्पीच का उत्पादन करता रहे। हेट स्पीच के उत्तेजक सम्मेलन हों। सुप्रीम कोर्ट समझाइश की नस्ल की नसीहत दे। लेकिन हो कुछ नहीं। तब नागरिक आजादी कहां है? याद रहे निर्वीर्य कुंठा दैहिक प्रतिरोध के मुकाबले नपुंसक होती है। मैं फिर कहता हूं। कतई हिंसा का समर्थन नहीं करता। ऐसा भी हुआ है हज़ारों बार कि किसी बड़े सरकारी अधिकारी पर सरकारी कर्मी द्वारा हमला किया गया हो। जूता फेंककर या थूकने की कोशिश की गई हो। लेकिन उन्होंने कोई शिकायत नहीं की हो। सुरक्षा कक्ष में कंगना के साथ बदसलूकी भी हुई और वे इसका बखेड़ा नहीं खड़ा करतीं तो बात तो आई गई हो जाती। लेकिन वे चतुर खिलाड़ी हैं। उन्होंने मामले को तूल दिया कि मुझे पंजाब में पनप रहे उग्रवाद और आतंकवाद की इस कारण चिंता हो रही है। एक थप्पड़ से आतंकवाद का अद्भुत रिश्ता कायम किया गया? उसका शिकार देश की सबसे बड़ी नेता और बाद में उसका बेटा भी तो हुए थे। इस घटना से राजनीतिक उत्कर्ष और करीअर हासिल करने की कोशिश हो? तो उससे तो एक थप्पड़ की हिंसा ही बेहतर है।

# जनता ने अपने विवेक से विपक्ष की भूमिका अदा की


**अजय तिवारी**
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

साथ ही, यह संदेश भी भुलाया नहीं जा सकता कि भारत 'कांग्रेस–मुक्त' नहीं हुआ बल्कि 'ग्रैंड ओल्ड पार्टी' कांग्रेस का देशव्यापी पुनर्जीवन हुआ है।

अठारवीं लोकसभा के चुनाव परिणामों से स्पष्ट है कि केंद्रीय सत्ता के मुकाबले कोई संगठित विपक्ष नहीं था बल्कि जनता ने अपने विवेक से सत्ता के मुकाबले विपक्ष की भूमिका अदा की है। एक ओर राजनितिक परिस्थितियों का यथार्थ और दूसरी ओर जनता का निर्णयात्मक व्यवहार, इन दोनों के बीच द्वंद्वात्मक संबंध दिखाई देता है। धार्मिक भावनाओं को इस्तेमाल करके नफ़रत के बीज बोना और सांप्रदायिक मानसिकता का राजनीतिक इस्तेमाल करना सबसे सफल गुजरात में रहा जिसे 'हिंदुत्व की प्रयोगशाला' कहा गया। अगर संकेतों को समझा जाए तो ये जनादेश उन स्वयंभू भगवानों को रास्ता दिखाते हैं, वे चाहे सत्ता में बैठे हों या मठों या आश्रमों में।

बंगाल में जनता ने ममता के कुशासन से असंतोष जताया है तो मोदी के सुशासन को भी नहीं अपनाया है। केरल में माकपा को यह सीख दी है कि सत्ता के लिए संगठन में गुटबाजी का असर हानिकर होता है। यही कारण है कि अच्युतानंदन की लोकप्रियता को विजयन नहीं पा सके। इसी प्रकार, जहां जो राजनितिक विकल्प मिला, लोगों ने उसे चुना। अपवाद हो सकते हैं। जनतंत्र में असली भाग्य-विधाता जनता है, यह चुनाव भली-भांति स्पष्ट करता है। सबसे दिशाबोधक हिंदी प्रदेश है जिसे विशेषज्ञ और ज्ञानी गोबरपट्टी कहते हैं और राजनीतिज्ञ धर्म के अफीम की प्रयोगशाला समझते है। जिस उत्तर प्रदेश पर सबके दांव लगे थे उसने अयोध्या की सफलता और मथुरा-काशी की योजना द्वारा जीवन के वास्तविक सवालों की अवहेलना करने वाली राजनीति को शिक्षा दी है, अगर वे ग्रहण करने की योग्यता रखते हों।

उत्तर प्रदेश में छह केंद्रीय मंत्रियों का चुनाव हार जाना और कर्णाटक में पूर्व प्रधानमंत्री देवगौड़ा के पौत्र प्रज्ज्वल रेवन्ना की शर्मनाक पराजय इस बात के द्योतक हैं कि धर्म का सहारा लेकर व्यभिचार का जाल फैलाने वाले आसाराम-रामरहीम से लेकर राजनीतिक शक्ति का उपयोग करके स्त्रियों की अस्मिता को छिन्न-भिन्न करने वालों या उनके संरक्षकों को जनता ठुकरा रही है। इसलिए यह देखना चाहिए कि भारत की अशिक्षित-दरिद्र जनता का विवेक कितना मूल्यवान है। उसके निर्णय में असंगतियां ऐतिहासिक कारणों से हैं।

साथ ही, यह संदेश भी भुलाया नहीं जा सकता कि भारत 'कांग्रेस-मुक्त' नहीं हुआ बल्कि 'ग्रैंड ओल्ड पार्टी' कांग्रेस का देशव्यापी पुनर्जीवन हुआ है। दक्षिणपंथी राजनीति और वामपंथी राजनीति के अतिवाद का समाधान जनता बाकी 'मध्यमार्गी' दलों में नहीं देखती। इसके पीछे दो ठोस कारण हैं। एक, जातिवाद और नरम सांप्रदायिकता का उपयोग करते हुए भी कांग्रेस न पूर्णतः जातिवादी या सांप्रदायिक दल है, न संगठन की प्राथमिकता के नाम पर बंगाल जैसी अराजकता या केरल जैसी गुटबाजी में जनहित भूल जाती है। आपस में लड़ते-भिड़ते साथ चलते हुए जनता को सांस लेने लायक परिस्थियां देने का वातावरण संविधान के माध्यम से कांग्रेस ने ही बनाया है। जनतंत्र के लिए जितना महत्वपूर्ण जनता का जाग्रत विवेक है, उतना ही महत्वपूर्ण विपक्ष की देशव्यापी मौजूदगी है। दूसरा, इस देशव्यापी मौजूदगी का श्रेय राहुल गांधी की न्याय-यात्राओं को है। देश को समझने के लिए, जनता की की मनोभावना से जुड़ने के लिए गांधी जी के बाद राहुल ने ही ऐसा अभियान चलाया,

इसी से यह संदेश भी निकालता है कि जिस राहुल को सत्ताधारियों ने अरबों रुपये खर्च करके 'पप्पू' बनाया था, उसी को इस चुनाव में 'मोदी बनाम राहुल' बताकर प्रतिष्ठित करने को बाध्य हुए। यह फर्क मीडिया और प्रचारतंत्र की ताकत से जनसंपर्क की ताकत का अंतर स्पष्ट करता है। इसीलिए जनता का विवेक महत्वपूर्ण तो है ही, निर्णायक भी है। इस जनता को मुख्यधारा मीडिया और ट्रोल सेना के बल पर काबू में रखने की कोशिश लगातार की गई। लेकिन जनता ने प्रचार के इन दोनों साधनों को व्यर्थ सिद्ध करते हुए सोशल मीडिया को अधिक अपना और भरोसेमंद माना। केवल पूंजी की शक्ति से चलने वाले निजी चैनलों के सामानांतर छोत्र-छोटे सोशल मीडिया चैनलों ने राहुल की यात्राओं से लेकर सत्ता के अत्याचारों तक हर पहलू से लोगों को अवगत रखा। यही कारण है कि जनता किसी प्रेरित प्रचार की जगह राष्ट्रीय और स्थानीय मुद्दों से परिचालित हुई। महंगाई, बेरोज़गारी, गरीबी, किसानों से छल और विषमता उसके लिए वास्तविक चिंताएं थीं, मंदिर और धर्म नहीं। जनता की यह जागरूकता न केवल लोकतंत्र के जीवन के लिए आवश्यक है बल्कि यह उसकी सुंदरता भी है।

## सोशल फोरम

# छल की भाषा

आज पांडवों के इंद्रप्रस्थ–महल जैसा ही संसार है। जहां जल है, वहां थल दिखता है और जहां थल है वहां जल दिखता है।

आज से पहले कभी इतना स्पष्ट नहीं था कि छल ही सत्ता और हर फायदे की गंगोत्री है। छल की भाषा का उद्देश्य है ऐसी चीजों को लोगों के विश्वास, अवधारणा या घटना के रूप में स्थापित करना, जिनका यथार्थ आधार न हो। छल की भाषा सम्मोहक होती है। कई दशक पहले 'लकड़सुंघवा' की चर्चा होती थी, अब वह एक विराट संगठन है। छल की भाषा निर्मित करने के लिए झूठ पूरे भावावेग के साथ बोलना होता है और उसे प्रचार की शक्ति चाहिए। लोग प्रदर्शित सब्जबाग में खो जाते हैं, जैसे बच्चे मेले में गुम हो जाते हैं। इसका सबसे विडंबना-भरा रूप तब सामने आता है जब नागरिक सिर्फ उस यथार्थ से ही दूर नहीं कर दिए जाते जो वे वस्तुतः रोज भोग रहे हैं, बल्कि वे अपनी श्रेष्ठ परंपराओं और आधुनिक मूल्यों से भी विच्छिन्न कर दिए जाते हैं। सब खोते-खोते अंत में बची रह जाती हैं कुछ पुरानी खाइयां-कुछ नई जंजीरें!

छल की भाषा का निर्माण कई तरह से होता है, जिनमें एक है सफाई से तथ्य को विकृत करना। छल की भाषा से अपने को ढका जा सकता है, क्योंकि कोई क्षमतावान व्यक्ति अब अपना वास्तविक चेहरा दिखाना नहीं चाहता। इसलिए वह झूठ को आभासी सच में बदलता रहता है।


**शंभुनाथ**
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

उसकी भाषा चालाकियों से भरी होती है। कैसी भयावह स्थिति है, प्रचार में जो है वही सच है!

आज पांडवों के इंद्रप्रस्थ-महल जैसा ही संसार है। जहां जल है, वहां थल दिखता है और जहां थल है वहां जल दिखता है। साहित्य का काम है सचाई पर से सभ्यता के कृत्रिम आवरण को हटाना, जबकि साहित्यकार पर इस सभ्यता का भारी दबाव है। उसकी सामाजिक हैसियत नगण्य कर दी गई है। वह बोलता है, पर इतना अंतर्विभाजित है कि अब सुना नहीं जाता।

**-फेसबुक वॉल से**

# प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से पर्यावरण प्रदूषण

प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और मानव जीवनशैली के लिए इनके गलत उपयोग से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। इनमें से सर्वाधिक ज्वलंत मुद्दा जलवायु परिवर्तन का है। यह समस्या मुख्य रूप से मानव गतिविधियों से ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन के कारण मानी गई है। यह समस्या बढ़ते वैश्विक तापमान, बदलते मौसम चक्र, समुद्र के स्तर में वृद्धि और अन्य प्रतिकूल प्रभावों के रूप में सामने आ रही है।

आज विश्व की जनसंख्या वृद्धि जिस कारण नाना प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग तथा दुरुपयोग और विभिन्न भौतिक सुखों की प्राप्ति के लिए मानव जनित अप्रतिम बुद्धि के तकनीकी/प्रोद्यौगिकी प्रयोगों से न केवल मानव अपितु प्राणिमात्र के लिए संकट विषय बना है। भारत में पर्यावरण प्रदूषण का सर्व प्रमुख कारण जनसंख्या वृद्धि ही परिलक्षित होता है। यह स्पष्ट भी है न केवल भारत अपितु विश्व में पर्यावरण प्रदूषण, जल प्रदूषण या अपघटन, तापमान वृद्धि, प्राकृतिक सम्पदाओं का दोहन आदि जनसंख्या वृद्धि एवं मानव जनित भौतिक सुखों तथा अनैतिक कार्यों का ही परिणाम है।


**डॉ. हेमंत कुमार जोशी**
नैनीताल

हमारे देश में पर्यावरण प्रदूषण का द्वितीय सबसे बड़ा कारण स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् ही अनियंत्रित-अनियोजित- अटिकाऊ भौतिक विकास रहा है। अधिकतर देश की नीतियां/ कार्य छोटे-छोटे लक्ष्यों को देखते हुए बनाई गइ उनके दीर्घकालिक परिणाम नहीं देखे गए। न ही उन अल्पकालिक भौतिक विकास कार्यक्रमों के कोई सशक्त नीतियां बनी। अत्याधुनिक सुविधाओं के प्रयोग के साथ ही पर्यावरण को सर्वाधिक नुकसान वन-प्राकृतिक संपदाओं के अनैतिक दोहन के कारण होता है। हमारे देश में बढ़ती हुई जनसंख्या से हजारों सरकारी कार्यालय-भवन बने, देश में हजारों किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग बने, एक्सप्रेस वे बने, रेल मार्ग बने, सुरंग खुदी, राज्य क्षेत्र तथा विधायक-सांसद निधि से सड़कें बनीं लेकिन आज भी प्रदूषण के बढ़ते प्रभाव के कारण भी पर्यावरण संतुलन एवं संरक्षण के लिए देश में ऐसा कानून नहीं बन पाया कि उक्त स्थानों में भौतिक विकास की भेंट चढ़ने वाले पेड़-पौधों के स्थान पर कार्यालयों-भवनों के चारों ओर उतने ही पेड़-पौधे पल्लवित-विकसित किए जाएं, जितने भौतिक सुखेच्छा से काटे गए। पर्यावरण प्रदूषण तथा तापमान वृद्धि मानव के लिए संकट बनती जा रही है।

भारत में पर्यावरण प्रदूषण का तृतीय सबसे बड़ा कारण प्लास्टिक का बढ़ता प्रयोग। बिस्किट,टाफी, खिलौने, कुरकुरे, ओयस, लेस, पानी बोतल आदि बहुत सारी दैनिक उपभोग की वस्तुओं में केवल प्लास्टिक का प्रयोग हो रहा है और जागरूकता के अभाव में प्लास्टिक रेपर को यत्र-तत्र फेंक देना, उसमें कचरा भरना, उस कचरे का विकृत रूप लेना, नालियों के बंद हो जाने पर विभिन्न विषाणुजनित बीमारी पैदा होना, डेंगू, मलेरिया का प्रकोप बढ़ना,जानवरों के खा देने पर बहुतायत उनको नुकसान, भूमि की उर्वरा शक्ति को खत्म करना, प्लास्टिक की गंदगी से जल प्रदूषित होना या नदियों के माध्यम से समुद्र तक पहुंचकर समुद्री जीवों मछली, शील, कछुये, शार्क सहित कई जीवों के लिए अति घातक है। एक अध्ययन के उपरान्त लगभग 344 समुद्री जीवों की इस प्लास्टिक के उलझाव में आकर मृत्यु हो चुकी है जो बहुत चिंताजनक है। अन्ततः स्पष्ट है कि सरकारों को अर्थव्यवस्था की मजबूती के साथ ही अब जनसंख्या नियंत्रण, भौतिक विकास में नियंत्रित- नियोजित- टिकाऊ विकास तथा प्लास्टिक के बढ़ते हुए प्रयोग के विषय में कठोर नीतियां अविलंब बनानी आवश्यक हैं। साथ ही उनका अनुवीक्षण करना उतना ही जरूरी है इसी से साझा सम्पत्तियों की सुरक्षा, संतुलन और संरक्षण संभव है जो मानव- जीवन और भविष्य के लिए आवश्यक है।

# राजधर्म और धर्मदंड

सभ्यता संस्कृति के विकास क्रम में पहले मानव-समुदाय बना फिर मानव समाज। समाज से राष्ट्र बनने के संबंध में मनुस्मृति के सप्तम अध्याय के श्लोक दो में कहा गया–जगत में राजा न होने से सब भय व्याकुल होते हैं इसलिए समाज की रक्षा के लिए ईश्वर ने राजा उत्पन्न किया-राजानाम्सृजत्प्रभु। राजा का अर्थ राज्य अथवा स्टेट से है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में भी लोक रूपी जनार्दन जो जनता है वह राज्य -स्टेट स्थापित करता है। लोकतांत्रिक अवधारण का एक मूल तत्व है की जैसे जैसे लोकतंत्र सुदृढ़ होता जाएगा-स्टेट विल विदरएबे अर्थात लोक का शासन होगा-जनार्दन का शासन होगा। मानव समाज में राज्य बनने की प्रक्रिया वैदिक काल में लोकतांत्रिक ही रही है अथर्ववेद–3/4/2 में कहा गया-त्वां विशो वृणतां राज्याय त्वमिमाम- हे राजा राज्य के लिए जनता तुम्हे वरण करती है, अर्थात राजा का बेटा ही राजा नहीं होता। इसी ऋचा में कहा गया है-वि भजा वसूनि-राज्य राजा की सम्पति नहीं होती वल्कि प्रजाजनों के कल्याण के लिए होती है। ईश्वर ने राजा को कैसे बनाया इस संबंझ में मनुस्मृति-7/4 में बताया गया की-इंद्र, वायु, यम, सूर्य, अग्नि, वरुण, चन्द्रमा और कुबेर के नित्य अंश से ईश्वर ने राजा को बनाया।


**डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी**
प्रयागराज

मनुस्मृति7/14–19 में राज्य धर्म और धर्म दंड की व्याख्या करते हुए कहा गया है-राजा के हित के लिए ईश्वर ने पहले से ही प्राणियों का रक्षक धर्म रूप और ब्रह्मतेज रूप अपने पुत्र दंड को उत्पन्नकिया है। देशकाल, शक्ति व, शास्त्र को भली-भांति देखकर अन्याय करने वाले को यथा योग्य दंड राजा को देना चाहिए\वस्तुतः दंड ही राजा, दंड ही पुरुष, दंड ही राज्य का नेता और शिक्षक है, ऋषियों ने दंड को ही चारों आश्रमों के धर्म का साक्षी कहा है। दंड सब प्राणियों पर राज्य करता है और दंड ही सब प्राणियों की रक्षा करता है। जब सब लोग सो जाते हैं तो दंड ही जगाता रहता है, पंडित लोग दंड को ही धर्म कहते हैं।

## सार-संक्षेप

### रजत ने जेईई एडवांस में प्राप्त किए 97 फीसदी अंक


रजत जोशी।

**टनकपुर/ चम्पावत :** आईआईटी मद्रास की ओर से आयोजित जेईई (संयुक्त प्रवेश परीक्षा) एडवांस में लोहाघाट के रजत जोशी ने शानदार सफलता हासिल की है। 97 प्रतिशत नंबर लाने वाले रजत आईआईटी में प्रवेश पाने वाले ग्रामीण क्षेत्र के पहले छात्र हैं। उन्होंने इसी साल नैनीताल से इंटर की परीक्षा पास की है। लोहाघाट के चनोड़ा गंगनौला गांव के मूल निवासी रजत जोशी ने पहले प्रयास में यह कामयाबी हासिल की है। उन्होंने इसी साल आईएससी बोर्ड की इंटर परीक्षा सेंट जोजेफ कॉलेज नैनीताल से 95 प्रतिशत अंकों के साथ पास की है। रजत के पिता किशोर जोशी नैनीताल में वरिष्ठ पत्रकार हैं। जबकि मां आशा जोशी उत्तराखंड प्रशासन अकादमी में प्रशिक्षण प्रबंधक के पद पर हैं। रजत ने सफलता का श्रेय माता-पिता व दादी रुक्मणि जोशी को दिया है।

### दस दिनों में बने 450 से अधिक इनर लाइन परमिट

**अल्मोड़ा :** आदि कैलास की धार्मिक यात्रा के लिए सीमांत जिले के पिथौरागढ़ के जिला अस्पताल में इनर लाइन परमिट बनने की सुविधा मिलने के बाद यात्री इसका लाभ उठा रहे हैं। पिछले दस दिनों में यहां से साढ़े चार सौ से अधिक इनर लाइन परमिट जारी किए जा चुके हैं। परमिट प्राप्त करने वाले अधिकांश यात्री गुजरात प्रदेश से हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदि कैलास की यात्रा करने के बाद से देश भर लोग बड़ी संख्या में आदि कैलाश के दर्शन के लिए आ रहे हैं। पूर्व में धारचूला से ही इनर लाइन परमिट जारी होते थे। लेकिन प्रशासन द्वारा यह सुविधा 28 मई से पिथौरागढ़ के जिला अस्पताल में भी शुरू कराई गई। जिला अस्पताल में यह सुविधा शुरू होने के बाद अब तक साढ़े चार सौ पर्यटकों को यहां से इनर लाइन परमिट जारी किए जा चुके हैं।

### सूखी झाड़ियों पर लगाई आग भड़की, बाल-बाल बचा होटल

**टनकपुर :** रविवार को बाराकोट के गैरी गुमौद में ग्रामीणों ने अपनी बंजर जमीन में सूखी झाड़ियों को जलाने के लिए आग लगा दी। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और जंगल में फैल गई। पिथौरागढ़ राजमार्ग स्थित नवीन होटल के पास आग पहुंचते ही अफरा-तफरी मच गई। आग ने एयरटेल कंपनी के स्टोर किए गए अंडरग्राउंड डक्ट केबल को चपेट में ले लिया। जिससे आग और भड़क गई। लड़ीधुरा शैक्षिक एवं सांस्कृतिक मंच बाराकोट के अध्यक्ष नगेंद्र जोशी ने बताया कि टैंकर में पानी भरने के लिए आए आईटीबीपी के हेड कांस्टेबल अनिल कुमार एवं छोटेलाल मौके पर पहुंच गए और उन्होंने ग्रामीण युवकों के साथ बमुश्किल आग पर काबू पाया।


गोविंद सिंह महरा स्प्रिंगफील्ड स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में शामिल बच्चे।

### स्प्रिंग फील्ड पब्लिक स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन

**रानीखेत :** गोविंद मैमोरियल स्प्रिंग फील्ड पब्लिक स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें सभी कक्षाओं के बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रंगकर्मी विमल सती ने कहा कि फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता बच्चों के अंदर छुपी हुई प्रतिभा को उभार कर सामाजिक, बौद्धिक और नैतिक मूल्यों का विकास कराती है। प्रतियोगिता में बच्चों ने विभिन्न हस्तियों व किरदारों की प्रस्तुति देकर सभी की वाहवाही लूटी। इस अवसर पर कार्यक्रम के प्रबंध निदेशक रमा माहरा ने अपने संबोधन में बच्चों की प्रशंसा की और अभिभावकों को प्रोत्साहित किया कि वे अपने बच्चों को आगे भी स्कूल के कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। वहीं प्रधानाचार्य डॉ. प्रीति सिन्हा ने बच्चों की प्रस्तुतियों को शानदार बताया।

### रेगडू के हितेश ने सेना में प्राप्त किया कमीशन


हितेश मेहता।

**लोहाघाट :** बाराकोट ब्लाक के रेगडू चाक गांव के छात्र हितेश मेहता उर्फ अमन ने आर्मी में एसीसी कमीशन प्राप्त किया है। हितेश वर्तमान में लोहाघाट के चांदमारी में रहते हैं। हितेश सामाजिक कार्यकर्ता और देव डांगर खुशाल सिंह मेहता व पुष्पा मेहता के पुत्र हैं। हितेश ने बताया कि अपने दादा स्वर्गीय कैप्टन चंदन सिंह मेहता एवं दादी आनंदी देवी से प्रेरित होकर वह वर्ष 2020 में कुमाऊं रेजीमेंट में सिपाही के रूप में भर्ती हुए। अमन की इंटरमीडिएट की शिक्षा मल्लिकार्जुन स्कूल लोहाघाट से हुई तथा सिविल इंजीनियरिंग पालीटेक्निक लोहाघाट से किया। अमन की सफलता पर उनकी बड़ी बहन भाग्यश्री लडवाल, शैलेंद्र लडवाल, पूर्व शिक्षक मोती सिंह मेहता, नवीन मुरारी, कैप्टन लक्ष्मण सिंह मेहता आदि ने बधाई दी है।

### सरकारी स्कूलों के शिक्षकों की ऑडिट कार्य में लगाई ड्यूटी

**अल्मोड़ा :** जिले के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को अब शिक्षण कार्य छोड़ ऑडिट के काम में लगाया गया है। इस काम के लिए विभिन्न विद्यालयों के साठ शिक्षकों को स्पेशल ऑब्जर्वर के रूप में नियुक्त किया गया है। इन शिक्षकों को अब जिले के हवालबाग विकास खंड के चयनित ग्राम सभाओं में सोशल ऑडिट का कार्य करना होगा। जिलाधिकारी व जिला कार्यक्रम समन्वयक विनीत तोमर ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि जिले से चयनित शिक्षकों को 26 जून से शुरू होने वाले सोशल ऑडिट के कार्य में सहयोग देना होगा। स्पेशल ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए साठ शिक्षकों को हवालबाग की 60 ग्राम पंचायतों में होने वाली जन सुनवाई हेतु निर्धारित तिथियों में सुबह आठ बजे पहुंचना है। इसके लिए को कोई यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा।

### कच्ची शराब के साथ नेपाली तस्कर दबोचा

**बनबसा :** पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देश पर नशामुक्त उत्तराखंड अभियान के तहत पुलिस ने शारदा बैराज गेट के पास से आरोपी मनोज सिंह पुत्र गोरख बहादुर सिंह, निवासी ओडा नंबर 7, थाना नौलखेत, जिला कंचनपुर नेपाल को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# मंच और दूबड़ में तीसरे दिन मिल रहा 100 लीटर पानी

## पुरानी योजना का स्रोत सूखने से नलों में नहीं आ रहा पानी, सीमांत मंच और आसपास के क्षेत्रों में कम नहीं हो रहा पेयजल का संकट

संवाददाता, चम्पावत

**32** किमी दूर है जिला मुख्यालय से मंच क्षेत्र, विभाग वाहनों से बांट रहा है लोगों को पीने का पानी

**84** लाख की लागत से बन रही ट्यूबवेल योजना अभी तक नहीं हो पाई तैयार, लोगों में आक्रोश



मंच क्षेत्र में टैंकर से पानी लेने के लिए जुटी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिला मुख्यालय से 32 किमी दूर मंच क्षेत्र में पेयजल संकट थमने का नाम नहीं ले रहा है। क्षेत्र के लिए बनी पुरानी पेयजल योजना का पानी सूखने के बाद विभाग वाहनों से पानी बांट रहा है, लेकिन फिर भी लोगों की पूर्ति नहीं हो पा रही है। हर घर नल योजना के तहत 84 लाख की लागत से बन रही ट्यूबवेल योजना अभी तक तैयार नहीं हो पाई है। योजना का निर्माण कार्य लंबा खिंचने से लोगों में आक्रोश है।

ग्रामीण दीपक महर, मोहन जोशी, पंकज वर्मा, संदीप महर, विनोद सिंह, रीता देवी, दीपा देवी आदि ने बताया कि काफी लंबे समय से मंच और दूबड़ जैनल में चल रहा जल संकट कम होने के बजाए लगातार बढ़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जल संस्थान द्वारा मंच और दूबड़ के 100 परिवारों को सप्ताह में तीसरे दिन 100 लीटर पानी उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे लोगों की पूर्ति नहीं हो पा रही है। हर घर नल योजना से मंच में बन रहे ट्यूबवेल का काम काफी धीमा चल रहा है। उन्होंने बताया कि नलों में पानी न आने से स्थानीय लोगों के अलावा स्कूली बच्चों, बैंक, तहसील, पुलिस चौकी सहित अन्य विभागीय कर्मचारियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना से भवनों का निर्माण चल रहा है, लेकिन पानी की कमी से निर्माण कार्य भी प्रभावित हो गए हैं। लोगों को निजी वाहन किराए में लेकर पानी ढ़ोना पड़ रहा है। जल संस्थान के अपर सहायक अभियंता हेमंत फुलारा ने बताया कि मंच और दूबड़ में वाहन से पानी की आपूर्ति की जा रही है। बताया कि हर घर नल, हर घर जल योजना के तहत क्षेत्र के लिए ट्यूबवेल निर्माण कार्य अंतिम चरण में है।

> मंच और आसपास के क्षेत्रों में वाहन से पानी बांटा जा रहा है। आवश्यकता पड़ने पर वाहनों की संख्या बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। ट्यूबवेल योजना का काम अंतिम चरण में है। जुलाई माह तक हर घर नल योजना से नियमित पानी की आपूर्ति कर दी जाएगी। **-हेमंत फुलारा**, कनिष्ठ अभियंता, जल संस्थान, चम्पावत

### बिजली ठप होने से सल्ट, मानिला में पानी का संकट

**अल्मोड़ा :** जिले के सल्ट व भिकियासैंण विकास खंड के दर्जनों गांवों को पेयजल की आपूर्ति करने वाली मानिला बरकिंडा पंपिंग पेयजल योजना को बिजली की आपूर्ति करने वाली लाइन के क्षतिग्रस्त होने के कारण यहां रामगंगा नदी से पानी की पंपिंग ठप हो गई है। जिस कारण हजारों ग्रामीणों को पेयजल के लिए खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के दर्जनों गांवों को पेयजल मुहैया कराने के लिए सालों पहले यहां मानिला बरकिंडा पंपिंग पेयजल योजना का निर्माण किया गया था। लेकिन बीते दिनों आए तेज अंधड़ के कारण इस योजना के लिए बिजली की आपूर्ति करने वाली लाइन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और यहां बिजली की आपूर्ति होना बंद हो गया। जिस कारण पिछले एक सप्ताह से योजना के पंप ठप हैं और योजना के तहत बनाए गए स्टॉक टैंकों में रामगंगा नदी से पानी की पंपिंग नहीं हो पा रही है। पंपिंग न हो पाने से अब क्षेत्र के पांच दर्जन से अधिक गांवों में पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप है।

# भैसियाछाना के लोकेश बिष्ट बने सेना में अफसर

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिले के भैंसियाछाना विकास खंड के काफलीखेत गांव निवासी लोकेश बिष्ट आईएमए देहरादून से पासआउट होकर सेना में अफसर बने हैं। उन्होंने अखिल भारतीय स्तर पर 15 वीं रैंक प्राप्त की है। लोकेश की इस उपलब्धि पर उनके परिजनों और पैतृक गांव के ग्रामीणों में खासा उत्साह है।

भैंसियाछाना के ग्राम काफलीखेत जमराड़ी निवासी लोकेश बिष्ट पुत्र केशर सिंह बिष्ट का चयन 18 माह पहले सीडीएस में हुआ था। लोकेश बिष्ट के पिता जनपद उधमसिंह नगर में सहायक विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। उनकी माता गृहणी है। लोकेश के दो ताऊ भी आर्मी से सेवानिवृत्त हैं। लोकेश ने इंटरमीडिएट तक की शिक्षा कूर्मांचल एकेडमी अल्मोड़ा से प्राप्त करने के बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से बीएससी आनर्स गणित विषय में उत्तीर्ण किया है। 6 जनवरी 2023 को उन्होंने आईएमए देहरादून में ज्वाइन किया था। लोकेश का परिवार वर्तमान में पूर्वी पोखरखाली अल्मोड़ा में निवासरत है।

### नंदा देवी मंदिर में भंडारे का आयोजन 16 को

**रानीखेत :** मां नंदा-सुनंदा मन्दिर परिसर में बीसवें गंगा दशहरा भण्डारा एवं वार्षिकोत्सव के लिए समिति की बैठक आयोजित की गई। समिति के अध्यक्ष हरीश लाल साह ने बताया कि सर्वसम्मति से तय किया गया इस वर्ष दिनांक 16 जून को गंगा दशहरा पर्व पर समस्त जनता के सहयोग से भंडारा आयोजित किया जायेगा। समिति ने समस्त क्षेत्रीय जनता से इस पावन पर्व पर सपरिवार भंडारा ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। कार्यक्रम का संचालन एलएम चन्द्रा ने किया। बैठक में विमल सती, मोहन नेगी, अंशुल साह, मनोज अग्रवाल, भुवन चन्द्र साह, मुकेश साह, किरन लाल साह, अनिल वर्मा, प्रमोद काण्डपाल, मुकेश साह, संदीप तिवारी, गौरव भट्ट, अभिषेक काण्डपाल, मोहिल साह, सौरभ अग्रवाल, पंकज साह रहे।

# मंदिर निर्माण को दिए 51 लाख

- उत्तराखंड शैली में होगा देवीधुरा के मुख्य मंदिर का निर्माण
- 7 करोड़ रुपये से होगा निर्माण, बग्वाल के लिए विख्यात है मां बाराही धाम देवीधुरा

संवाददाता, टनकपुर/ चम्पावत


मंदिर समिति को 51 लाख रुपये का चेक देते लडवाल फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र लडवाल।

**अमृत विचार :** बग्वाल के लिए मशहूर मां बाराही धाम देवीधुरा के मुख्य मंदिर के नव निर्माण के लिए लडवाल फाउंडेशन ने आर्थिक सहयोग दिया है।

मंदिर निर्माण में करीब 7 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसी निर्माण कार्य में सहयोग करने के लिए फाउंडेशन के चेयरमैन नरेंद्र सिंह लडवाल ने चम्पावत में लडवाल एस्टेट में 51 लाख रुपये की दान राशि का चेक मां बाराही मंदिर ट्रस्ट को दिया है।

देवीधुरा मां बाराही मंदिर समिति के संरक्षक लक्ष्मण सिंह लमगड़िया और अन्य पदाधिकारियों को ये चेक सौंपा गया। इस मौके पर मंदिर समिति के महामंत्री हयात सिंह बिष्ट, कोषाध्यक्ष बिशन सिंह चम्याल, ग्राम प्रधान तारा सिंह चम्याल, पूर्व ग्राम प्रधान दान सिंह राणा, सुदीप चम्याल आदि मौजूद रहे। चम्पावत जिले के पाटी विकासखंड में स्थित देवीधुरा की पहचान बगवाल मेले से हैं। इसी देवी धाम में उत्तराखंड शैली में 2023 से मंदिर का निर्माण किया जा रहा है।

# विकास बने व्यापार मंडल अध्यक्ष

- विकास शाह ने मुकेश गिरी को 250 वोटों के अंतर से हराया
- शेष तीन पदों पर निर्विरोध चुने गए पदाधिकारी

संवाददाता, टनकपुर


विकास शाह।

**अमृत विचार:** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की चम्पावत नगर इकाई के अध्यक्ष पद के चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। विकास शाह प्रांतीय उद्योग व्यापार के अध्यक्ष चुने गए।

उन्होंने मुकेश गिरी को 250 वोटों के बड़े अंतर से हराया। मुख्य चुनाव अधिकारी दीवान सिंह बोहरा और चुनाव अधिकारी बसंत सिंह तड़ागी ने नतीजे का ऐलान किया। इससे पूर्व सुबह आठ बजे से शाम तीन बजे तक मतदान हुआ। चम्पावत जीआईसी तिराहे पर स्थित शिवा रेजीडेंसी में मतदान के तुरंत बाद वोटों की गिनती शुरू हुई। चुनाव पर्यवेक्षक एडवोकेट शंकर दत्त पांडेय ने बताया कि चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हुआ। व्यापार मंडल अध्यक्ष पद पर विकास शाह को 419 और मुकेश गिरी को 169 वोट मिले। कुल 652 वोटरों में से 589 ने मतदान में हिस्सा लिया। अध्यक्ष के अलावा अन्य किसी पद पर मतदान की नौबत नहीं आई। महामंत्री पद पर हरीश चंद्र सग्टा, उपाध्यक्ष पद पर कमलदीप तिवारी और कोषाध्यक्ष पद पर लक्ष्मण सिंह पुजारी निर्विरोध निर्वाचन हो गया। चुनाव संचालन में व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष सतीश जोशी, जिला महामंत्री कमलेश राय आदि का सहयोग रहा।

# महिलाओं ने किया गोमती में खनन का विरोध

संवाददाता, बागेश्वर


गोमती नदी में खनन का विरोध करती महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गरुड़ में गोमती नदी में हो रहे खनन से किसानों की खेती को खतरा उत्पन्न हो गया है। इससे आक्रोशित महिलाओं ने खनन का विरोध करते हुए खनन पट्टा निरस्त करने की मांग की है। इधर उच्च न्यायालय के अधिवक्ता डीके जोशी ने इस मामले में अदालत की शरण लेने की बात कही है।

प्रशासन द्वारा रिवर टेनिंग के तहत गोमती नदी में खनन पट्टा स्वीकृत किया है। ठेकेदारों द्वारा कई जेसीबी मशीनों से खनन कराया जा रहा है। इसके ढुलान के लिए गोमती नदी में दर्जनों डंपर दौड़ रहे हैं। खनन से कज्यूली आदि गांवों की कई नाली भूमि पर खतरा मंडराने लगा है। इससे किसानों की खेती बरसात में बहने का खतरा है। बैजनाथ झील में भी गंदा पानी जमा हो रहा है। कज्यूली की महिलाओं ने गोमती नदी पर खनन का विरोध करते हुए कहा कि यदि जबरन खनन किया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## वर्ग पहेली-96

**बाएं से दाएं**

1. 1. चैत में पकने वाला दलहन समूह का एक प्रसिद्ध पौधा, होला 2. इस पौधे से प्राप्त दाना जो भूनकर
5. साबूदाना।
6. कीचड़ आदि के कारण नाली में जल-प्रवाह का अवरुद्ध हो जाना।
7. 1. खर-खर की आवाज़ के साथ गले से बलगम निकालने की स्थिति 2. बलगम, खखार।
8. झांझड़ी, पायल, पैजनी।
9. 1. पशु शावक, छोटा बच्चा 2. छोटा कल्ला, छोटा पौधा 3. मकान बनाने की जगह।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. प्रतिकूल, अननुकूल 2. जिसकी शारीरिक स्थिति में शिथिलता हो।
3. वैश्विक स्तर पर अपनाई गई नई अर्थव्यवस्था जिसमें उद्योग-धंधों की उन्नति के लिए उनके पक्ष में आर्थिक नीतियों को उदार बनाया जाता है।
4. 1. खेदजनक 2. दुखद।
6. 1. तेज़ धार वाला 2. व्यवहार में खरा और साफ़ 3. सभी प्रकार से ठीक 4. जिसमें किसी प्रकार की मिलावट न हो।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | ■ | ■ | 4 |
| ■ | 5 | | | | ■ | |
| ■ | | ■ | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | 6 | | ■ | ■ | |
| ■ | 7 | | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | |
| 8 | | | ■ | 9 | | |

### वर्ग पहेली -95 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 कें | स | ल | ■ | 2 वि | के | ट |
| ■ | ■ | ■ | ■ | भा | ■ | ■ |
| ■ | 3 वि | ■ | 4 दे | व | की | य |
| 5 वि | चा | र | वा | न | ■ | ■ |
| ■ | र | ■ | गा | ■ | 6 भ | ■ |
| ■ | शी | ■ | 7 र | स | वा | न |
| 8 खि | ल | त | ■ | ■ | नी | ■ |

## सुडोकू -9

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 7 | | 1 | | | |
| | 8 | | | 6 | | | | |
| 6 | 1 | | | 9 | 5 | 3 | 4 | |
| | 4 | | 9 | | | | 2 | 1 |
| 8 | | | | | | | | 7 |
| 5 | 3 | | | | 6 | | 9 | |
| | 6 | 9 | 8 | 2 | | | 1 | 5 |
| | | | | 4 | | | 6 | |
| | | | 6 | | 3 | | 8 | |

### सुडोकू - 8 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 8 | 5 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 9 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 6 | 8 |
| 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 5 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 |
| 4 | 8 | 9 | 6 | 1 | 3 | 5 | 7 | 2 |
| 2 | 7 | 4 | 1 | 3 | 6 | 8 | 5 | 9 |
| 6 | 3 | 8 | 2 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 |
| 9 | 1 | 5 | 4 | 7 | 8 | 3 | 2 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 जून सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्थी 16.14 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 21.40 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

**मेष** — आज आप नया कुछ सीखने का प्रयास कर सकते हैं। आप अपनी उपलब्धियों को लेकर कुछ कुण्ठित हो सकते हैं। परिवार को लेकर चिन्ता हो सकती है। जिस काम में आपको जोखिम की संभावना दिख रही है, फिलहाल उसे टालना हितकर होगा।

**वृष** — आज आप अपने काम को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। उच्चाधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। लोग आपसे काफी अपेक्षा रखेंगे। आप सबकी अपेक्षाओं पर खरे भी उतरेंगे। आज आप किसी यात्रा की योजना बना सकते हैं।

**मिथुन** — आज आपको अपनी प्रतिष्ठा की चिंता रहेगी। अधिकारियों के साथ तनाव हो सकता है। घर के बुजुर्ग जातकों की सेहत का ध्यान रखें। सहकर्मियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। अपनी वाणी पर संयम रखें। अनावश्यक दौड़-धूप में अपना समय बर्बाद न करें।

**कर्क** — आज आप काफी प्रसन्न मुद्रा में रहेंगे। लोग आपसे काफी कुछ सीखना चाहेंगे। रचनात्मक कार्यों में आपका समय बीतेगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी सहभागिता बढ़ेगी। जीवनसाथी आपका मनोबल बढ़ायेगा। यदि आप नौकरी ढूंढ रहे हैं, तो दिन आपके लिए अनुकूल है।

**सिंह** — आज व्यवसाय में हानि होने की संभावना है। आज आपको किसी भी बड़ी डील को लेकर जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। मशीनों के रखरखाव में सावधानी रखें। विदेश यात्रा में परेशानियां संभव है। आपको अपनी सुविधाओं का ध्यान रखना होगा।

**कन्या** — आज कार्यक्षेत्र में आपके नए मित्र बन सकते हैं। आज कई अटके हुए कार्यों को शुरू करेंगे। शत्रुओं के ऊपर आपका दबाव बढ़ेगा। भारी उद्योगों से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ है। अधीनस्थ कर्मचारी आपके लिए काफी अच्छा कार्य करेंगे।

**तुला** — आज आप नए कारोबार की तरफ बढ़ सकते हैं। शेयर मार्केट से जुड़े कार्यों में उत्तम सफलता मिल सकती है। बुरे लोगों की संगत से आपको बाहर निकल जाना चाहिए। धार्मिक कार्यक्रमों के प्रति आपका झुकाव बढ़ेगा। लोगों की मदद करने से आपका सामाजिक सम्मान बढ़ेगा।

**वृश्चिक** — आज कई लोग आपसे ईर्ष्या का भाव रख सकते हैं। व्यावसायिक संबंधों को लेकर आपके मन में शंका का भाव रहेगा। आज किसी से ज्यादा सहयोग की अपेक्षा न करें। आज आपको स्वत: की आगे बढ़ना होगा। पारिवारिक जीवन शान्तिपूर्वक बीतेगा।

**धनु** — आज आपको अपनी सेहत का काफी ध्यान रखना होगा। पेट से जुड़े विकार आपको परेशान कर सकते हैं। परिजनों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखें। संतान को लेकर कुछ चिंता हो सकती है। किसी अध्यात्मिक संस्था से आपका जुड़ाव हो सकता है।

**मकर** — आज आपके सहयोगी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी पदोन्नति को लेकर चर्चा होगी। राजनीतिक चर्चाओं में आप समय बिता सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों के ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा, लेकिन आपका मन काम के बजाय अन्य गतिविधियों में ज्यादा होगा।

**कुंभ** — आज दिनचर्या को लेकर आप कुछ परेशान हो सकते हैं। आपकी इच्छानुसार काम न होने से मन कुछ अप्रसन्न होगा, किन्तु आपके मौके कम नहीं हुए हैं। यात्रा आपके लिए विशेष लाभदायक रहेगी। यदि आप किसी जॉब में हैं, तो उसमें बदलाव को लेकर भी कुछ विचार बना सकते हैं।

**मीन** — आज आपके मन में तनाव रहेगा। भविष्य को लेकर चिंता रहेगी। कानूनी मामलों को लेकर कुछ सावधानी रखने की आवश्यकता है। इस समय अपना मन शांत रखें और नए विकल्पों पर विचार कर सकते हैं। आप अपनी व्यवहारकुशलता से लोगों को अपने पक्ष में कर सकते हैं।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
लश्कर — सुबह : 08.09
एक और एक ग्यारह — शाम : 06.18

**&pictures**
द कराटे किड — सुबह : 10.58
जनहित में जारी — रात : 08.00

**Sony Pix**
स्पाइडर-मैन : फार फ्रॉम होम — सुबह : 10.32
द रेड 2 — शाम : 06.36

**Zee Cinema**
हैलो चार्ली — सुबह : 09.35
ज़माने को दिखाना है — शाम : 06.00

**Colors Cineplex**
जीने नहीं दूंगा — सुबह : 11.30
भगवंत केसरी — रात : 07.50

### आज की सुपरहिट फिल्म


जी सिनेमा पर सुबह : 09.35 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- मुझे एक कुत्ता खरीदना है।
पति- तुम्हें कुत्ता ही क्यों खरीदना है?
पत्नी- ताकि तुम्हारे ऑफिस जाने के बाद कोई तो मेरे आगे पीछे दुम हिलाने वाला हो।

एक दिन चिंटू पंडित जी के पास गया।
पंडित - तुम्हारी कुंडली में धन ही धन लिखा है।
चिंटू - वो तो सब ठीक है पंडित जी लेकिन ये तो बताइए इस धन को बैंक में कैसे ट्रांसफर करुं।
पंडित बेहोश!

# नीट परीक्षा ने परिवारों को तोड़ दिया: राहुल

## कांग्रेस नेता बोले- परीक्षा में हुई धांधली 24 लाख से अधिक छात्रों को पहुंचा नुकसान

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश के लिए होने वाली नीट परीक्षा में धांधली को पेपर लीक माफ़िया के साथ मिलीभगत बताया है और कहा है कि लाखों बच्चों का जीवन बर्बाद करने वाले इस माफ़िया तंत्र को खत्म करने का कांग्रेस ने संकल्प लिया है।

गांधी ने रविवार को कहा कि नरेंद्र मोदी ने अभी शपथ भी नहीं ली है और नीट परीक्षा में हुई धांधली ने 24 लाख से अधिक बच्चों को प्रभावित किया और उनके परिवारों को तोड़ दिया है। एक ही एग्जाम सेंटर से 6 छात्र मैक्सिमम मार्क्स के साथ टॉप कर जाते हैं, कितनों को ऐसे मार्क्स मिलते हैं जो टेक्निकली संभव ही नहीं है, लेकिन सरकार लगातार पेपर लीक की संभावना को नकार रही है।

**नीट परीक्षा विवाद**



- **शिक्षा माफिया और सरकारी तंत्र की मिलीभगत से चल रहे पेपर लीक उद्योग**

उन्होंने कहा कि शिक्षा माफिया और सरकारी तंत्र की मिलीभगत से चल रहे इस पेपर लीक उद्योग से निपटने के लिए ही कांग्रेस ने एक रोबस्ट प्लान बनाया था। हमने अपने मैनिफेस्टो में कानून बना कर छात्रों को पेपर लीक से मुक्ति दिलाने का संकल्प लिया था। आज मैं देश के सभी स्टूडेंट्स को विश्वास दिलाता हूं कि मैं संसद में आपकी आवाज़ बन कर आपके भविष्य से जुड़े मुद्दों को मज़बूती से उठाऊंगा। युवाओं ने इंडिया गठबंधन पर भरोसा जताया है, गठबंधन उनकी आवाज़ को दबने नहीं देगा।

### छात्रों से कहा- मैं संसद में बनूंगा आपकी आवाज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–स्नातक (नीट–यूजी) मेडिकल प्रवेश परीक्षा विवाद को लेकर प्रधानमंत्री पद के लिए नामित नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि नए कार्यकाल के लिए मोदी के शपथ लेने से पहले ही परीक्षा में कथित अनियमितताओं से 24 लाख से अधिक छात्रों को नुकसान पहुंचा है। गांधी ने देश के छात्रों को आश्वासन दिया कि वह संसद में उनकी आवाज बनेंगे और उनके भविष्य से जुड़े मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाएंगे। नीट–यूजी में अंक बढ़ाने के आरोपों के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को कहा था कि शिक्षा मंत्रालय ने कृपांक पाने वाले 1,500 से अधिक अभ्यर्थियों के परिणामों की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय समिति गठित की है। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि नरेन्द्र मोदी ने अभी शपथ भी नहीं ली है और नीट परीक्षा में हुई धांधली ने छात्रों और उनके परिवारों को तोड़ दिया है। एक ही परीक्षा केंद्र से छह छात्र अधिकतर अंक प्राप्त कर शीर्ष पर रहते हैं। सरकार प्रश्न पत्र लीक की संभावना को नकार रही है।

## ट्रेन में युवती का दो हिस्सों में मिला शव हाथ और पैर गायब

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** शासकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने अज्ञात युवती का दो हिस्सों में कटा शव रविवार को बरामद किया। जीआरपी थाना प्रभारी संजय शुक्ला ने बताया कि एक सफाई कर्मचारी की सूचना पर डॉ. आम्बेडकर नगर-इंदौर यात्री ट्रेन से युवती का शव बरामद किया गया।

उन्होंने बताया कि युवती की अभी पहचान नहीं हो सकी है और उसकी उम्र 20 से 25 साल के बीच आंकी जा रही है। युवती के सिर से कमर तक का हिस्सा ट्रेन में छोड़े गए ट्रॉली बैग में मिला, जबकि उसकी कमर से नीचे का भाग प्लास्टिक की बोरी में बंद था। युवती के दोनों हाथ और दोनों पैर गायब हैं। युवती की हत्या किसी और स्थान पर एक-दो दिन पहले की गई और इसके बाद उसके शव को काट कर इसके हिस्सों को शनिवार रात यात्री ट्रेन में रख दिया गया।

## भाजपा को वोट नहीं देने पर बीड में मराठा समुदाय के लोगों पर हमला

जालना, एजेंसी

मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने महाराष्ट्र के गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस से लोकसभा चुनाव में बीड में भाजपा की उम्मीदवार को वोट न देने पर मराठा समुदाय के लोगों पर हमला करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई का रविवार को आग्रह किया।

अंतरवाली सारथी गांव में अनिश्चितकालीन अनशन के दूसरे दिन पत्रकारों से वार्ता करते हुए जरांगे ने दावा किया कि बीड जिले के कुछ गांवों में मराठों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पंकजा मुंडे को वोट न देने पर हमला किया जा रहा है। पंकजा चुनाव में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के उम्मीदवार बजरंग सोनावने से हार गई थीं। जरांगे ने गृह मंत्री और बीड के पुलिस अधीक्षक से हिंसा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की और मराठा युवाओं से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि मराठा हितों का विरोध करने वाले नेताओं को आगामी विधानसभा चुनावों में परिणाम भुगतने पड़ेंगे।



- **जरांगे ने फडणवीस से कार्रवाई का किया आग्रह**

जरांगे मराठा समुदाय के लोगों के लिए अन्य पिछड़ा समुदाय (ओबीसी) का दर्जा और पात्र कुनबी मराठों के रक्त संबंधियों को प्रमाणपत्र जारी करने के लिए राज्य सरकार द्वारा इस साल की शुरुआत में जारी मसौदा अधिसूचना के कार्यान्वयन की मांग को लेकर शनिवार से अनशन कर रहे हैं। जरांगे मांग कर रहे हैं कि सभी मराठों को कुनबी प्रमाणपत्र जारी किए जाएं ताकि वे आरक्षण के लाभ के लिए पात्र बन सकें।

## शेयर बाजार आई गिरावट पर रिपोर्ट को कोर्ट में याचिका दायर

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर आग्रह किया गया है कि चार जून को चुनाव परिणाम के दिन शेयर बाजार में आई भारी गिरावट पर केंद्र और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया जाए।

वकील विशाल तिवारी की याचिका में सरकार और सेबी को अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में जनहित याचिका पर न्यायमूर्ति एएम सप्रे की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ समिति के सुझाव पर विचार करने को 3 जनवरी को दिए आदेशों पर एक स्थिति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देने का आग्रह किया गया है। कोर्ट ने कहा था कि केंद्र और सेबी को समिति के सुझावों पर विचार करना तथा नियामक ढांचे को मजबूत, निवेशकों की सुरक्षा व प्रतिभूति बाजार का कामकाज सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कार्रवाई करनी चाहिए।

**एक नजर**

### महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने में 6 गिरफ्तार

लातूर (महाराष्ट्र), नौ जून (भाषा) महाराष्ट्र के लातूर जिले में 30–वर्षीय एक महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि विट्ठल नगर की रहने वाली अनीता बालाजी लश्करे ने छह जून को कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि महिला के पिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार को मामला दर्ज किया। पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी और दामाद को उनके रिश्तेदार परेशान करते और धमकी देते थे।

### छत्तीसगढ़ में सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ में रायगढ़ जिले के लैलूंगा थाना क्षेत्र में रविवार को सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। लैलूंगा थाना क्षेत्र के घरघोड़ा रोड पर 3 लोग बाइक से पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घरघोड़ा की तरफ जा रहे थे तभी गोसाईडीह अंगेकेला मोड़ के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। मोटर साइकिल के तेज गति में होने के कारण हादसे में दो व्यक्तियों की मौके पर मौत हो गई है वही एक अन्य घायल तीसरे युवक की हॉस्पिटल में मौत होने की जानकारी मिल रही है।

## किसानों ने महिला कांस्टेबल के समर्थन में निकाला मार्च

चंडीगढ़, एजेंसी

संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा सहित कई किसान संगठनों ने रविवार को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की उस महिला कांस्टेबल के समर्थन में मोहाली में मार्च निकाला, जिसने बॉलीवुड अभिनेत्री एवं भाजपा सांसद कंगना रनौत को कथित तौर पर थप्पड़ मारा था।

किसान नेताओं ने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और महिला कांस्टेबल कुलविंदर कौर के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। मोहाली के गुरुद्वारा अम्ब साहिब से शुरू हुए मार्च के मद्देनजर पर्याप्त सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया था।

किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और यह पता लगाया जाना चाहिए कि इस घटना का कारण क्या था। महिला कांस्टेबल के साथ कोई अन्याय नहीं होना चाहिए। किसान नेताओं ने पंजाब के लोगों के खिलाफ कथित भड़काऊ बयान देने के लिए रनौत की आलोचना की। कौर किसानों के विरोध प्रदर्शन पर रनौत के रुख से नाराज थीं। हवाई अड्डों पर सुरक्षा प्रदान करने वाले सीआईएसएफ ने भी घटना की कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए हैं। मोहाली पुलिस ने कौर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दोनों ही जमानती अपराध हैं।

**कंगना थप्पड़ विवाद**

- **किसानों ने पंजाब के लोगों के खिलाफ बयान पर रनौत की आलोचना की**

कंगना ने गुरुवार को वीडियो संदेश में कहा था कि चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान सीआईएसएफ की एक कांस्टेबल ने उन्हें थप्पड़ मारा और उनके साथ दुर्व्यवहार किया। हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से निर्वाचित होने के दो दिन बाद यह घटना हुई थी। कंगना ने कहा था, कांस्टेबल बगल से उनकी ओर आई तथा उसने मेरे चेहरे पर (थप्पड़) मारा और मुझे गालियां देनी शुरू कर दी। मैंने उससे पूछा कि उसने ऐसा क्यों किया तो उसने कहा कि वह किसानों के विरोध प्रदर्शन का समर्थन करती है।

### कंगना ने किया हिमाचल पुलिस महानिदेशक से सुरक्षा का अनुरोध

**शिमला।** अभिनेत्री से सांसद बनीं कंगना रनौत ने हाल ही में चंडीगढ़ हवाईअड्डे पर उन्हें कथित तौर पर थप्पड़ मारे जाने की घटना के बाद हिमाचल के पुलिस महानिदेशक से सुरक्षा प्रदान करने का अनुरोध किया है। सीआईएसएफ की कांस्टेबल ने शुक्रवार को रनौत को कथित तौर पर थप्पड़ मार दिया था। घटना के बाद सांसद ने पुलिस महानिदेशक अतुल वर्मा को भेजे गए ईमेल में अनुरोध किया कि खतरे को देखते हुए उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए। महानिदेशक ने सांसद को बताया कि खतरे का आकलन करने के बाद राज्य कानून–व्यवस्था इकाई द्वारा सुरक्षा प्रदान करने के लिए कार्रवाई की जाएगी।

## बीजद की हार के बाद पांडियन ने राजनीति से लिया संन्यास

**भुवनेश्वर।** पूर्व नौकरशाह वीके पांडियन ने राजनीति में आने के ठीक छह महीने और 13 दिन बाद संन्यास लेने की रविवार को घोषणा की और कहा कि वह ओडिशा को अपने दिल में तथा गुरु नवीन बाबू को अपनी सांसों में रखेंगे। पांडियन ने वीडियो संदेश में कहा कि राजनीति में आने का उनका मकसद नवीन पटनायक की सहायता करना था और यही कारण है कि उन्होंने 2024 का चुनाव नहीं लड़ा।



- **पूर्व नौकरशाह वीके पांडियन ने राजनीति में आए छह महीने और 13 दिन के बाद की घोषणा**

पांडियन ने चुनावों में हार के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराए जाने की स्थिति में लोगों, बीजू जनता दल (बीजद) नेताओं व कार्यकर्ताओं से माफी मांगी। उन्होंने कहा कि राजनीति में आने का मेरा एकमात्र मकसद नवीन बाबू की सहायता करना था। अब मैंने सक्रिय राजनीति छोड़ने का फैसला किया है। यदि इस सफर में मैंने किसी को कोई ठेस पहुंचाई हो, तो मुझे माफ कर दें। यदि मेरे खिलाफ विमर्श ने बीजद की हार में कोई भूमिका निभाई है, तो मुझे खेद है। चुनाव प्रचार के दौरान पांडियन ने कहा था कि अगर पार्टी अध्यक्ष पटनायक विधानसभा चुनाव के बाद छठी बार ओडिशा के मुख्यमंत्री नहीं बने, तो वह राजनीति छोड़ देंगे। पांडियन ने झाड़सुगुडा जिले के ब्रजराजनगर में रैली में घोषणा की थी, भाजपा कहती हैं कि ओडिशा में भाजपा की लहर है और परिवर्तन की लहर है, लेकिन मैं दृढ़ता से कहता हूं कि अगर पटनायक एक बार फिर मुख्यमंत्री नहीं बने तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा। बीजद प्रमुख नवीन पटनायक ने पांडियन के खिलाफ जारी आलोचना को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया और शानदार काम करने के लिए उनकी सराहना की। पटनायक ने स्पष्ट किया था कि पांडियन उनके उत्तराधिकारी नहीं हैं।

## मणिपुर के जिरीबाम में स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर के जिरीबाम जिले में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा दो पुलिस चौकियों और 70 मकानों को आग लगाने की घटना के बाद राज्य में रविवार को स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में रही।

पुलिस ने बताया कि शनिवार को हुई घटना के बाद प्रभावित इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात हैं। मणिपुर पुलिस ने कहा कि जिरीबाम जिले में हुई हिंसा के बाद स्थिति तनावपूर्ण, लेकिन नियंत्रण में है। इस हिंसा में उग्रवादियों ने दो पुलिस चौकियों, वन विभाग के एक कार्यालय और मेइती एवं कुकी समुदायों के लोगों के कई घरों को आग लगा दी थी।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि लमताई खुनौ, डिबोंग खुनौ, नुनखाल और बेगरा गांवों में 70 से अधिक मकानों में आग लगा दी गई। इसमें कहा गया है, पुलिस सोशल मीडिया पर साझा की जा रहीं पोस्ट पर भी सक्रिय रूप से नजर रख रही है, जिनसे समुदायों के बीच सांप्रदायिक भावनाएं भड़क सकती हैं। पुलिस आम जनता से अनुरोध करती है कि वह निराधार/असत्यापित सूचना फैलाने से बचे। जातीय संघर्ष से ग्रसित मणिपुर राज्य के जिरीबाम में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा एक 59 वर्षीय व्यक्ति की हत्या के बाद बृहस्पतिवार शाम को हिंसा भड़क उठी थी। अधिकारी ने बताया था कि सोइबम सरतकुमार सिंह नाम का व्यक्ति छह जून को अपने खेत जाने के बाद लापता हो गया था। बाद में उसका शव मिला, जिस पर नुकीली चीज से किए गए घाव के निशान थे।

**मणिपुर हिंसा**

- **उग्रवादियों के दो पुलिस चौकियों और 70 मकानों को आग लगाने के बाद से था तनाव**

### ट्रक में जा रही वस्तुओं में गुस्साई भीड़ ने लगा दी थी आग

पुलिस अधिकारी ने कहा कि इस बीच शनिवार देर रात सोरोक अटिंगबी खुनौ में गुस्साई भीड़ ने एक ट्रक को रोका और उसमें ले जाई जा रही आवश्यक वस्तुओं को कथित तौर पर आग लगा दी। मणिपुर में पिछले साल से मई से जारी हिंसा से अब तक जिरीबाम अप्रभावित रहा है। यहां भी मेइती, मुस्लिम, नगा, कुकी और गैर–मणिपुरी लोग रहते हैं। इंफाल के मेइती और पहाड़ी इलाकों के कुकी लोगों में पिछले साल मई से जारी जातीय हिंसा में 200 से अधिक की मौत हो गई है और हजारों बेघर हो गए हैं।

## रामोजी राव का हैदराबाद की फिल्म सिटी में किया गया अंतिम संस्कार

**हैदराबाद।** मीडिया जगत की हस्ती एवं रामोजी समूह के अध्यक्ष रामोजी राव का रविवार को हैदराबाद में अंतिम संस्कार कर दिया गया। रामोजी फिल्म सिटी में पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके बेटे किरण ने चिता को मुखाग्नि दी। रामोजी राव का शनिवार की सुबह यहां एक अस्पताल में निधन हो गया था। वह 88 वर्ष के थे। रामोजी राव के अंतिम संस्कार में तेदेपा प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू समेत कई नेता शामिल हुए। रामोजी राव ने समाचार पत्र ईनाडु और ईटीवी चैनल की शुरुआत करके आंध्र प्रदेश में मीडिया जगत में क्रांतिकारी बदलाव किया था।



## जल संकट को लेकर उपराज्यपाल सक्सेना आतिशी से करेंगे मुलाकात

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वी.के. सक्सेना सोमवार को जल मंत्री आतिशी से मुलाकात करेंगे और हरियाणा द्वारा मुनक नहर से अपर्याप्त पानी छोड़े जाने के मुद्दे पर चर्चा करेंगे। राजनिवास के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुनक नहर राष्ट्रीय राजधानी के पेयजल के प्राथमिक स्रोतों में से एक है। आतिशी ने इस मुद्दे पर आपातकालीन बैठक के लिए सक्सेना से समय मांगा था। इससे पहले एक्स पर एक पोस्ट में मंत्री ने कहा था कि दिल्ली को नहर से 1,050 क्यूसेक पानी मिलना चाहिए, लेकिन यह घटकर केवल 840 क्यूसेक रह गया है।

# कारोबार/कृषि

**हल्द्वानी मंडी**

चावल : शरबती- 65 मसूरी- 54 अंगूरी- 58 बासमती- 100 दाल दलहन :काला चना- 115-125 साबुत चना दाल- 65-85 मूंग साबुत- 97 राजमा- 158 दाल उड़द- 125 साबुत मसूर दाल- 68 मसूर दाल- 71 उड़द साबुत- 110-125 काबुली चना- 73-165 अरहर दाल- 160 लोबिया/करमानी- 81-100 सोयाबीन- 40 मूंगफली- 74-77 मटर (सूखी)- 55-61 मक्का- 18-23

### एफपीआई ने 14,800 करोड़ रुपये निकाले

**नई दिल्ली।** विदेशी निवेशकों ने इस महीने के पहले हफ्ते में घरेलू शेयरों से करीब 14,800 करोड़ रुपये निकाले। भारत के आम चुनाव के नतीजों और चीन के शेयरों के आकर्षक मूल्यांकन से प्रभावित होकर उन्होंने ऐसा किया। मॉरीशस से भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी से विदेशी निवेशकों ने मई में 25,586 करोड़ और अप्रैल में 8,700 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की थी।

# अमेरिका में ब्याज दर, घरेलू मुद्रास्फीति वैश्विक संकेत शेयर बाजारों को देंगे दिशा

## पिछले सप्ताह हुए चुनाव और आरबीआई नीति समीक्षा के बीच बाजार में दिखा उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका में फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले, घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़े और वैश्विक रुझान इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल तय करेंगे। विश्लेषकों के अनुसार पिछले सप्ताह आम चुनाव के नतीजों और आरबीआई नीति समीक्षा के बीच बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। बाजार मजबूत लाभ के साथ बंद हुए, लेकिन उससे पहले भारी गिरावट भी हुई।

बीते सप्ताह में बीएसई सेंसेक्स 2,732.05 अंक या 3.69 प्रतिशत बढ़ा, जबकि निफ्टी 759.45 अंक या 3.37 प्रतिशत चढ़ा। शुक्रवार को दिन के कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,720.8 अंक या 2.29 प्रतिशत उछलकर 76,795.31 के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स 1,618.85 अंक या 2.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,693.36 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। स्वास्तिक इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौर ने कहा कि लोकसभा चुनाव और आरबीआई नीति समीक्षा के नतीजे आ चुके हैं। अब निवेशकों का ध्यान वैश्विक कारकों पर है। इस सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले, डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल, कच्चे तेल और जिंस की कीमतों से बाजार की चाल तय होगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) के निवेश पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी।



### 8 कंपनियों का बाजार मूल्यांकन 3.28 लाख करोड़

**नई दिल्ली।** पिछले सप्ताह 10 सबसे मूल्यवान घरेलू कंपनियों में आठ ने अपने बाजार मूल्यांकन में कुल मिलाकर 3.28 लाख करोड़ रुपये जोड़े। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर और रिलायंस इंडस्ट्रीज को सर्वाधिक लाभ हुआ। उतार–चढ़ाव से भरे सप्ताह में सेंसेक्स 2,732.05 अंक या 3.69 प्रतिशत उछल गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) और आईटीसी को लाभ हुआ। इन कंपनियों ने कुल 3,28,116.58 करोड़ रुपये जोड़े। एसबीआई और एलआईसी के बाजार मूल्यांकन में गिरावट हुई।

## एनसीएलटी ने हिमालयन मिनरल वाटर पर दिवाला कार्रवाई की शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने हिमालयन मिनरल वाटर्स के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया है। इसमें एलईईएल इलेक्ट्रिकल्स के लिए दी गई कॉरपोरेट गारंटी की चूक के लिए जम्मू और कश्मीर बैंक की याचिका को स्वीकार कर लिया गया है।

एनसीएलटी की इलाहाबाद पीठ ने देहरादून स्थित कंपनी की कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के लिए भूपेश गुप्ता को अंतरिम समाधान पेशेवर (आईआरपी) भी नियुक्त किया है। दो सदस्यों वाली पीठ ने पिछले सोमवार को दिए आदेश में कहा कि हम इस बात से संतुष्ट हैं कि आवेदक/वित्तीय ऋणदाता (जेएंडके बैंक) ने ऋण और चूक को साबित कर दिया है, जो कि निर्धारित सीमा से अधिक है धारा 7 के तहत आवेदन कॉरपोरेट कर्जदार (हिमालयन मिनरल वाटर्स) के खिलाफ सीआईआरपी शुरू करने के लिए उपयुक्त पाया गया है।




- **न्यायाधिकरण की इलाहाबाद पीठ ने सीआईआरपी के लिए नियुक्त किया आईआरपी**

जम्मू और कश्मीर बैंक ने पेय पदार्थों के विनिर्माण के व्यवसाय में लगी हिमालयन मिनरल वाटर्स के खिलाफ 50 करोड़ रुपये के चूक का दावा किया था। हिमालयन मिनिरल वाटर्स एलईईएल इलेक्ट्रिकल्स द्वारा प्राप्त ऋण सुविधाओं के लिए कॉरपोरेट गारंटर थी।

## भारत के पीसी बाजार में आसुस को दिख रहे बड़े अवसर

**ताइपे।** भारत का पर्सनल कंप्यूटर (पीसी) बाजार बाकी दुनिया से बेहतर है और लोगों तक उपकरणों की कम पहुंच ताइवान की प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनी आसुस के लिए वृद्धि का अच्छा अवसर दे रही है।

आसुस इंडिया के उपभोक्ता और गेमिंग पीसी के उपाध्यक्ष अर्नोल्ड सु ने बताया कि भारत में प्रति घर पीसी की पहुंच 10 से 11 प्रतिशत है। करीब 90 प्रतिशत भारतीय घरों में अभी भी पीसी नहीं है, जिसका मतलब है कि यह हमारे लिए बहुत अच्छा अवसर है। अगर आप आज भारत में देखें, तो 750 जिलों में से हम लगभग 450 जिलों तक पहुंच बना चुके हैं। एशिया-प्रशांत पीसी कारोबार इकाई के लिए आसुस के महाप्रबंधक पीटर चांग ने बताया कि कोविड महामारी के बाद, कंपनी को वैश्विक स्तर पर और भारत में पीसी की मांग में बहुत सकारात्मक संकेत नहीं मिले हैं।

## बजट में स्टार्टअप के लिए वाणिज्य मंत्रालय मांग सकता है ज्यादा राशि

नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय देश में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए नई सरकार द्वारा घोषित आगामी बजट में स्टार्टअप के लिए अधिक धनराशि की मांग कर सकता है। नई सरकार 2024-25 के लिए जुलाई में बजट पेश कर सकती है।

अप्रैल, 2021 में 945 करोड़ की राशि के साथ घोषित सीड फंड योजना 2025 में समाप्त हो जाएगी। मंत्रालय इसी तर्ज पर एक नई योजना प्रस्तावित करने पर विचार कर सकता है। सीड फंड योजना का उद्देश्य स्टार्टअप्स को अवधारणा के प्रमाण, प्रोटोटाइप विकास, उत्पाद परीक्षण, बाजार में प्रवेश और व्यावसायीकरण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना था। इस निधि को भारत भर में इनक्यूबेटरों के माध्यम से पात्र स्टार्टअप्स को शुरुआती वित्तपोषण प्रदान करने के लिए चार वर्षों में विभाजित किया गया था। अधिकारी ने कहा कि किसी उद्यम की वृद्धि के प्रारंभिक चरण में उद्यमियों के लिए पूंजी की आसान उपलब्धता जरूरी है। देश में 1.17 लाख से ज़्यादा सरकारी पंजीकृत स्टार्टअप हैं।

- **नई सरकार 2024-25 के लिए जुलाई में पेश कर सकती है बजट**

## ओएनजीसी को मुंबई हाई तेल क्षेत्र के लिए विदेशी भागीदारों की तलाश

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) अपने प्रमुख तेल क्षेत्र मुंबई हाई में घटते उत्पादन की स्थिति बदलने के लिए विदेशी भागीदारों की तलाश कर रही है। इसके लिए उन्हें बढ़े हुए उत्पादन से राजस्व का एक हिस्सा और एक निश्चित शुल्क की पेशकश की गई है। हालांकि, कोई इक्विटी हिस्सेदारी नहीं दी जाएगी।

ओएनजीसी ने एक जून को एक अंतर्राष्ट्रीय निविदा जारी की, जिसमें कम से कम 75 अरब अमेरिकी डॉलर के वार्षिक राजस्व वाले वैश्विक तकनीकी सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) को आमंत्रित किया गया।

## डोसा, इडली बनाने के मिश्रण पर देना होगा 18% जीएसटी : जीएएआर

नई दिल्ली, एजेंसी

इडली, डोसा और खमन बनाने के मिश्रण को सत्तू के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है और उन पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया जाना चाहिए। गुजरात अग्रिम निर्णय अपीलीय प्राधिकरण (जीएएआर) ने यह फैसला सुनाया है।

गुजरात स्थित किचन एक्सप्रेस ओवरसीज लिमिटेड ने प्राधिकरण के फैसले के खिलाफ एएआर से संपर्क किया था। कंपनी ने कहा था कि उसके 7 इंस्टेंट आटा मिक्स तैयार भोजन नहीं है और उन्हें खाना पकाने की कुछ प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। कंपनी गोटा, खमन, दालवाड़ा, दही-वड़ा, ढोकला, इडली और डोसा के मिश्रण को पाउडर के रूप में बेचती है। जीएएआर ने अपीलकर्ता की दलील को खारिज करते हुए कहा कि इंस्टेंट आटा मिक्स बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री जीएसटी नियमों के तहत नहीं है, जैसे सत्तू के मामले में। सीबीआईसी के परिपत्र के अनुसार सत्तू पर 5% जीएसटी है। जीएएआर ने कहा कि उत्पादों में मसाले और अन्य सामग्री भी शामिल हैं, जबकि सत्तू के मामले में ऐसा नहीं है।

- **पाउडर के मिश्रण को सत्तू के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है**

## चार वर्षों में यात्री वाहनों का निर्यात 2.68 लाख इकाई बढ़ा

नई दिल्ली, एजेसी

पिछले चार वित्त वर्षों में भारत से यात्री वाहनों के निर्यात में 2.68 लाख इकाई की वृद्धि हुई है। इस बढ़े हुए निर्यात में मारुति सुजुकी इंडिया की हिस्सेदारी लगभग 70 प्रतिशत है।

उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2020-21 में यात्री वाहनों का निर्यात 4,04,397 इकाई रहा। यह वित्त वर्ष 2021-22 में बढ़कर 5,77,875 इकाई और वित्त वर्ष 2022-23 में 6,62,703 इकाई हो गया। बीते वित्त वर्ष में निर्यात 6,72,105 इकाई रहा, जो 2020-21 के मुकाबले 2,67,708 इकाई अधिक है। इस निर्यात वृद्धि में मारुति सुजुकी ने 70 प्रतिशत का योगदान दिया है। मारुति सुजुकी के निर्यात में वित्त वर्ष 2020-21 और वित्त वर्ष 2023-24 के बीच 1,85,774 इकाई की वृद्धि हुई।




- **निर्यात में मारुति सुजुकी इंडिया की हिस्सेदारी लगभग 70 प्रतिशत**
- **यात्री वाहनों का निर्यात बढ़कर 2022-23 में 6,62,703 इकाई हुआ।**

इस बारे में मारुति सुजुकी इंडिया के कॉरपोरेट मामलों के कार्यकारी अधिकारी राहुल भारती ने कहा कि अधिक मॉडलों की पेशकश करने, वैश्विक उत्पादन मानकों का पालन करने और टोयोटा के साथ गठजोड़ से निर्यात को बढ़ाने में काफी मदद मिली। उन्होंने कहा कि कंपनी वर्तमान में दुनिया भर के लगभग 100 देशों में यात्रा वाहनों का निर्यात कर रही है। कंपनी के शीर्ष विदेशी बाजारों में दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, चिली और मैक्सिको भी शामिल हैं। हुंदै ने वित्त वर्ष 2023-24 में 1,63,155 इकाई और 2022-23 में 1,53,019 इकाई निर्यात की।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिवादन स्वीकार करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। ● एजेंसी


प्रधानमंत्री आवास में अपनी नवनिर्वाचित कैबिनेट के सदस्यों को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी



युद्ध स्मारक में शहीदों को नमन करते मोदी। ● एजेंसी


राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ समारोह में पहुंचा संत समाज। ● एजेंसी


मोदी के शपथ लेती ही भाजपाइयों ने पटाखे चलाकर जश्न मनाया। ● एजेंसी

# शपथ से पहले युद्ध स्मारक, राजघाट व सदैव अटल जाकर अर्पित की श्रद्धांजलि

## तीसरी बार मोदी के शपथ लेते ही झूमे भाजपाई, दिनभर गठबंधन के साथ चलीं बैठकें

**नई दिल्ली, एजेंसी**


तीसरी बार शपथ से पूर्व नरेंद्र मोदी ने रविवार सुबह राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की समाधि सदैव अटल तथा महात्मा गांधी की समाधि राजघाट जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके साथ केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री रहे हरदीप सिंह पुरी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के शीर्ष अधिकारी भी राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर मौजूद थे।

वहीं हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नरेंद्र मोदी को तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई देते हुए कहा कि यह भाजपा समेत पूरे देश के लिए गौरव की बात है। ठाकुर ने भाजपा


समारोह में पहुंची कंगना रनौत। ● एजेंसी

और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को अपार जनसमर्थन देने के लिए देशवासियों का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी का प्रधानमंत्री के रूप में तीसरा कार्यकाल ऐतिहासिक होगा। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मध्यप्रदेश से केन्द्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किए गए शिवराज सिंह चौहान, वीरेंद्र कुमार और ज्योतिरादित्य सिंधिया को बधाई दी है। डॉ यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया सभी को अनंत बधाई दी।

**जम्मू के जौहरी ने तीन किलो चांदी से कमल का फूल बनाया : जम्मू।** भाजपा से संबद्ध जम्मू के एक जौहरी ने नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में रविवार को तीसरी बार शपथ ग्रहण करने पर उनके लिए चांदी से बना तीन किलोग्राम का कमल का फूल तैयार किया है। कमल भाजपा का चुनाव चिह्न है। जम्मू के बाहरी इलाके में स्थित मुथी गांव के निवासी रिंकू चौहान ने कहा कि मोदी को यह अनोखा उपहार देने का विचार उनके दिमाग में तब आया, जब भाजपा सरकार ने जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को हटाने का अपना वादा अगस्त 2019 में पूरा किया और उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कराया।



पुरी में समुद्र तट पर कलाकार सुदर्शन पटनायक द्वारा रेत में उकेरी गई मोदी की तस्वीर।


प्रशंसक द्वारा बनाई गई तस्वीर जिसने हर किसी का मन मोह लिया। ● एजेंसी

## एक नजर

### चीन में कृषि प्रशिक्षण लेंगे पाकिस्तानी छात्र

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि कृषि क्षेत्र में आधुनिक प्रशिक्षण लेने के लिए एक हजार विद्यार्थी चीन भेजे जाएंगे। शरीफ ने चीनी शहर शिआन में एग्रीकल्चर डेमोसट्रेशन बेस की यात्रा के दौरान शनिवार को यह ऐलान किया। प्रधानमंत्री चीन की पांच दिन की यात्रा पर थे। शरीफ ने चीन के उत्तर पश्चिमी कृषि एवं वानिकी विश्वविद्यालय को पाकिस्तान में अपना परिसर खोलने के लिए भी आमंत्रित किया। जियो न्यूज़ ने खबर दी है कि उन्होंने चीन में पाकिस्तान के राजदूत और संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में चीनी अधिकारियों के साथ मामलों को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया।

### अमेरिका ने नाइजीरिया से सैनिकों की वापसी शुरू की

**नियामी।** अमेरिका ने नाइजीरिया से अपने सैनिकों को वापस बुलाना शुरू कर दिया है। दोनों देशों के रक्षा मंत्रालयों ने शनिवार को एक संयुक्त बयान में यह जानकारी दी। अमेरिकी रक्षा विभाग और नाइजर गणराज्य के नाइजीरियाई राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की है कि नाइजर से अमेरिकी सेना और संपत्ति की वापसी प्रारंभिक तैयारियों से लेकर पुन: तैनाती तक बढ़ गई है। यह महत्वपूर्ण परिवर्तन अमेरिकी वायु सेना के सी-17 ग्लोबमास्टर 3 के 7 जून 2024 को नियामी में हवाई अड्डा 101 से प्रस्थान के साथ शुरू हुआ। बयान में कहा गया है कि इसके अलावा कुछ अमेरिकी सेनाएं अपने मिशन समाप्त करने के बाद पहले ही नाइजर से अपने गृह स्टेशनों पर फिर से तैनात हो चुकी हैं।

### पाकिस्तान में आतंकवादी हमले में छह सैनिक मारे गए

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को हुए आतंकवादी हमले में एक कैप्टन समेत कम से कम छह पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। यह घटना उस समय हुई जब सुरक्षाकर्मियों का काफिला प्रांत के कच्ची कमर, सरबंद पोस्ट लक्की मरवात की ओर बढ़ रहा था। उसी दौरान आतंकवादियों ने काफिले पर हमला कर दिया। पहले आतंकवादियों ने आईईडी विस्फोट किया और बाद में काफिले पर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने बताया, हमले में एक कैप्टन समेत कुल छह सैनिक शहीद हो गए।

### यूरोपीय संसद के लिए 20 यूरोपीय देशों में मतदान शुरू

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संसद के पांच साल के कार्यकाल के लिए यूरोपीय संघ (ईयू) के 20 देशों में रविवार को मतदान शुरू गया। यूरोपीय संसद के 720 सदस्यों को चुनने के लिए नागरिक मतदान करेंगे। सदन में सीट जनसंख्या के आधार पर आवंटित की जाती हैं। माल्टा एवं लक्जमबर्ग की सदन में सबसे कम छह और जर्मनी की सबसे अधिक 96 सीट हैं। हर पांच साल में होने वाले चुनावों के आधिकारिक नतीजे यूरोपीय संघ के 27 देशों के मतदान प्रक्रिया पूरी होने से पहले प्रकाशित नहीं किए जा सकते।

# लेबनान में इजरायल का हवाई हमला

**बेरूत, एजेंसी**

● चार की गई जान, आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल

दक्षिणी लेबनान के गांवों पर शनिवार को इजरायली हवाई हमलों में हिजबुल्लाह के दो सदस्यों सहित चार लोग मारे गए और छह से ज्यादा घायल हो गए। लेबनान के सैन्य सूत्रों ने कहा कि इजरायली युद्धक विमान ने हौला गांव में एक घर को निशाना बनाया था। हवा से सतह पर मार करने वाली दो मिसाइलों के साथ एतारौन गांव के एक वाणिज्यिक बाजार को निशाना बनाया गया।

हिजबुल्लाह और इजरायली सेना के बीच तनाव तब बढ़ गया जब इजरायल ने उसके खिलाफ एक बड़े हमले के लिए अपनी सेना तैनाती करने की घोषणा की। यह घोषणा बीते बुधवार को कब्जे वाले सीरियाई गोलान हाइट्स में अल-कोश बस्ती के दक्षिण में एक इजरायली सभा पर हिजबुल्लाह द्वारा ड्रोन हमले के बाद की गई। हमास के साथ एकजुटता दिखाने के लिए हिजबुल्लाह द्वारा इजरायल की ओर लॉन्च किए गए रॉकेटों की बौछार के बाद आठ अक्टूबर 2023 से लेबनान-इजरायल सीमा पर दोनों पक्षों के बीच टकराव बढ़ गया।



### इजरायल के साथ सहयोग बंद करें इस्लामिक देश

**तेहरान।** ईरान के कार्यवाहक विदेश मंत्री अली बघेरी ने कहा कि इस्लामिक देशों को इजरायल के साथ राजनीतिक एवं आर्थिक सहयोग बंद कर देना चाहिए। इस्लामी देशों द्वारा की जाने वाली सबसे प्रभावी पहल इजरायली शासन के साथ राजनीतिक और आर्थिक सहयोग बंद करना और इसके साथ सभी आयात और निर्यात का बहिष्कार करना होगा।

### कतर, मिस्र ने हमास को परिणाम भुगतने की धमकी दी

**दोहा।** कतर और मिस्र ने अमेरिकी प्रशासन के निर्देश पर फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के नेताओं को धमकी दी है कि यदि वे इजरायल के साथ युद्धविराम के लिए सहमत नहीं हुए तो उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है, संपत्ति जब्त की जा सकती है, प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं और दोहा में उनकी शरणस्थली से निष्कासन किया जा सकता है। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने सूत्रों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी है। हालांकि रिपोर्ट में कहा गया है कि इन प्रयासों के विपरीत परिणाम सामने आए है और हमास ने कहा है कि वह ऐसे सौदे पर सहमत नहीं होगा जो उसकी शर्तों को पूरा नहीं करते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पिछले हफ्ते कहा था कि इजरायल ने हमास को एक रोड मैप के साथ एक नया तीन-चरण का प्रस्ताव दिया, जिससे गाजा पट्टी में शत्रुता की स्थायी समाप्ति होगी और सभी बंधकों की रिहाई होगी। प्रस्ताव के पहले चरण में पूर्ण युद्धविराम, सभी गाजा आबादी केंद्रों से इजरायली सैनिकों की वापसी और हमास द्वारा बंधक बनाए गए कुछ लोगों की रिहाई, जिनमें घायल, बुजुर्ग और महिलाएं शामिल हैं के साथ-साथ जेलों से हिरासत में लिए गए फिलिस्तीनियों की रिहाई शामिल है।

### अमेरिकी खुफिया डेटा ने इजरायली बंधकों को मुक्त कराने में की मदद

**वाशिंगटन।** अमेरिका के खुफिया डेटा ने इजरायल को गाजा पट्टी में बंधक बनाकर रखे गए चार लोगों का पता लगाने एवं उन्हें बचाने में मदद की है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी है। आईडीएफ ने नोवा संगीत समारोह से अपहरण किए गए चार बंधकों को बचाया था। बंधकों के स्वास्थ्य की स्थिति अच्छी है और उन्हें आगे की चिकित्सा जांच के लिए अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है।

## सोमाली सेना ने अल-शबाब के 47 आतंकवादी ढेर

**मोगादिशु।** सोमालिया में सशस्त्र बलों ने देश के मध्य भाग में गलगुडुड प्रांत में कट्टरपंथी आतंकवादी संगठन अल-शबाब के 47 आतंकवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक सूचना मंत्रालय कहा कि ऑपरेशन के दौरान पांच सोमाली सैनिक भी मारे गए। अल-शबाब एक सोमालिया स्थित जिहादी आतंकवादी समूह है जो अल-कायदा आतंकवादी समूह से जुड़ा हुआ है।

● अल-कायदा आतंकवादी समूह से जुड़ा है अल-शबाब संगठन

यह समूह सोमाली सरकार के खिलाफ सशस्त्र प्रतिरोध छेड़ता है और देश में संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मिशनों में बाधा डालता है।

# मुंबई एयरपोर्ट पर हादसा टला एटीसी अधिकारी को हटाया

**मुंबई, एजेंसी**

● जिस रनवे पर इंडिगो का विमान उतरा उसी पर उड़ान भरने के लिए दौड़ा एयर इंडिया का जेट

महाराष्ट्र में मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सैकड़ों यात्रियों की जान उस समय बाल-बाल बची, जब इंडिगो एयरलाइंस का एक विमान उसी रनवे पर उतर गया, जहां से एयर इंडिया का एक जेट विमान तिरुवनंतपुरम के लिए उड़ान भरने तेजी से आगे बढ़ रहा था।

घटना का वीडियो तरुण शुक्ला नाम के एक यूजर ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, जिसके बाद यह मामला प्रकाश में आया। इससे मुंबई हवाई अड्डे पर सुरक्षा प्रोटोकॉल को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मुंबई से एक वायु यातायात नियंत्रण अधिकारी (एटीसीओ) को ड्यूटी से हटा दिया। इस बीच, इंडिगो एयरलाइंस ने एक बयान जारी करके दावा किया कि इंदौर से मुंबई जाने वाली फ्लाइट 6ई 6053 के पायलट ने एटीसी की ओर से दिये गए निर्देशों का पालन किया था। इंडिगो के एक प्रतिनिधि ने कहा 8 जून, 2024 को इंदौर से इंडिगो की उड़ान 6ई 6053 को मुंबई एयरपोर्ट पर एटीसी की ओर से लैंडिंग की मंजूरी दी गयी। पायलट ने एप्रोच और लैंडिंग जारी रखी और एटीसी के निर्देशों का पालन किया। इंडिगो में, यात्रियों की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है।

## उत्तर कोरिया के खिलाफ संदेश प्रसारित करेगा दक्षिण कोरिया

● गुब्बारों के जरिए कचरा फेंके जाने के जवाब में सीमावर्ती क्षेत्रों में लाउडस्पीकर से देगा संदेश

**सियोल।** उत्तर कोरिया द्वारा दक्षिण कोरिया में गुब्बारों के जरिए कचरा फेंके जाने के जवाब में दक्षिण कोरिया सीमावर्ती क्षेत्रों में उत्तर कोरिया के खिलाफ लाउडस्पीकर के जरिए संदेश प्रसारित फिर से शुरू करेगा।

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय ने बयान जारी कर बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा निदेशक चांग हो-जिन के नेतृत्व में रविवार को एक आपात सुरक्षा बैठक की गई जिसमें अधिकारियों ने यह फैसला लिया है। चांग और अन्य सुरक्षा अधिकारियों ने दक्षिण कोरिया के लोगों में घबराहट पैदा करने और शांति में खलल डालने के लिए उत्तर कोरिया की आलोचना की। साथ ही कहा कि भविष्य में दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने के लिए पूरी तरह उत्तर कोरिया ही जिम्मेदार होगा। सेना ने बताया कि सप्ताहांत में कचरे से भरे सैंकड़ों गुब्बारे सियोल की ओर भेजे थे। उत्तर कोरिया ने मई के अंत से अब तक तीसरी बार कूड़ा-कचरे वाले गुब्बारे भेजे।

## राजनीतिक सुलह में इमरान खान बाधा : नवाज शरीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कहा कि इमरान खान देश में राजनीतिक सुलह लिए मुख्य बाधा हैं। स्थानीय मीडिया के मुताबिक नवाज ने सांसदों के साथ एक बैठक के बाद यह टिप्पणी की। बैठक में इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के साथ बातचीत के मुद्दे पर चर्चा की गई। सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के अध्यक्ष शरीफ ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री खान खुद हमारे साथ मुद्दों को सुलझाने और बातचीत करने के लिए गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं, जिससे कोई निष्कर्ष नहीं निकल रहा है।



## नेपाल से प्रत्यर्पित मुख्य संदिग्ध से सीआईडी ने की पूछताछ

**कोलकाता, एजेंसी**

**बांग्लादेशी सांसद हत्याकांड**

सीआईडी ने बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या के मामले में नेपाल पुलिस द्वारा भारत प्रत्यर्पित किए गए मोहम्मद सियाम हुसैन से रविवार को पूछताछ शुरू की।

बांग्लादेशी नेता के शरीर के अंगों और अपराध को अंजाम देने के लिए इस्तेमाल किए गए हथियारों का पता लगाने में सीआईडी की सहायता के लिए हुसैन को कोलकाता के पास न्यू टाउन इलाके के उस फ्लैट में भी ले जाया गया जहां अनार को आखिरी बार 12 मई को देखा गया था। सीआईडी अधिकारी ने कहा हम हुसैन से पूछताछ कर रहे हैं। सांसद की तलाश छह दिन बाद तब शुरू हुई जब उत्तरी कोलकाता के बारानगर के निवासी और बांग्लादेशी नेता के परिचित गोपाल विश्वास ने 18 मई को स्थानीय पुलिस में शिकायत दर्ज करायी। अनार यहां आने के बाद विश्वास के घर पर रुके थे। विश्वास ने कहा कि अनार 13 मई की दोपहर को चिकित्सक से मिलने के लिए बारानगर आवास से निकले थे।

## मुठभेड़ में त्रिपुरा सीमा पर बंगलादेशी तस्कर की मौत

**अगरतला।** त्रिपुरा के सिपाहीजला जिले के कलामचौरा इलाके में किराने के सामान की तस्करी की कोशिश कर रहे तेजधार हथियारों से लैस बंगलादेशी नागरिक रविवार को सीमा सुरक्षा बल के हाथों मारा गया। बीएसएफ ने कहा कि सुबह 7:30 बजे तस्करों के एक समूह को सीमा पार बंगलादेश में तस्करी की कोशिश करते हुए देखा।


तस्कर सीमा बाड़ की दोनों ओर थे। बीएसएफ ने उन्हें रोकने की चुनौती दी, तो तस्करों ने चेतावनियों को नजरअंदाज कर दिया और हमलावर हो गए। तस्करों ने ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के जवानों को घेरने की कोशिश की, उनका उद्देश्य उन पर हमला करना और उनका हथियार जब्त करना था। अपने जीवन और सरकारी संपत्ति के खतरे को भांपते हुए बीएसएफ के एक जवान ने आत्मरक्षा में एक गैर-घातक पीएजी राउंड फायर किया।

# ईरान में राष्ट्रपति पद की दौड़ में छह उम्मीदवारों को मंजूरी

**दुबई, एजेंसी**

ईरान की संरक्षक परिषद (गार्जियन काउंसिल) ने रविवार को कट्टरपंथी संसद अध्यक्ष और पांच अन्य को देश में 28 जून को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने की मंजूरी दे दी। यह चुनाव एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना के बाद हो रहा है।

हादसे में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और सात अन्य लोग मारे गए थे। परिषद ने पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद को एक बार फिर चुनाव लड़ने से रोक दिया है, जो एक चरमपंथी लोकप्रिय नेता हैं तथा 2009 में अपने विवादित पुनर्निर्वाचन के बाद की गई दमनात्मक कार्रवाई के लिए जाने जाते हैं। परिषद का यह निर्णय रईसी की जगह लेने के लिए दो सप्ताह के संक्षिप्त अभियान की शुरुआत है। रईसी सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली



खामनेई के कट्टरपंथी समर्थक थे जिन्हें कभी 85 वर्षीय धर्मगुरु के संभावित उत्तराधिकारी के रूप में पेश किया गया था। संरक्षक परिषद मौलवियों और न्यायविदों का एक समूह है जिसकी कमान खामनेई के हाथों में है। परिषद द्वारा अनुमोदित उम्मीदवारों के चयन से लगता है, ईरान के शिया धर्मतंत्र को उम्मीद है कि हाल ही में हुए चुनावों में रिकॉर्ड कम मतदान तथा देश के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम और इजरायल-हमास युद्ध के कारण अब भी कायम तनाव को देखते हुए चुनाव आसानी से हो जाएंगे।

## अदन की खाड़ी में मालवाहक जहाज पर मिसाइल से हमला


**दुबई।** अदन की खाड़ी में एंटीगुआ और बारबुडा के झंडे वाले एक मालवाहक पोत पर संदिग्ध रूप से यमन के हूती विद्रोहियों ने रविवार को हमला किया। निजी सुरक्षा कंपनी एम्ब्रे ने बताया कि मिसाइल जहाज के आगे के हिस्से पर गिरी जिससे उसमें आग लग गई लेकिन जहाज पर सवार लोगों ने आग पर काबू पा लिया। एक और मिसाइल दागी गई लेकिन यह जहाज पर नहीं गिरी।

इसके बाद आस-पास छोटी नौकाओं पर सवार लोगों ने पोत पर गोलीबारी की। ब्रिटेन की सेना के यूनाइटेड किंगडम समुद्री व्यापार परिचालन केंद्र ने भी शनिवार देर रात अदन के समीप उसी क्षेत्र में हमले की सूचना दी लेकिन उसने इसके बारे में विस्तार से कोई जानकारी नहीं दी। हूती विद्रोहियों ने लगभग एक दशक पहले यमन की राजधानी पर कब्जा कर लिया था और इसके बाद से ही वह सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन से लड़ रहा है।

# बॉलीवुड हलचल

## योद्धा के बाद फिर एक्शन फिल्म में काम करेंगे सिद्धार्थ

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा योद्धा के बाद एक बार फिर एक्शन फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। इस एक्शन फिल्म के लिए निर्माता मुराद खेतानी के साथ हाथ मिलाया है। फिल्म का निर्देशन बलविंदर सिंह जंजुआ करेंगे। सिद्धार्थ की इस फिल्म का टाइटल अभी नहीं रखा गया है। वहीं, मुराद खेतानी सिने एक स्टूडियो के साथ अपने मूवी टनल प्रोडक्शंस के तहत इसका निर्माण करने वाले हैं। यह एक एक्शन, रोमांस और ड्रामा से भरपूर फिल्म होने वाली है। फिल्म का काम इस समय प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है। इसके बाद सितंबर के आसपास उत्तराखंड में इसकी शूटिंग शुरू हो सकती है।



## खूबसूरती को बहुत ही स्वाभाविक तरीके से देखती हैं करीना कपूर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर का कहना है कि वह खूबसूरती को बहुत ही स्वाभाविक तरीके से देखती है, जैसे-जैसे वक्त के साथ उनमें बदलाव आ रहे है, उसे वह अपना रही हैं। करीना कपूर बढ़ती उम्र के साथ खुद को अपनाने में यकीन करती हैं। करीना कपूर ने बताया, खूबसूरती देखने वालों की नजरों में होती है। हर किसी का इसको देखने का एक नजरिया होता है। मैं खूबसूरती को बहुत ही स्वाभाविक तरीके से देखती हूं। मैंने हमेशा खुद से प्यार किया है, खुद को उम्र के हर पड़ाव पर अपनाया है। आज भी कर रही हूं। जैसे-जैसे मेरी उम्र बढ़ रही है, मैं और खूबसूरत महसूस कर रही हूं। करीना ने कहा मेरा ज्यादा समय अपने परिवार और बच्चों के साथ बीतता है। वही है, जो मुझे सबसे ज्यादा सुकून पहुंचाते हैं।



## गुजराती फिल्म फक्त पुरुषों माते में नजर आएंगे अमिताभ बच्चन

**मुंबई।** अभिनेता अमिताभ बच्चन आगामी गुजराती फिल्म फक्त पुरुषों माते में एक छोटी सी भूमिका निभाते नजर आएंगे। निर्माताओं ने यह जानकारी दी। बच्चन इससे पहले इस श्रृंखला की पहली फिल्म फक्त महिलाओ माते (2022) में दिखाई दिए थे, जिसमें उन्होंने कथावाचक की भूमिका निभाई थी। 81 वर्षीय अभिनेता फिल्म में भगवान की भूमिका निभाएंगे। आनंद पंडित और वैशाल शाह द्वारा निर्मित इस फिल्म का लेखन और निर्देशन जय बोडास और पार्थ त्रिवेदी ने किया है। इस फिल्म में यश सोनी, मित्रा गढ़वी, ईशा कंसारा और दर्शन जरीवाला मुख्य भूमिका में हैं।

